निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



जेपीएससी परीक्षा अनियमितता में तीन गिरफ्तार

• बोकारो, शनिवार, 25 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 69 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# उत्पाद विभाग के खाली पदों को जल्द भरने का सीएम ने दिया निर्देश

### अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज करने को कहा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग में सृजित सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया है। साथ ही विभाग के गोदाम निर्माण कार्यों में स्थानीय आदिवासी समुदाय को प्राथमिकता देने और उन्हें पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव अमिताभ कौशल, उत्पाद आयुक्त संदीप सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति, राजस्व संग्रहण सहित राज्य में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं तस्करी पर रोक लगाए जाने को लेकर की जा रही कार्रवाई पर चर्चा हुई।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में अवैध शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री और तस्करी पर पूरी कठोरता से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध मदिरा का कारोबार न सिर्फ सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। इसलिए इस दिशा में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य 3,885.11 करोड़ रुपये को पार करते हुए 4,013.53 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 4,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है। जुलाई 2026 के मध्य तक विभाग ने 1,376 करोड़ रुपये का राजस्व जमा कर लिया है, जो वार्षिक लक्ष्य का 30.57% है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विभाग के गोदाम निर्माण कार्यों में स्थानीय आदिवासी युवाओं और समुदाय को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने उत्पाद विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से नियमित बहाली सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्याप्त और दक्ष मानव संसाधन के बिना विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव नहीं है। इसलिए रिक्तियों को शीघ्र भरा जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 583 उत्पाद सिपाहियों की नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखी जाए, जिससे विभाग की कार्यक्षमता बढ़े और जनसेवा बेहतर हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मदिरा परिवहन वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग और डिजिटल लॉक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वाहनों की रियल-टाइम निगरानी की जा सके तथा उनके मार्ग, ठहराव और गंतव्य की सटीक जानकारी प्राप्त हो सके।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिले में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। यह घटना भवनाथपुर थाना क्षेत्र में शिवपूजन फ्यूल्स पेट्रोल पंप के ठीक सामने हुई, जहां तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान आर्यन चौबे (सिंधिताली निवासी), प्रभात सिंह उर्फ पप्पू सिंह (धंगरडीहा मकरी निवासी) और रोहित सिंह, उम्र 24 साल (इंद्रदेव सिंह के बेटे, टंडवा निवासी) के तौर पर हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिलें विपरीत दिशाओं से तेज रफ्तार में आ रही थीं। शिवपूजन फ्यूल्स पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही वे आमने-सामने टकरा गईं। दुर्घटना के बाद वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन और एएसआई आशुतोष सिन्हा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लिया, उन्हें भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, कानूनी प्रक्रिया शुरू की और बाद में शवों को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। स्थिति को देखने से लगता है कि दोनों वाहन बहुत तेज रफ्तार में थे, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

# राहुल दूबे गैंग से पुलिस की मुठभेड़, दो बदमाश गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पगार ओपी इलाके में शुक्रवार तड़के पुलिस और राहुल दूबे गैंग के सक्रिय सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस ने गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान एक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसे तत्काल पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए बड़कागांव अस्पताल भेजा गया। आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, तीन मोबाइल फोन और एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक को 23/24 जुलाई की रात सूचना मिली थी कि केरेडारी थाना (पगार ओपी) क्षेत्र में चंद्रगुप्त कोल खनन परियोजना के परिवहन मार्ग तथा बुकरु-पचड़ा रोड बैरियर के आसपास दो अज्ञात अपराधी अपाची मोटरसाइकिल से घूमकर राहुल दूबे गैंग के नाम का पर्चा छोड़ रहे हैं और जंगल की ओर भाग गए हैं। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। केरेडारी थाना और पगार ओपी की पुलिस सशस्त्र बल के साथ बुकरु गांव के जंगल की घेराबंदी के लिए रवाना हुई। करीब सुबह 3:20 बजे पुलिस टीम को बुकरु गांव के जंगल के समीप अपाची मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस वाहन देखकर दोनों जंगल की ओर भागने लगे। पीछा करने के दौरान बाइक असंतुलित होकर गिर गई और दोनों आरोपी जंगल की ओर भागने लगे। इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर लगातार तीन राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने पहले आरोपियों को हथियार डालकर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन अपराधियों ने दोबारा पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी तीन राउंड जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली फायरिंग कर रहे आरोपी के दाहिने पैर में लगी। इसके बाद वह मौके पर ही गिर गया और उसके हाथ का हथियार भी वहीं गिर गया। दूसरे आरोपी को पुलिस बल ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में घायल आरोपी ने अपनी पहचान चेपाखुर्द निवासी मो. रागीब अफजल और दूसरे आरोपी ने चट्टीबारियात निवासी जितेंद्र सोनी के रूप में बताई। दोनों ने स्वीकार किया कि वे राहुल दूबे गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि चंद्रगुप्त कंपनी द्वारा लेवी नहीं दिए जाने पर कंपनी को धमकाने और दहशत फैलाने के उद्देश्य से ट्रांसपोर्टिंग क्षेत्र में फायरिंग की तथा राहुल दूबे गैंग के नाम का पर्चा छोड़ा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। घायल मो. रागीब अफजल को उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# डूबने से एमजीएम के दो जूनियर डॉक्टरों की मौत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर के डिमना लेक में डूबने से महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के दो जूनियर डॉक्टरों की मौत हो गई। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज और शहर के चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने दोनों शवों को रेस्क्यू अभियान चलाकर बाहर निकाल लिया है और हादसे के कारणों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 11 बजे ड्यूटी समाप्त होने के बाद एमजीएम मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर समीर, सक्षम सिंह और उनके साथी यश डिमना लेक पहुंचे थे। इसी दौरान एक युवक का मोबाइल पानी में गिर गया। मोबाइल निकालने के लिए एक डॉक्टर पानी में उतरा, लेकिन कुछ ही देर में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में जाने लगा। साथी को डूबता देख दूसरा डॉक्टर उसे बचाने के लिए पानी में कूद गया, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठा। देखते ही देखते दोनों गहरे पानी में डूब गए, जबकि तीसरा साथी यश सुरक्षित बच गया। मृतकों की पहचान काशीडीह निवासी 26 वर्षीय समीर और पलामू जिले के डाल्टनगंज क्षेत्र के बिनेका गांव निवासी 22 वर्षीय सक्षम सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। रातभर और शुक्रवार सुबह तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद दोनों के शव डिमना लेक से बरामद किए गए। ग्रामीण एसपी शुभम खंडेलवाल ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# संत रविदास की 650वीं जयंती को भव्य बनाने में जुटी भाजपा

### जन्मस्थली काशी से पवित्र मिट्टी झारखंड लाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** संत रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य पर प्रदेश भाजपा ने वृहत् कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आज शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में हुई प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक "समरसता संकल्प अभियान" का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला सह बैठक मेंकक नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। कार्यशाला सह बैठक के बाद पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय टीम की तरफ से देशभर में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक "समरसता संकल्प अभियान" का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश में संत शिरोमणि रविदास के बताए रास्ते पर चलकर सभी के जीवन में सुख-समृद्धि कैसे लाया जाए ऐसा लक्ष्य तय किया गया है। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि संत शिरोमणि ने अपने जीवन काल में मानव समाज के बीच समरसता स्थापित करने, जात-पात को खत्म करने जैसे कई कार्य किए थे। उनके द्वारा दिए गए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का काम भारतीय जनता पार्टी 29 जुलाई से 20 फरवरी के बीच करेगी।

**संत रविदास की जन्मस्थली से झारखंड लाई जाएगी पवित्र मिट्टी**

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि इस अभियान के तहत राज्य के सभी मंदिरों में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं संत रविदास की जन्मस्थली काशी से पवित्र मिट्टी को झारखंड लाने के लिए एक टोली काशी जाएगी। यह टोली 29 जुलाई को गढ़वा, पालमू, लातेहार, लोहरदगा होते हुए रांची पहुंचेगी। झारखंड के सभी मंदिरों तक इस पवित्र मिट्टी को पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में टोली का भव्य स्वागत किया जाएगा।

# 'भव्य-रसायन' योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

### देश में बनेंगे तीन रासायनिक पार्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में रासायनिक उद्योग को नई गति देने के उद्देश्य से भारत औद्योगिक विकास योजना–रसायन (भव्य-रसायन) को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। इस योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में की गई थी। सरकार ने इस योजना के लिए तीन हजार तीस करोड़ रुपये के वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है। इसमें तीन हजार करोड़ रुपये पार्कों की आंतरिक आधारभूत संरचना और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर तथा तीस करोड़ रुपये प्रशासनिक व्यय पर खर्च किए जाएंगे। योजना का क्रियान्वयन 2026-27 से 2030-31 तक पांच वर्षों में किया जाएगा। योजना के तहत केंद्र सरकार प्रत्येक रासायनिक पार्क के लिए अधिकतम एक हजार करोड़ रुपये का अनुदान देगी, जबकि संबंधित राज्य सरकार को कम से कम पांच सौ करोड़ रुपये का योगदान करना होगा। 'भव्य-रसायन' योजना से रसायन उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला कच्चे माल की उपलब्धता (अपस्ट्रीम), उत्पादन, सहायक उद्योगों और अंतिम उपभोक्ता तक आपूर्ति (डाउनस्ट्रीम) को मजबूती मिलेगी। इससे उत्पादन लागत और लॉजिस्टिक्स खर्च में कमी आएगी तथा भारतीय रसायन उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। योजना से घरेलू और विदेशी निवेश आकर्षित होने, निर्यात बढ़ने, आयात पर निर्भरता कम होने तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होने की भी उम्मीद है। सरकार का मानना है कि यह पहल 'विकसित भारत 2047' और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करेगी। प्रत्येक पार्क में कम से कम आठ वर्ग किलोमीटर (लगभग 2,000 एकड़) का निर्बाध भूमि क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

## जवान ने की आत्महत्या, सर्विस कार्बाइन से खुद को मारी गोली

**सासाराम।** बिहार के रोहतास में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के जवान ने आत्महत्या कर ली। जिले के करवंदिया थाना परिसर में बने बैरक की छत पर उसने खुद को गोली मार ली। पुलिस अधीक्षक ने घटना की पुष्टि की है। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि इसके पीछे की वजह क्या है? मृतक की पहचान किशोर राणा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक किशोर ने अपनी ही सर्विस कार्बाइन से खुद को गोली मारी है। गोली की आवाज सुनने के बाद जब साथी पुलिसकर्मी छत पर गए तो जवान खून से लथपथ पड़ा था। घटना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डॉक्टर संजय कुमार ने बताया, 'जवान की मौत सिर में गोली लगने से हुई है।' रोहतास पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने बताया कि हालांकि घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है।

# झारखंड के आशीष कुमार दास होंगे इंफोसिस के नए सीइओ, सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड स्थित कृष्णापुर गांव के आशीष कुमार दास को देश की अग्रणी आईटी कंपनी इंफोसिस का अगला मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। कंपनी के अनुसार, वह 1 अप्रैल 2027 से पांच वर्षों के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी नियुक्ति शेयरधारकों की मंजूरी के बाद प्रभावी होगी। आशीष कुमार दास की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और वैश्विक तकनीकी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने विश्व आर्थिक मंच की दावोस बैठक के दौरान हुई मुलाकात को याद करते हुए बताया कि उस समय झारखंड के खनन क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उभरती तकनीकों, डिजिटल गवर्नेंस और युवाओं के कौशल विकास पर सार्थक चर्चा हुई थी। उन्होंने विश्वास जताया कि आशीष कुमार दास के नेतृत्व में झारखंड और इंफोसिस के बीच सहयोग और मजबूत होगा तथा राज्य में तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के नए अवसर सृजित होंगे। आशीष कुमार दास की सफलता संघर्ष और मेहनत की मिसाल मानी जाती है। उन्होंने राजनगर के सरकारी एसएस प्लस टू हाई स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की, जबकि उच्च शिक्षा चाईबासा के टाटा कॉलेज से हासिल की। 12वीं के दौरान पिता के निधन जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और बाद में आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम भी पूरा किया। करीब तीन दशक से इंफोसिस से जुड़े आशीष कुमार दास वर्तमान में कंपनी में एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं ग्लोबल बिजनेस पोर्टफोलियो प्रमुख हैं। उन्होंने वैश्विक कारोबार, ग्राहक सेवाओं, डिलीवरी और टिकाऊ व्यावसायिक रणनीतियों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में वह अमेरिका के लॉस एंजेलिस से कंपनी के वैश्विक परिचालन का नेतृत्व कर रहे हैं और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास निवेशक गठबंधन तथा विश्व आर्थिक मंच जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों से भी जुड़े रहे हैं।

# वज्रपात से चार की मौत, दो महिलाएं झुलसीं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड के सांगोवर गांव में शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। घायलों का इलाज नारदीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में चल रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, मृतकों में तीन किसान और एक 12 वर्षीय बालक शामिल हैं। सभी खेत में काम कर रहे थे। दोपहर बाद अचानक मौसम खराब होने और बारिश शुरू होने पर वे बचाव के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ और सभी उसकी चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान शंभू कुमार (45), पिता स्व. चंद्रिका यादव, मदन राजवंशी (50), पिता मुनेश्वर राजवंशी, भुवनेश्वर राजवंशी (50), पिता दुखन राजवंशी तथा सोनू कुमार (12), पिता मिथिलेश प्रसाद के रूप में हुई है। वहीं, घायल महिलाओं की पहचान सुनीता देवी, पति स्व. गोविंद यादव और शोभी देवी, पति ललित यादव के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी को तत्काल नारदीगंज पीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद चार लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों झुलसी महिलाओं का उपचार जारी है। घटना के बाद सांगोवर गांव में कोहराम मच गया। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन ने हादसे की पुष्टि करते हुए मृतकों के आश्रितों को नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही लोगों से खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने और सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग ने भी अगले कुछ दिनों तक जिले में वज्रपात की आशंका को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है।

# सीआइडी ने टीडीपीएल के तीन कर्मचारियों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीआईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टीडीपीएल (टीएसआर डेटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड) के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हेमंत वर्मा, प्रदीप कुमार सिंह और संजय कुमार शामिल हैं। सीआईडी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस संबंध में 22 जुलाई 2026 को सीआईडी थाना कांड संख्या-16/2026 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा रांची पुलिस के सहयोग से शहर के दो होटलों में छापेमारी की गई, जहां से जांच से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग और साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। सीआईडी ने बताया कि इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों को भी पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। रिमांड के दौरान परीक्षा में कथित अनियमितताओं के नेटवर्क, तकनीकी प्रक्रिया और अन्य संभावित संलिप्त लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रही है। सीआईडी का कहना है कि अब तक प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आगे भी विधिसम्मत कार्रवाई जारी रहेगी। जांच के दौरान सामने आने वाले नए तथ्यों के आधार पर अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।



# सिद्धो-कान्हो सहकारी संघ की वार्षिक आम सभा संपन्न, किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर भवन में शुक्रवार को सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की वार्षिक आम सभा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कृषि एवं वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और विपणन को मजबूत बनाने के साथ-साथ संघ को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई।उपायुक्त ने कहा कि सहकारिता किसानों और वनोपज संग्रहकर्ताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिया कि धान, गेहूं, मड़ुआ, कोदो, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, आंवला, चिरौंजी, लाख, रेशम समेत अन्य उत्पादों के संग्रहण, भंडारण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और विपणन की बेहतर व्यवस्था विकसित की जाए ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके बैठक में संघ के वार्षिक बजट, व्यय अनुमोदन, कर्मचारियों की सेवा शर्तों, बैंकिंग व्यवस्था, आय के नए स्रोतों के सृजन और सहकारी समितियों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण से जुड़े प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए उन्होंने सदस्य समितियों के प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, आधुनिक विपणन व्यवस्था और राज्य व राष्ट्रीय बाजारों तक उत्पादों की पहुंच बढ़ाने पर विशेष बल दिया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों, कर्मचारियों और सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया बैठक में पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी सहित संघ के पदाधिकारी, सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।







# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बिहार भेजी जा रही 18 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** हजारीबाग पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार भेजी जा रही 18 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस दौरान पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि तस्करी में प्रयुक्त दो कारों को भी जब्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को 23 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी कि कमलवार से अंबाजीत जाने वाली सड़क पर एक सफेद रंग की कार से शराब लाकर दूसरी कार में लोड कर बिहार भेजी जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम जब कमलवार मोड़ से लगभग 500 मीटर आगे अंबाजीत रोड पहुंची तो दो कारें आमने-सामने खड़ी मिलीं। दोनों वाहनों की डिक्की खुली थी और कुछ लोग एक कार से दूसरी कार में सामान लोड कर रहे थे। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, लेकिन पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चौपारण थाना क्षेत्र के दवगर मोहल्ला निवासी सोनू कुमार दास (35 वर्ष) तथा बिहार के गया जिले के डोभी थाना अंतर्गत करमोनी गांव निवासी आशीष कुमार (20 वर्ष) और संतोष कुमार यादव (20 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दोनों वाहनों की तलाशी लेने पर हुंडई वरना कार से ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की की 11 पेटी तथा अल्टो कार से 7 पेटी बरामद हुई। कुल 18 पेटी में 864 पीस अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसके संबंध में आरोपित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि शराब को बगोदर से हुंडई वरना कार में लाया गया था और उसे अल्टो कार के माध्यम से बिहार भेजने की तैयारी चल रही थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा दोनों कारों और अवैध शराब को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधा प्रेम किशोर, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार पासवान, सहायक अवर निरीक्षक बादल महतो एवं चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भवन निर्माण विभाग में मंत्री प्रतिनिधि बने आदिल रशीद

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आदिल रशीद को भवन निर्माण विभाग का मंत्री प्रतिनिधि नियुक्त किया है।नियुक्ति के बाद आदिल रशीद ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपे गए इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी आदिल रशीद ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह सहित पूरे झामुमो परिवार का भी धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन के विश्वास और सहयोग से उन्हें जनता की सेवा का अवसर मिला है।उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग से जुड़े आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे तथा जनता और विभाग के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।आदिल रशीद ने विश्वास जताया कि मंत्री द्वारा सौंपे गए इस महत्वपूर्ण दायित्व पर वे पूरी तरह खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे और विभागीय कार्यों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### डीएवी हजारीबाग ने क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 में लहराया परचम

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, कैनरी हिल रोड, हजारीबाग ने डीएवी क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 (क्लस्टर-क्क्क) में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज एवं योग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए। द्विदिवसीय इस प्रतियोगिता में समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अविनाश कुमार, आईपीएस, कमांडेंट, खअढ-7, पदमा, हजारीबाग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हर्ष अजमेरा, निदेशक, आरोग्यम हॉस्पिटल, हजारीबाग थे। प्रतियोगिता का प्रमुख आकर्षण विद्यालय की बास्केटबॉल टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा। डीएवी हजारीबाग ने अंडर-17 बालक एवं अंडर-17 बालिका बास्केटबॉल वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके अलावा भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल, शतरंज एवं योग की विभिन्न स्पधाओं में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री अविनाश कुमार, आईपीएस ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का विकास करता है। वहीं प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने विजेताओं एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत और विद्यालय की उत्कृष्ट खेल संस्कृति का परिणाम बताया। भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ इस प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। डीएवी हजारीबाग की इस उपलब्धि ने एक बार फिर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

### राष्ट्रीय खेल क्लस्टर-6 के लिए 115 खिलाड़ी व 8 प्रबंधक देवघर रवाना

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विभिन्न खेलों में डीपी एवं राष्ट्रीय खेल क्लस्टर-6 में भाग लेने के लिए शुक्रवार को गिरिडीह पब्लिक स्कूल से 115 खिलाड़ियों एवं 8 प्रबंधकों का दल देवघर के लिए रवाना हुआ। यह प्रतियोगिता 24 से 31 जुलाई तक आयोजित होगी दल में क्रिकेट, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, खो-खो, शतरंज, जूडो, ताइक्वांडो और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं। विद्यालय के प्रबंधक के रूप में विवेक डे तथा शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी टीम के साथ गए हैं। कुल 123 सदस्यीय दल प्रतियोगिता में भाग लेगा।रवानगी से पूर्व विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश गोयल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें तथा विद्यालय और जिले का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित करें।

### छात्र आंदोलन की आड़ में समाहरणालय पर उपद्रव करनेवाले 23 आरोपी गिरफ्तार

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को नीट पेपर लीक मामले में विरोध मार्च निकाला गया था।बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के निकाली गयी इस विरोध मार्च की आड़ में कुछ उपद्रवी तत्वों ने समाहरणालय पहुंचकर उपद्रव मचाया था। विधि व्यवस्था संधारण मे लगे पुलिस बल पर पत्थर बरसाये थे। समाहरणालय द्वार को तोडने का प्रयास किया गथा था। पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल उपद्रवी तत्वों की सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त सबूत के आधार पर इस उपद्रव में शामिल 72 उपद्रवियों के फोटो जारी किये थे। कटिहार पुलिस ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए जन सहयोग से कटिहार स्टेशन से 23 वां उपद्रवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनकी पहचान अहसन रजा (20) पिता तफिक रजा, साकिन मौलनापुर, थाना सुधानी, जिला कटिहार के रुप मे हुई है। गिरफ्तार उपद्रवी को न्यायिक हिरासत मे भेजकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई मे जुट गयी है।

### अतिक्रमण एवं प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारों पर नगर पंचायत का चला डंडा

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार एवं स्वच्छता पदाधिकारी सुश्री अरुणिमा पूर्वी एवं नगर पंचायत बारसोई के कार्यालय कर्मियों की नेतृत्व में मस्जिद चौक, बुद्धिगंज हाट एवं फल पट्टी क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक,अतिक्रमण एवं स्वच्छता नियमों के अनुपालन को लेकर विशेष जांच एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों से प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने, डस्टबिन नहीं रखने तथा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर नियमानुसार जुमार्ना लगाया गया। इस संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने नगर पंचायत बारसोई द्वारा सभी दुकानदारों एवं व्यवसायियों से अपील की गई कि वे अपनी-अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः बंद करें तथा सड़क एवं नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। नगर पंचायत ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक ने आठवीं के छात्रों को बांटीं निःशुल्क साइकिलें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** केबीएसएस चौपारण परिसर में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक मनोज कुमार यादव व बीडीओ नितेश भास्कर ने मध्य विद्यालय सिंहपुर के बच्चों को स्वयं साइकिलें सौंपीं। साइकिल मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए आवागमन को आसान बनाना है। बीडीओ नितेश भास्कर ने सरकारी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विधायक ने केबीएसएस के शिक्षकों और छात्रों से बातचीत कर स्थानीय शैक्षणिक सुविधाओं का जायजा लिया तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अंकित यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव व रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि विराज रविदास, मंडल अध्यक्ष रेवाशंकर साव एवं कुलदीप पांडेय, प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिलीप राणा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक काली राम, शिक्षक उत्तम कुमार, शिव कुमार, नागेश्वर वर्मा, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, सियाराम सिंह, शिव कुमार यादव, भीम दांगी, अशोक पासवान सहित अन्य थे।



# केजीबीवी पीरटांड़ में छात्राओं को साइबर सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी ) अभियान के तहत जिला समाज कल्याण शाखा, गिरिडीह ने शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), पीरटांड़ में पौधारोपण एवं साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक की करीब 230 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण से हुई, जिसमें छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया। साथ ही बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को समाज के विकास का आधार बताया गया साइबर जागरूकता सत्र में छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और लिंक, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, ओटीपी और बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने के जोखिमों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें मजबूत पासवर्ड के उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने और संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की तुरंत शिकायत करने की सलाह दी गई शिविर में 1930 साइबर हेल्पलाइन और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इसके अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

# जनता दरबार में 70 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं, कई मामलों का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 70 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए जनता दरबार में बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मामलों की शिकायतें प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इससे लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है और प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने तथा जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव हो, उनका नियमानुसार तुरंत निपटारा करने के निर्देश दिए।



# गांडेय में फर्जी आरटीओ चालान बनाकर साइबर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांडेय थाना क्षेत्र से फर्जी आरटीओ चालान बनाकर लोगों से ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना एवं गांडेय थाना की संयुक्त टीम ने की।पुलिस के अनुसार, गांडेय थाना क्षेत्र के ग्राम पुर्णडीह स्थित एक किराये के मकान में बैठकर आरोपी मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को फर्जी आरटीओ चालान भेजते थे। इसके अलावा आरटीओ ऑफिस एवं डॉक्टर के नाम पर अपॉइंटमेंट बुकिंग का झांसा देकर भी साइबर ठगी को अंजाम दिया जाता था गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कैफ अंसारी (21 वर्ष) और इरशाद अंसारी (19 वर्ष), दोनों निवासी बड़कीसरैया, थाना गांडेय, जिला गिरिडीह के रूप में हुई है छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड, 1 आई-पैड और 2 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं इस संबंध में साइबर थाना गिरिडीह में कांड संख्या 22/2026 दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है यह कार्रवाई साइबर थाना प्रभारी पु.नि. रामेश्वर भगत के नेतृत्व में गठित टीम ने गांडेय थाना पुलिस एवं पुलिस लाइन से प्राप्त सशस्त्र बल के सहयोग से की।



# खेलो इंडिया अस्मिता वुशु सिटी लीग का आयोजन 26 जुलाई को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल खेलो इंडिया अस्मिता वुशु सिटी लीग का आयोजन 26 जुलाई (रविवार) को गिरिडीह के मोहनपुर स्थित द बैलेंस पाथ एकेडमी में होगा। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड वुशु संघ के तत्वावधान में गिरिडीह जिला वुशु संघ द्वारा कराया जाएगा जिला वुशु संघ के अध्यक्ष संदीप दंगाइच ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को वुशु में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराना तथा खेलों के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ाना है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु और भार वर्ग की महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी।उन्होंने बताया कि जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता का संचालन वुशु संघ के तकनीकी अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की देखरेख में किया जाएगा आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेज और खेल सामग्री के साथ उपस्थित होने की अपील की है। साथ ही अभिभावकों, खेल प्रेमियों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का अनुरोध किया गया है।

# सोनम वांगचुक के अनशन समाप्त करने पर राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम का सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने छात्र आंदोलन और सोनम वांगचुक के अनशन समाप्त करने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के हाथों जूस पीकर सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त करना उन्हें अन्ना हजारे आंदोलन की याद दिलाता है इरफान आलम ने कहा कि जैसे अन्ना हजारे ने लोकपाल विधेयक पर सरकार के आश्वासन के बाद अपना अनशन समाप्त किया था, उसी प्रकार सोनम वांगचुक ने भी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मूल मांग पूरी हुए बिना प्रधानमंत्री के आश्वासन पर अपना अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाने और दोषियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन छात्रों की प्रमुख मांग अभी भी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है राजद जिलाध्यक्ष ने कहा कि छात्र आंदोलन अब व्यापक स्वरूप ले चुका है और बड़ी संख्या में छात्र अपनी मांगों पर कायम हैं। उनके अनुसार, यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो आंदोलन और तेज हो सकता है इरफान आलम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में आंदोलन को मजबूत और स्पष्ट नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए 1974 के छात्र आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि उस आंदोलन ने व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई पीढ़ी भी लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों और व्यवस्था सुधार के लिए आगे आएगी।

# इनर व्हील क्लब ने शुरू किया मशरूम उत्पादन प्रकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स ने पारसाटांड़ पंचायत भवन के समीप मशरूम उत्पादन के लिए कोल्ड स्टोर का उद्घाटन किया। परियोजना का शुभारंभ रांची से आई डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीता नारायण ने किया इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा, रांची की अध्यक्ष नीता शेखर, सचिव शालिनी सिन्हा, चार्टर प्रेसिडेंट श्रीमती दीपा चौहान सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। परियोजना के पहले चरण में पाँच ग्रामीण महिलाओं को मशरूम उत्पादन से जोड़ा जाएगा। कोल्ड स्टोर की सुविधा मिलने से उत्पाद सुरक्षित रहेगा और महिलाओं को नियमित आय का अवसर मिलेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी क्लब की अध्यक्ष प्रीति भास्कर ने कहा कि इनर व्हील का उद्देश्य केवल सेवा करना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाना है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना पाँच परिवारों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेगी और आगे भी ऐसे आजीविका आधारित प्रकल्प संचालित किए जाएंगे परियोजना के सफल संचालन में पीडीसी श्रीमती पूनम सहाय का विशेष सहयोग रहा। क्लब की सचिव श्रीमती नमिता वर्मा ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण से जुड़े जनहितकारी कार्य करती रहेगा कार्यक्रम में क्लब की सदस्याएँ, ग्रामीण महिलाएँ, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# वज्रपात से चार की मौत

## दो महिलाएं गंभीर, गांव में चीख पुकार ☐ पहुंचे अधिकारी, दिया मदद का भरोसा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** सांगोवर गांव में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। अचानक हुए इस हादसे से गांव में चीख-पुकार मच गई।

घटना की खबर मिलते ही मृतकों के स्वजन और शुभचिंतक मौके पर पहुंचे। अपनों को खोने के गम में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

मृतकों की पहचान शंभु कुमार, पिता चंद्रिका यादव (44 वर्ष), सोनू कुमार, पिता मिथिलेश कुमार (करीब 10 वर्ष), मदन राजवंशी, पिता मुडल राजवंशी (55 वर्ष) और मुनेश्वर राजवंशी, पिता दुखन राजवंशी (55 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में शोभा देवी, पति लालजीत यादव (40 वर्ष) और सुनीता देवी, पति कवींद्र प्रसाद (40 वर्ष) जख्मी हुई हैं। हादसे के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। आकाशीय बिजली की इस घटना ने कई परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतकों के घरों में चीख-पुकार मची है।

स्वजनों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अचानक हुई मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीण भी इस घटना से स्तब्ध हैं और पीड़ित परिवारों के दुख में शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार और सीओ रईस आलम समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

सीओ रईस आलम ने बताया कि आपदा प्रबंधन कोष से सभी मृतक पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

वहीं, बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने कहा कि आवेदन प्राप्त होने के बाद पीड़ित परिवारों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

एक ही हादसे में चार लोगों की मौत के बाद सांगोवर गांव में मातम पसरा है। इस घटना ने कई परिवारों को गहरे दुख में डाल दिया है। प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता का भरोसा मिलने के बाद अब पीड़ित परिवारों को सरकारी मदद मिलने की उम्मीद है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत

**मुंगेर।** हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने शौच के लिए जा रहे 23 वर्षीय युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के लिए मुंगेर ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक परिवार का इकलौता बेटा था और मजदूरी कर पूरे परिवार का सहारा बना हुआ था। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के दुलारपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे में युवक की कमर टूट गई और शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। यह हादसा गुरुवार शाम करीब सात बजे हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के दुलारपुर के पास हुआ। युवक को पहले हवेली खड़गपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल रेफर किया गया। मृतक की पहचान हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या-4, मुड़ला मुसहरी निवासी अशोक मांझी के 23 वर्षीय बेटे राजा राम कुमार के रूप में हुई है।

# 80 वर्षीय देवकी महतो युवाओं के बने प्रेरणास्रोत

## 10 किमी प्रतिदिन करते हैं साइकिल की सवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** बढ़ती उम्र जहां अधिकांश लोगों के कदमों की रफ्तार धीमी कर देती है, वहीं गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के 80 वर्षीय देवकी महतो आज भी अपने जज्बे और आत्मनिर्भरता से लोगों के लिए मिसाल बने हुए हैं। उनके जीवन का सबसे भरोसेमंद साथी कोई आधुनिक वाहन नहीं, बल्कि उनकी पुरानी साइकिल है। यही साइकिल उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुकी है।

दिलचस्प बात यह है कि देवकी महतो साइकिल की सीट पर नहीं, बल्कि पीछे लगे करियर पर बैठकर साइकिल चलाते हैं। वर्षों से उन्होंने इसी अंदाज को अपनी आदत बना लिया है। इसी साइकिल के सहारे वे प्रतिदिन करीब 8 से 10 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने खेत, खलिहान, पाही और अन्य जरूरी स्थानों तक पहुंचते हैं तथा खेती-बाड़ी सहित अपने सभी कार्य स्वयं करते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि उम्र के इस पड़ाव पर भी देवकी महतो का उत्साह किसी युवा से कम नहीं है। वे समय पर खेतों की देखरेख करते हैं और अपने दैनिक कार्य बिना किसी सहारे के पूरा करते हैं। उनका मानना है कि नियमित श्रम, सादगीपूर्ण जीवन और साइकिल से सफर ने ही उन्हें आज भी सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखा है।



गांव में जब भी लोग उन्हें साइकिल के करियर पर बैठकर सहजता से आते-जाते देखते हैं तो कुछ पल ठहरकर उन्हें निहारते हैं।उनका यह अनोखा अंदाज क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। युवा भी उनके अनुशासन, मेहनत और फिटनेस से प्रेरणा लेते हैं।

80 वर्ष की उम्र में भी देवकी महतो यह साबित कर रहे हैं कि यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो उम्र केवल एक संख्या बनकर रह जाती है। उनके लिए साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न साथी बन चुकी है।

# पिकअप ने एक ही परिवार के चार को कुचला, एक की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जमुई-खैरा मुख्य मार्ग के कवैया मुसहरी के समीप गुरुवार देर शाम हुए एक पिकअप ने चार लोगों को कुचल दिया। इसके बाद शुक्रवार को लोगों का आक्रोश भड़क गया। बिठलपुर झखुआ मुसहरी निवासी कारु मांझी की पत्नी बेचनी देवी की मौत से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने बोधबन तालाब चौक पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मृतका के आश्रितों को उचित मुआवजा देने तथा दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन के चालक और मालिक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, कारु मांझी अपने परिवार के साथ किसी कार्य से कवैया मुसहरी गए थे। काम पूरा होने के बाद वे अपनी पत्नी बेचनी देवी, पुत्र चुनचुन मांझी और बहू सरिता देवी के साथ सड़क किनारे बैठे थे। इसी दौरान अनियंत्रित पिकअप ने चारों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में बेचनी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कारु मांझी, चुनचुन मांझी और सरिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में दो का इलाज शहर के एक निजी क्लीनिक में चल रहा है, जबकि एक घायल सदर अस्पताल में भर्ती है।

आक्रोशित लोगों का आरोप है कि दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन इंदपे गांव निवासी गारो यादव का है। उनका कहना है कि हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात तक पीड़ित परिवार और वाहन मालिक के बीच समझौते की कोशिशें चलती रहीं, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी।

शुक्रवार सुबह सड़क जाम की सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस यातायात सामान्य कराने के साथ-साथ पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बारिश की पानी से बाजार में जलजमाव

## लोगों की बढ़ी परेशानी, रोष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** लगातार हो रही बारिश के कारण नगरनौसा प्रखंड की कछियावां पंचायत स्थित भोभी बाजार में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। बाजार की मुख्य सड़क पर बारिश का पानी जमा रहने से राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बाजार में जल निकासी के लिए नाले की व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष बरसात में सड़क पर पानी भर जाता है। जलजमाव के कारण लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, वहीं दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लोगों ने प्रशासन से जल्द नाले का निर्माण कराकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में आम लोगों को राहत मिल सके।

## भूमि विवाद में पीट-पीटकर हत्या

**बेगूसराय।** मंझौल थाना क्षेत्र के पंचायत चार स्थित संगत टोला में भूमि विवाद को लेकर एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। वहीं बचाने गए लगभग आधे दर्जन लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान पंचायत चार निवासी स्व. शिवनंदन साव के पुत्र संजय साव के रूप में हुई। स्वजनों ने बताया कि भूमि विवाद बहुत लंबे समय से चल रहा है। वही घर के बगल में छज्जे तथा एसी के पानी गिरने को लेकर मामूली विवाद हुआ था। जिस पर उन लोगों के द्वारा यह कदम उठाया गया। हम लोग मंझौल बस स्टैंड में सब्जी की दुकान लगाते हैं।

गुरुवार को परिवार के सभी सदस्य दुकान पर ही व्यस्त थे। संजय सवेरे घर चला गया। इसके कुछ देर बाद हमें सूचना मिली की संजय को काफी पीटा गया है। जिससे वह सड़क किनारे मूर्छित पड़ा हुआ है।

हम लोग वहां पर पहुंचे, तो हम लोगों के साथ भी मारपीट की गई। जिसके बाद जख्मी अवस्था में ही हम लोग संजय साव को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज नहीं होने के बाद वहां से लेकर बेगूसराय गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गोली मारकर जवान ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** जिले में शुक्रवार को बिहार सैन्य पुलिस (बीएमपी) के एक जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस कार्बाइन से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना करवंदिया थाना परिसर की है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

करवंदिया थाना में तैनात बीएमपी जवान ने अपनी कार्बाइन से सिर में गोली मार ली। गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना रोहतास जिले के करवंदिया थाना परिसर में हुई, जहां जवान रिजर्व पुलिस के रूप में तैनात था।

यह घटना शुक्रवार को सामने आई। घटना के बाद तुरंत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान 46 वर्षीय किशोर राणा के रूप में हुई है। वह झारखंड के रांची जिले के दरौंदा का रहने वाला था। वह युवराज राणा का पुत्र था और बीएमपी का जवान था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जवान ने अपनी सर्विस कार्बाइन से सिर में गोली मार ली। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि गोली सिर के दाहिने हिस्से से अंदर गई और बाएं हिस्से से बाहर निकल गई। जवान के सिर में केवल एक ही गोली लगी थी।

घटना के बाद रोहतास पुलिस महकमे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि इस मामले में अभी तक रोहतास पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

साथी पुलिसकर्मियों के अनुसार जवान पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव या अवसाद में हो सकता था। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# जिलों को सतर्कता बरतने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शनों को केंद्र में रख शुक्रवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत,डीजीपी विनय कुमार व पुलिस मुख्यालय के आला अफसरों की बैठक हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सभी डीएम-एसपी अपने-अपने जिलों में सतर्कता बरतें।

उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को संवेदनशीलता, संवाद और कड़े सुरक्षा इंतजामों के निर्देश दिए गए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में पुलिस महानिदेशक (अभियान) कुंदन कृष्णन सहित सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस उप-महानिरीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान स्थिति के प्रति सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील बनाना तथा शांति-व्यवस्था बनाए रखने हेतु समन्वय स्थापित करना था।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस तंत्र को एकीकृत होकर काम करे। सभी डीएम और एसपी अपने-अपने जिलों में सतर्कता बरतें तथा सिविल प्रशासन और पुलिस के बीच निरंतर समन्वय स्थापित रखें।

कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए यह ध्यान रखा जाए कि निर्दोष छात्रों को कोई परेशानी न हो और स्थिति को परिपक्वता के साथ संभाला जाए। भ्रामक समाचारों और अफवाहों का खंडन तुरंत आधिकारिक सूचनाओं के माध्यम से किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी असामाजिक तत्व को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था और बुनियादी संसाधनों को दुरुस्त रखने पर जोर दिया। उन्होंने सभी जिलों में दंगा नियंत्रण उपकरणों और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। कोचिंग संस्थानों की भूमिका की जांच के लिए उनसे ऑनलाइन एवं ऑफलाइन उपस्थिति का लिखित ब्योरा मांगा जाए।

सोशल मीडिया पर शांति भंग करने वाले 117 संदिग्धों/व्यक्तियों की तस्वीरें जारी कर पुलिस मुख्यालय द्वारा सख्त निगरानी रखी जा रही है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में वीडियो कैमरे और सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना का साक्ष्य दर्ज हो सके।

पुलिस महानिदेशक (अभियान) कुंदन कृष्णन ने छात्रों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और स्थिति को संवाद के माध्यम से संभालने पर बल दिया।

अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे छात्रों और छात्र नेताओं से सीधे बातचीत करें। उग्र रुख अपनाने के बजाय उनकी समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनें। पुलिस अधिकारी अंबेडकर हॉस्टलों और विभिन्न अंबेडकर स्टूडेंट फोरम्स में जाकर छात्रों से सीधे संवाद स्थापित करें, ताकि उनके बीच व्याप्त असंतोष और भ्रम को दूर किया जा सके।

## पीटीसी कमलेश बने एएसआई

**गया/बेलागंज।** स्थानीय बेलागंज थाना परिसर में आयोजित एक बेहद गौरवपूर्ण और गरिमामायी समारोह के दौरान कर्तव्यनिष्ठा की एक नई मिसाल पेश की गई। अपनी उत्कृष्ट और समर्पित सेवाओं के लिए पहचाने जाने वाले बेलागंज थाने के जांबाज पीटीसी जवान कमलेश कुमार को प्रोन्नति प्रदान करते हुए उनके कंधों पर सहायक अवर निरीक्षक का प्रतिष्ठित स्टार सजाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अत्यंत आदर और सम्मान के साथ कमलेश कुमार के कंधों पर चमचमाता बैच लगाया, जो उनकी वर्षों की कठिन मेहनत, ईमानदारी और खाकी के प्रति उनके अटूट समर्पण का प्रतीक है। इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बने पूरे थाना परिसर ने करतल ध्वनि और तालियों की गड़गड़ाहट से नए पुलिस अधिकारी का अभिनंदन किया।

# एसबीआई की एटीएम चोरी

## पुलिस कर रही मामले की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग पर बिदुपुर थाना क्षेत्र के चक सिकंदर बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को गुरुवार देर रात बदमाश उखाड़ ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटा और उसे उखाड़कर अपने साथ ले गए।

घटना की जानकारी बैंक अधिकारियों और एटीएम में नकदी भरने वाली एजेंसी को भी दे दी गई है। एटीएम में कितनी नकदी थी, इसका पता बैंक अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधियों के पहुंचने के बाद ही चल सकेगा।

बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने से पहले एटीएम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे का तार काट दिया और कैमरे का रुख बदल दिया, ताकि उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड न हो सकें।

इसके बाद उन्होंने एटीएम मशीन को उखाड़ा और किसी वाहन में रखकर ले गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

इधर, सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। छानबीन के दौरान पुलिस ने सराय थाना क्षेत्र से उखाड़ी गई एटीएम मशीन बरामद कर ली।




हालांकि, मशीन से नकदी निकाली गई या नहीं, इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। वैशाली के पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि सराय थाना क्षेत्र से एटीएम मशीन बरामद कर ली गई है।

फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर रही है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

साथ ही फरार बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच में जुटी है।

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**
**विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए**
**खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

ई-निविदा संख्या- ईएल/05/खुली/2026-27 से ईएल/08/खुली/2026-27

ई-निविदा संख्या- ईएल/05/खुली/2026-27, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद डिवीजन में अलग-अलग रनिंग रूम और ट्रेनिंग स्कूल के लिए पाँच साल तक एयर कंडीशनिंग मशीनें किराए पर लेना। (कार्य समापन अवधि:-60 माह), 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 4345784.55/-, 3. बीड सिक्युरिटी:: रूपया 86900/-

ई-निविदा संख्या- ईएल/06/खुली/2026-27, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर हाई मास्ट टावर की मरम्मत। (कार्य समापन अवधि:-12 माह), 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 3031448.34/-, 3. बीड सिक्युरिटी:: रूपया 60600/-

ई-निविदा संख्या- ईएल/07/खुली/2026-27, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : ROB/GOMO पर खराब सोलर लाइटों की जगह नई केवल बिछाकर स्ट्रीट लाइटिंग की व्यवस्था करना। (कार्य समापन अवधि:-12 माह), 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 2199895.12/- , 3. बीड सिक्युरिटी: : रूपया 44000/-

ई-निविदा संख्या- ईएल/08/खुली/2026-27, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद डिवीजन के रास्ते में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों (57 Nos) पर लाइटिंग और पंखों की व्यवस्था में सुधार। (कार्य समापन अवधि:-12 माह), 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 20407824.16/-, 3. बीड सिक्युरिटी: : रूपया 408200.00/-

4. सभी ई-निविदा की बिड मूल्यांकन प्रणाली: एक पैकेट प्रणाली

5. सभी ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि: 14.08.2026 को 11:00 बजे ।, ई-निविदा खुलने की तिथि: 14.08.2026 को 11:30 बजे के बाद

6. वेबसाइट का विवरण: वेबसाइट: www.ireps.gov.in, ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नही किए जायेंगे।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता (सा०)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0610/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/26-27/68

# बढ़ते जलस्तर ने कटाव निरोधी कार्य पर लगायी लगाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** तारीख पर तारीख मिलने के बावजूद जवइनिया गांव के समीप गंगा नदी के तट पर चल रहे कटाव निरोधी कार्य की रफ्तार नहीं बढ़ सकी।

करीब 1200 मीटर लंबाई में हो रहे बोल्डर पिचिंग कार्य के पूर्वी छोर पर लगभग 300 मीटर हिस्सा अब भी अधूरा है। इस बीच गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण निमार्णाधीन पाकोर्पाइन संरचनाएं पानी में डूबने लगी हैं। जबकि बेसमेंट में किया गया कार्य भी पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। इधर गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि और बीच-बीच में हो रही बारिश से निर्माण कार्य और प्रभावित हो रहा है।

ऐसे में स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा तय की गई 31 जुलाई की समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा होना अब संभव नहीं दिख रहा है।

लोगों का आरोप है कि संवेदक की मनमानी और अधिकारियों की उदासीनता के कारण जनता के टैक्स की करोड़ों रुपये की राशि पानी में डूब रही है।

बताया जाता है कि जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव, उड़नदस्ता टीम और जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर 800 की जाए।

ताकि बाढ़ आने से पहले कार्य पूरा कराया जा सके। श्रमिकों की कमी का मुद्दा स्थानीय विधायक राकेश रंजन ने विधानसभा सत्र में भी उठाया था। इसके बावजूद निर्माण स्थल पर मजदूरों की संख्या 200 से अधिक नहीं बढ़ाई गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्य की धीमी गति को लेकर शिकायत करने वाले जनप्रतिनिधियों को भी संवेदक चुनौती देता रहा।

लेकिन निर्माण की रफ्तार में कोई सुधार नहीं हुआ। उधर उड़नदस्ता टीम ने निर्माण सामग्री के नमूने जांच के लिए लिए थे। लेकिन करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा होने के बाद भी जांच रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है।

# धर्मेंद्र प्रधान की बर्खास्तगी की मांग को ले सत्याग्रह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** महीनों से संपूर्ण देश के छात्र, नवजवानों सहित कॉग्रेस एवं विपक्षी दलों, सामाजिक कार्यकताओं के लगातार धरना-प्रदर्शन, भूख हड़ताल, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के आवास पर धरना, संसद से सड़क तक चरणबद्ध आंदोलन के बाद भी नीट पेपर लीक, सी बी एस सी परीक्षा परिणाम में भ्रस्टाचार, घोटाला आदि के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को जिम्मेदार मानते हुए इस्तीफे की मांग अनसुनी करने के खिलाफ गयाजी में कॉग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं ने स्थानीय चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह कर महामहिम राष्ट्रपति से धर्मेंद्र प्रधान की बर्खास्तगी की मांग किया।

सत्याग्रह कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुंना ने किया, तथा



कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिद्धू, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह,युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, दामोदर गोस्वामी, सैफुल्ल इस्लाम,मदीना खातून, शौकत नवाब अली, रंजीत सिंह, ओंकार शक्ति ,अर्जुन गुप्ता,चंदन कुमार महतो,शंभु शर्मा,बबलू कुमार, परशुराम सिंह,मनोज मालाकार, सोहराब खान शिवनाथ प्रसाद, विनोद श्रीवास्तव आदि अपने, अपने हाथों में विभिन्न नारों और मांगों के पोस्टर लेकर घंटों सत्याग्रह पर बैठे रहे।

सत्याग्रह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के 150 बार पेपर लीक की घटनाएं को सहते, सहते देशभर के छात्रों का गुस्सा अब ज्वालामुखी बन कर फट रहा है, अब देश के छात्र धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री के पद से हटाए बिना मानने को तैयार नहीं है।

नेताओं ने ₹ छात्र- युवा नहीं झुकेगा, राहुल नहीं रुकेगा ₹ के नारों को बुलंद करते हुए धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने, सदन में इस मुद्दे पर बहस कराने, छात्रों पर जो मुकदमा हुआ है, उसे हटाने, जिन लोगों ने छात्रों को मारा, बेइज्जती किया उन पर कार्रवाई की जाये, मोदी सरकार और उनके गृह मंत्री ने छात्रों के साथ जो व्यवहार किया उसके लिए माफी मागें आदि को पूरा कराने हेतु चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या: GEM/2026/ B/7790110
धनबाद, दिनांक 22.07.2026

वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-खुली निविदा (e-open tender) Two Packet System में GeM Portal में आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम: धनबाद मंडल के किसी भी डिपो से भारतीय रेलवे के किसी भी डिपो, इकाई, स्टोर अथवा उत्पादन इकाई तक एवं इनके विपरीत, 20 टन या अधिक क्षमता वाले ट्रक के माध्यम से बोगी, व्हील सेट, एम.एस. शीट तथा अन्य रेलवे सामग्री के सड़क परिवहन कार्य का आउटसोर्सिंग। 2. GEM मैंआइटम श्रेणी/ सेवा विवरण: माल परिवहन सेवा -- प्रति मी.टन प्रति कि.मी. दर आधारित सेवा रेलवे सामग्री यथा बोगी, व्हील सेट, एम.एस. शीट आदि के लिए न्यूनतम 20 टन क्षमता के ओपन बॉडी टॉरस/प्लेटफॉर्म ट्रक/फ्लैटबेड ट्रक, 20 टन या अधिक। 3. GEM बोली संख्या एवं दिनांक: जी ई एम/2026/बी/7790110, दिनांक: 21.07.2026. 4. संविदा की अवधि: 24 माह। 5. कार्य-- स्थान: बेस डिपो -- वैगन डिपो, बरवाडीह, धनबाद डिवीजन के अंतर्गत। 6. विज्ञापित निविदा मूल्य: मात्र रुपये 1,71,97,250.00 (एक करोड़ इकहत्तर लाख सतानवे हजार दो सौ पचास रुपये मात्र)। 7. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार): मात्र 3,44,000 रुपये (तीन लाख चवालीस हजार रुपये मात्र)। 8. ई-निविदा जमा करने का तारीख तथा समय: तारीख 21.07.2026 से 11.08.2026 को 20:00 बजे तक। 9. ई-निविदा खुलने का तारीख तथा समय: 11.08.2026 को 20:30 बजे। 10. वेबसाइट विवरण: http://www.gem.gov.in (ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0603/डीएचएन/सीएण्डडब्लू/टी/26-27/44

# अपहरण नहीं, साइबर ठगी की साजिश

## नालंदा पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र में युवक के कथित अपहरण का मामला जांच में साइबर ठगी की सुनियोजित साजिश निकला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कथित अपहृत युवक शिव कुमार वर्मा को छपरा कचहरी से सकुशल बरामद कर लिया। मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई 2026 को अहियाचक निवासी चंदन कुमार ने कतरीसराय थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई शिव कुमार वर्मा पटना दवा लाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। उसी रात करीब 12:45 बजे चंदन कुमार के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को साइबर थाना का कर्मी बताते हुए शिव कुमार को छोड़ने के एवज में 2.50 लाख रुपये की मांग की। परिजनों ने डर के कारण शिव कुमार के बैंक खाते में 2.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। शिकायत के आधार पर कतरीसराय थाना में कांड संख्या 354/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर राजगीर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में पता चला कि मामला अपहरण का नहीं, बल्कि साइबर ठगी का पूर्व नियोजित षड्यंत्र था। जांच में खुलासा हुआ कि शिव कुमार वर्मा स्वयं साइबर ठगी से जुड़े गिरोह के संपर्क में था और छह प्रतिशत कमीशन के बदले अपना बैंक खाता उपलब्ध कराने गया था। पुलिस ने छापेमारी कर उसे छपरा कचहरी से सकुशल बरामद किया। उसकी निशानदेही पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर बस स्टैंड निवासी सुधीर कुमार, धनरूआ थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी जितेंद्र कुमार तथा खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के भुतौली मालपा निवासी एवं वर्तमान में आरपीएफ दानापुर के वेस्ट जजेज कॉलोनी निवासी अनुपम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क की भी गहन जांच जारी है।

# 35 वर्षों बाद भागन बीघा देवी मंदिर में आषाढ़ी पूजा संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड के भागन बीघा बाजार स्थित देवी मंदिर में 35 वर्षों बाद आयोजित आषाढ़ी पूजा का पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुक्रवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित भंडारे में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे करीब दो हजार श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन संयोजक रवि रंजन पांडेय ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से विभिन्न कारणों से मंदिर में आषाढ़ी पूजा का आयोजन नहीं हो सका था। इस वर्ष ग्रामीणों के सहयोग और सामूहिक प्रयास से पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और माता रानी के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी से आयोजन को विशेष भव्यता मिली। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में रवि रंजन पांडेय, राजेश कुमार, अशोक कुमार, विजय मेहदी, राजू चौधरी, विशुनदेव प्रसाद, केदार प्रसाद वर्मा, कृष्ण प्रसाद, शशिभूषण पांडेय, पवन कुमार, सुनील कुमार, पदार्थ पासवान, अजीत चौधरी सहित आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन पर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में खुशहाली, सामाजिक सौहार्द और समृद्धि की कामना की।

# पावापुरी में जीएसटी जांच से बाजार में हड़कंप, जांच में नहीं मिली कोई अनियमितता

**गिरियक/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पावापुरी जलमंदिर मार्ग स्थित जनता हार्डवेयर में शुक्रवार को पटना एवं नालंदा अन्वेषण ब्यूरो तथा वाणिज्य-कर विभाग की संयुक्त टीम ने जीएसटी से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जांच का नेतृत्व वाणिज्य-कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने किया। अधिकारियों ने दुकान के जीएसटी से जुड़े दस्तावेजों का गहन सत्यापन किया। जांच के बाद सभी अभिलेख सही पाए गए और किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिली। विभागीय टीम के बाजार पहुंचते ही अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद कर दीं। बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायत के आधार पर जांच की गई थी, लेकिन कोई गड़बड़ी नहीं मिली। जांच पूरी होने के बाद बाजार की स्थिति सामान्य हो गई और दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान फिर से खोल दिए।

## एक नजर

### मिल्की गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न

**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड के मिल्की गांव में आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पूरे आयोजन के दौरान गांव हरे राम-हरे कृष्ण के संकीर्तन से भक्तिमय बना रहा। समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया एवं पैक्स अध्यक्ष जिवेश कुमार शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ हरिनाम संकीर्तन में भाग लेते हुए कहा कि अखंड कीर्तन सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है, जो समाज में प्रेम, भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करती है। उन्होंने प्रत्येक गांव में ऐसे धार्मिक आयोजनों की परंपरा को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम की सफलता में बबलू कुमार, अदालत कुमार, छोटू कुमार, आकाश कुमार, सोनू कुमार, रजनीश कुमार, भोला प्रसाद, नवीन कुमार, ललित यादव और पंकज कुमार उर्फ के.पी. यादव सहित आयोजन समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रही।

### रहस्यमय ढंग से लापता हुई नवविवाहिता

**बिहारशरीफ**। लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी मोहल्ले से एक नवविवाहिता के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिला घर से निकलते समय अपने साथ जेवरात, कीमती कपड़े और अन्य सामान भी ले गई। मामले में थाना में आवेदन देकर उसकी तलाश की मांग की गई है। परिजनों के अनुसार, करीब दो वर्ष पहले पटना जिले के दनियावां थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी मनोज कुमार की पुत्री खुशबू कुमारी की शादी बड़ी पहाड़ी निवासी संजीव कुमार से हुई थी। पति का कहना है कि विवाह के बाद से दोनों के बीच अक्सर घरेलू विवाद होते थे। घटना के दिन संजीव कुमार और उनके पिता बाजार गए थे, जबकि घर पर केवल बुजुर्ग सास थीं। इसी दौरान खुशबू कुमारी घर से चली गईं। बाद में घर की तलाशी लेने पर जेवर, कीमती कपड़े और अन्य सामान भी गायब मिले। ससुर कामेश्वर प्रसाद ने आवेदन में कुछ आशंकाएं भी जताई हैं। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन आरोपों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। लहेरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### विधानसभा में गूंजा बिहारशरीफ के जलजमाव का मुद्दा

**बिहारशरीफ**। बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में बिहारशरीफ के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने शहर की वर्षों पुरानी जलजमाव और बाढ़ की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि पंचाने नदी में जमी गाद के कारण बरसात में जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे कई मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने देवीसराय से सोहसराय होते हुए रहुई तक नदी की व्यापक गाद सफाई कराने तथा कोसुक से निर्माणाधीन रिवर फ्रंट परियोजना का विस्तार बिहारशरीफ, सोहसराय और बबुरबन्ना तक करने की मांग की। उनका कहना था कि इससे नदी संरक्षण, पर्यावरण, पर्यटन और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। सदन में उपमुख्यमंत्री ने पंचाने नदी की सफाई के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जबकि नगर विकास मंत्री ने रिवर फ्रंट विस्तार के लिए शीघ्र विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कराने का आश्वासन दिया। इस पर डॉ. सुनील कुमार ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बारिश से भोभी बाजार में जलजमाव

**नगरनौसा**। लगातार हो रही बारिश के कारण नगरनौसा प्रखंड की कचियावां पंचायत स्थित भोभी बाजार में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। मुख्य सड़क पर पानी जमा रहने से राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी के लिए नाले की व्यवस्था नहीं होने से हर वर्ष बरसात में यही स्थिति बन जाती है। जलजमाव के कारण लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जबकि दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नाला निर्माण कराकर स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# कलश यात्रा के साथ आदमपुर में अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक**। प्रखंड के आदमपुर गांव में शुक्रवार को 501 महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की भव्य कलश यात्रा के साथ 24 घंटे के अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे, जयघोष और भक्ति गीतों के बीच निकली कलश यात्रा से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रा में भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया।पुजारी पंडित पवन पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, रंजन पाण्डेय एवं राजीव पाण्डेय ने बताया कि श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्धारित स्थल से कलश में जल भरकर महादेव स्थान पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद "हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे" के अखंड हरिनाम संकीर्तन की शुरुआत हुई, जो लगातार 24 घंटे तक चलेगा। आयोजन समिति के अनुसार संकीर्तन के दौरान भजन-कीर्तन, भगवान की आराधना एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन में भाग लेने और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। कार्यक्रम को लेकर पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गिरियक थाना अध्यक्ष श्रीकांत कुमार एवं एएसआई अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कलश यात्रा में अमन शर्मा, रवि कुमार, मुकेश, पप्पू यादव, गजेंद्र, शत्रुघ्न, अजीत, मुन्ना कुमार, अजय, नित्यानंद, अंकित पंडित, बबलू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# डीएसपी ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हिलसा-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) कुमार ऋषिराज ने शुक्रवार को तेल्हाड़ा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य थाना की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था को बढ़ावा देना था।निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने थाना भवन, हाजत, मालखाना, सिरिस्ता कक्ष तथा सीसीटीएनएस कक्ष का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने लूट, डकैती, एफआईआर, फरारी पंजी सहित विभिन्न अभिलेखों की जांच कर उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया।इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। डीएसपी ने पॉक्सो अधिनियम एवं एससीध्एसटी एक्ट से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लंबित वारंटों के निष्पादन, इश्तेहार और कुर्की की कार्रवाई में भी तेजी लाने पर बल दिया।डीएसपी कुमार ऋषिराज ने गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार थाना के कार्यों के डिजिटलीकरण में तेजी लाने तथा सीसीटीएनएस प्रणाली का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों का समय पर निष्पादन और आधुनिक पुलिसिंग विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# राजगीर में पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर**। राजगीर में शुक्रवार को पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक विधि-विधान के साथ निकाली गई। मेला थाना परिसर से शुरू हुई यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। रथयात्रा मेला थाना परिसर से सूर्यकुंड, ब्रह्मकुंड, किला मैदान, बस स्टैंड, पटेल चौक, धर्मशाला रोड, जेपी चौक, मुख्य बाजार और थाना रोड होते हुए पुनः मेला थाना परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालु "जय जगन्नाथ" के जयघोष के साथ रथ के पीछे चलते रहे। विशेष आकर्षण यह रहा कि रथ की एक ओर की रस्सी पुरुषों ने, जबकि दूसरी ओर की रस्सी महिलाओं ने खींची। महिलाओं में इसको लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की तथा समापन के बाद आयोजित भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में समिति के अध्यक्ष महेंद्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति, विनोद उपाध्याय, मनोज कुमार विश्वकर्मा, रंजीत कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार मालाकार, प्रवीण सिंह, मीरा कुमारी, गिरजा नंदन पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नवादा

# नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नीट पेपर लीक मामले को लेकर जारी छात्र आंदोलन एवं बढ़ते विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर नवादा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व जिला पदाधिकारी (डीएम) रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनव धीमान ने किया। फ्लैग मार्च में जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल हुए। शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुलिस बल ने लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन ने आम लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। साथ ही विरोध-प्रदर्शन के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। प्रशासन ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी भी प्रकार की हिंसा, उपद्रव, तोड़फोड़ अथवा सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन और पुलिस की टीम ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर भी निगरानी रखी जा रही है। फ्लैग मार्च के जरिए प्रशासन ने संदेश दिया कि नवादा में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

# जिलेभर में आयोजित हुई जनसुनवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान–जीवन आसान के अंतर्गत आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं का सरल, सुलभ एवं सम्मानजनक लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित कर आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय ने की। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 38 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर परिवादियों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना मुफस्सिल अंतर्गत ग्राम सादीपुर की माधुरी कुमारी ने बिजली बिल में सुधार से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। थाना थाली अंतर्गत ग्राम पत्थल चट्टी के नितीश कुमार ने चापाकल स्थापना की मांग की। थाना थाली के ग्राम डेरा निवासी सुमित कुमार ने जन्म प्रमाण-पत्र निर्गत कराने के संबंध में आवेदन दिया। वहीं थाना सिरदला अंतर्गत ग्राम सिंधौल के सोनू कुमार यादव ने अतिक्रमण से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को जनसुनवाई में प्रस्तुत किया गया।

जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# इनर व्हील क्लब नवादा ने कन्या विद्यालय में चलाया स्वच्छता व जागरूकता अभियान

**स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी स्वस्थ जीवन की पहचान**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। इनर व्हील क्लब नवादा की ओर से राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, प्रसाद बिगहा में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण करने के साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। क्लब की ओर से विद्यालय को दो डस्टबिन भी दान किए गए, ताकि छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े और विद्यालय परिसर साफ-सुथरा बना रहे। इस अवसर पर डॉ. गिसू श्वेता ने छात्राओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव एवं इसके प्रति सावधानी के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए उपलब्ध वैक्सीन के महत्व के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के बीच कॉपी एवं सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। क्लब की अध्यक्ष रेखा रानी ने कहा कि पेड़ लगाना ही हमारा उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि लगाए गए पौधों की उचित देखभाल भी जरूरी है। पेड़ धरती का श्रृंगार हैं और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी स्वस्थ जीवन की पहचान हैं। पर्यावरण जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष रेखा रानी, सचिव पुष्पा कुमारी, उपाध्यक्ष अंजना सिन्हा, एडिटर जयलक्ष्मी सिन्हा, कोषाध्यक्ष कशिश सिन्हा, आईएसओ मुस्कान कुमारी, पास्ट प्रेसिडेंट रेणुका मघैया सहित सावित्री बरनवाल, बिन्नी प्रसाद, रीता दीक्षित, आदिति गोयल, रीता चंद्रा, आशा देवी, संध्या सिंह, संध्या जायसवाल, डॉ. उर्मिला भगत, डॉ. पिंकी बरनवाल, डॉ. गिसू श्वेता, उषा बरनवाल एवं रजनी जी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रही।

# रजौली में सर्वर डाउन होने से हाहाकार

**जाति-आवासीय-आय प्रमाण पत्र बनवाने आए लोग घंटों परेशान, प्रखंड-कैफे में जगह लंबी कतार**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। सर्वर डाउन होने के कारण शुक्रवार को रजौली प्रखंड क्षेत्र में आम लोगों का जरूरी काम ठप हो गया। जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र सहित अन्य आरटीपीएस सेवाओं के लिए आए आवेदकों को साइबर कैफे से लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय तक घंटों भटकना पड़ा। सुबह से ही प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने कागजात लेकर साइबर कैफे पहुंचे। लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण ऑनलाइन आवेदन ही नहीं हो पाया। कैफे संचालकों ने लोगों को प्रखंड कार्यालय जाने की सलाह दी। वहां भी स्थिति जस की तस रही। आरटीपीएस काउंटर पर भी कंप्यूटर स्क्रीन पर "सर्वर एरर" दिखता रहा। नतीजतन छात्र, नौकरी के अभ्यर्थी और आम नागरिक घंटों तक सर्वर ठीक होने का इंतजार करते रहे। कई लोग मायूस होकर बिना काम कराए ही वापस लौट गए। प्रखंड परिसर में मौजूद आवेदकों ने कहा कि "कॉलेज में नामांकन की अंतिम तिथि है, जाति प्रमाण पत्र के लिए तीन दिन से दौड़ रहे हैं। सर्वर ही नहीं चल रहा।" इस संबंध में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि टेक्निकल इशू के कारण कभी-कभी इस तरह की परेशानी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरटीपीएस काउंटर पर कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा ऑनलाइन का कार्य लगातार किया जा रहा है और सर्वर ठीक होते ही सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता पर किया जाएगा। वहीं लगातार सर्वर डाउन होने से आरटीपीएस की ऑनलाइन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जरूरी कागजात के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।

# नवादा : शराब जब्त 23 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा पुलिस की ओर से 23 जुलाई 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को लेकर चलाए गए विशेष अभियान में कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें हत्या के आरोप में 2, हत्या के प्रयास में 5, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 3 तथा अन्य मामलों में 13 गिरफ्तारियां शामिल हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 56 लीटर देसी महुआ शराब भी बरामद की। पुलिस के अनुसार वाहन जांच अभियान के तहत कुल 410 वाहनों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 1 लाख 91 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा दो कुर्की आदेशों का निष्पादन किया गया। पुलिस ने दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन, दो अपहृता एवं एक अपहृत को बरामद करने के साथ पाइप, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा और तसला भी जब्त किया। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पकरीबरावां थाना कांड संख्या 194/26 में बीएनएस के अभियुक्त पंकज मिस्त्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 359/26 में अभियुक्त कपिल प्रसाद को गिरफ्तार किया गया।

### फसल चराने के विवाद में मारपीट, तीन घायल, प्राथमिकी

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में फसल चराने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हिरा यादव को कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया। बताया गया कि हिरा यादव के खेत में लगी मूंग की फसल आरोपित पक्ष के पशुओं द्वारा चर लिए जाने के बाद उनका कामेश्वर यादव से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद हिरा यादव ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर कामेश्वर यादव सहित नौ लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 26 जुलाई को सभी पंचायतों में होगा पंचायत विकास दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों में 26 जुलाई को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आमसभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जी राम जी) 2026 के तहत प्राथमिकता वाली विकास योजनाओं का चयन कर उन्हें विकसित ग्राम पंचायत योजना में शामिल किया जाएगा। मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद असलम हुसैन ने बताया कि बैठकों में जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। रोजगार सृजन, जल संरक्षण, सड़क, नाली, पुलिया, विद्यालय, खेल मैदान, ग्रामीण हाट, सामुदायिक भवन, पुस्तकालय, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वयं सहायता समूहों के लिए वर्कशेड तथा पशु शेड जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रस्ताव देने की अपील की।

### कौआकोलः नियम तोड़ने वालों का कटा चालान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को कौआकोल थाना पुलिस ने प्रखंड कार्यालय गेट के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व प्रशिक्षु एसआई सोनू कुमार गुप्ता और एएसआई धनंजय कुमार ने किया। जांच के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस तथा हेलमेट की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऑनलाइन चालान काटे गए और उन्हें भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की।

### निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन नारदीगंज में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सीएचसी नारदीगंज के सौजन्य से किया गया था। जिसकी अध्यक्षता सभापति प्रवीण कुमार ने किया।आयोजित शिविर में दर्जनों पेनशरों का स्वास्थ्य जांच किया गया। डॉ प्रवीण कुमार ने सभी का स्वास्थ्य जांच किया। जांचोपरांत सभी को आवश्यक दवाई और परमर्श दिया गया। एएनएम रिंकी कुमारी ने सभी पेंशनरों का बीपी और खून जाँच किया। मौके पर बलिराम प्रसाद सिंह, रामशरण सिंह, यमुना सिंह, कैलाश प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, सिया शरण दास, नरेश कुमार, रघुनंदन प्रसाद,राम लखन प्रसाद, सुखदेव प्रसाद समेत दर्जनों पेनशर मौजूद थे।

# वीबीजी राम जी अधिनियम से ग्रामीण रोजगार और आजीविका को नई दिशा : श्रवण कुमार

- राज्य में जीविका अभियान से 1 करोड़ 81 लाख से अधिक परिवार जुड़े
- स्वयं सहायता समूहों को 73 हजार 53 करोड़ रुपये का बैंक ऋण
- प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 1 करोड़ 4 लाख 90 हजार नए नाम अनुशंसित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार विधानसभा में अपने विभाग के अभिभाषण के दौरान कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम-2025 (वीबीजी राम जी) लागू कर मनरेगा अधिनियम-2005 का स्थान लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कानून विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण रोजगार, आजीविका और टिकाऊ विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका और जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता दी गई है। ग्राम पंचायत आधारित योजनाओं को पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान से जोड़ा गया है तथा डिजिटल तकनीक, बायोमैट्रिक उपस्थिति, जीपीएस ट्रैकिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए रोपनी, बुआई और कटनी के दौरान 60 दिनों तक योजना के कार्य बंद रखने का प्रावधान किया गया है। श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य में जीविका अभियान से 1 करोड़ 81 लाख से अधिक परिवार जुड़े हैं। स्वयं सहायता समूहों को 73 हजार 53 करोड़ रुपये का बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया है तथा 91 लाख 11 हजार से अधिक जीविका दीदियों का बीमा कराया गया है। बकरी पालन, कृषि, मधुमक्खी पालन और महिला उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 1 करोड़ 4 लाख 90 हजार नए नाम केंद्र सरकार को भेजे गए हैं। वर्ष 2026-27 में 1 लाख 91 हजार 466 ग्रामीण आवास पूरे किए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास स्थल क्रय योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के माध्यम से भूमिहीन एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान, खेल मैदान निर्माण, आधार पंजीकरण, प्रखंड कार्यालय भवन निर्माण और सात निश्चय के तहत रोजगार सृजन जैसे कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जीविका में 2,446 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए हैं।

# सम्राट सरकार के 100 दिन पूरे होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

## पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई का किया उल्लेख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के दौरान पूरे सदन की ओर से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार के सफलतापूर्वक 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्रियों, मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों तथा बिहार की जनता को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। सदन को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से संबंधित विभाग को फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट और सख्त रुख युवाओं के हितों की रक्षा के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाता है।विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में अपना अनशन समाप्त कर दिया है। उन्होंने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि संवाद और समाधान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार ने भी पेपर लीक को संगठित अपराध की श्रेणी में शामिल करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को और मजबूत करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने पेपर लीक के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लिया है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन कदमों से प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता बनी रहेगी तथा युवाओं का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

# बिहार के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प, इको टूरिज्म के लिए बनेगा मास्टर प्लान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में ईको टूरिज्म को नई पहचान देने की दिशा में बड़ी पहल की है। पर्यटन विभाग प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए नया ईको टूरिज्म मास्टर प्लान तैयार करेगा। इसके तहत प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की संभावनाओं का आकलन कर चरणबद्ध विकास की कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि बिहार को देश के प्रमुख ईको टूरिज्म गंतव्यों में शामिल किया जा सके। पर्यटन विभाग के अनुसार राज्य में ईको टूरिज्म की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए योजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में उन स्थलों की पहचान की जाएगी जहां प्राकृतिक पर्यटन को विकसित करने की अधिक संभावना है। इन स्थानों पर सड़क, आवागमन, पर्यटक सुविधाएं और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास कर पर्यटकों के लिए आकर्षक एवं सुविधाजनक वातावरण तैयार किया जाएगा। योजना के पहले चरण में सात जिलों को प्राथमिकता दी गई है। इनमें नालंदा, पश्चिम चंपारण, अररिया, किशनगंज, बांका, कैमूर और सहरसा शामिल हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में सबसे अधिक पर्यटक नालंदा पहुंचे हैं जबकि पर्यटकों की संख्या में सबसे तेज वृद्धि कैमूर जिले में दर्ज की गई है। प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता के कारण कैमूर तेजी से राज्य के प्रमुख ईको टूरिज्म केंद्र के रूप में उभर रहा है। मास्टर प्लान के तहत चयनित स्थलों के व्यवस्थित, सतत और आर्थिक विकास के लिए रणनीतिक ब्लूप्रिंट तैयार किया जाएगा। योजना का उद्देश्य केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित करना भी है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस पहल से बिहार में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी, निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही, स्थानीय समुदायों की भागीदारी से ईको टूरिज्म को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

# महाप्रबंधक ने किया पटना-झाझा-पटना रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना-झाझा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा इस रेलखंड के मध्य स्थित पुल-पुलियों, ओएचई एवं रेलवे ट्रैक का संरक्षा की दृष्टिकोण से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक झाझा स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने रनिंग रूम, क्रू-लॉबी, पैनल रूम एवं मेमू शेड सहित संरक्षा से जुड़े संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिए तथा रेल कर्मियों को संरक्षा के प्रति हमेशा सतर्क रहने का निर्देश दिए। मेमू शेड के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर मेमू शेड के आंतरिक भागों का जायजा लिया गया तथा अधिकारियों को यात्री सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए मेमू रैक के अनुरक्षण कार्य को संपादित करने निर्देश दिया। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा झाझा मेमू शेड स्थित नवनिर्मित सभागार कक्ष का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात महाप्रबंधक द्वारा झाझा रेलवे कॉलोनी एवं आवासों का भी निरीक्षण किया गया।

# प्रशांत किशोर पहले बिहार की जनता से ठगे हुए पैसे वापस करें : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो व्यक्ति बिहार की जनता से कथित तौर पर लिए गए 20 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दे सकता उसे दूसरों पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार लाभ अभियान के नाम पर प्रशांत किशोर ने बिहार की लगभग एक करोड़ जनता से पीला कार्ड के नाम पर 20-20 रुपये लेकर करोड़ों रुपये जुटाए, लेकिन आज तक यह नहीं बताया कि इस अभियान से किसी एक भी परिवार को क्या लाभ मिला। श्री सिन्हा ने कहा कि यह पैसा बिहार के गरीब और मेहनतकश लोगों की गाढ़ी कमाई का है। प्रशांत किशोर पहले बिहार की जनता से कथित तौर पर ठगे हुए पैसे वापस करे और हर रुपये का सार्वजनिक हिसाब दें। जनता अब खोखले दावों से नहीं, बल्कि जवाबदेही से संतुष्ट होगी। उन्होंने कहा कि अगर परिवार लाभ अभियान वास्तव में जनहित का अभियान था तो प्रशांत किशोर को यह भी बताना चाहिए कि पीला कार्ड लेने वाले कितने परिवारों को क्या लाभ मिला। जनता के पैसे लेकर केवल वादे करना और फिर जवाबदेही से बचना बिहार की जनता के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनता ऐसे लोगों को करारा जवाब देगी जो पारदर्शिता का दावा तो करते हैं, लेकिन अपने ही अभियान और जनता से लिए गए पैसों का हिसाब देने से बचते हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने जारी किया अपना आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत का आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट जारी किया गया है। तीन प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्वीटर), फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बनाए गए इनके आधिकारिक एकाउंट पर आमजन सीधे संवाद कर सकते हैं या किसी तरह की समस्या को भी साझा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उनसे एवं स्वास्थ्य महकमा से संबंधित सभी सूचनाएं, वक्तव्य, कार्यक्रम और जनहित से जुड़े तमाम संदेशों की प्रामाणिक जानकारी भी इन एकाउंट से प्राप्त की जा सकती है। आमजन, मीडिया प्रतिनिधियों तथा संबंधित सभी पक्षों से अनुरोध है कि वे सिर्फ स्वास्थ्य मंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जारी सूचनाओं को ही आधिकारिक एवं प्रामाणिक मानें। स्वास्थ्य मंत्री के स्तर से इसे लेकर विज्ञप्ति जारी कर पूरी जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी अपुष्ट, भ्रामक या फर्जी सूचना पर विश्वास करने से पहले कृपया आधिकारिक हैंडल पर उपलब्ध जानकारी का अवश्य सत्यापन करें। स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय समय-समय पर विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, विभागीय गतिविधियों, जन कल्याणकारी योजनाओं तथा महत्वपूर्ण घोषणाओं की जानकारी इन्हीं आधिकारिक माध्यमों से साझा करता है। सभी नागरिकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे इन्हीं आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अनुसरण करें तथा केवल इन्हीं पर जारी सूचनाओं को अधिकृत एवं विश्वसनीय मानें।

## शानदार उपलब्धि के साथ अमरेंदु प्रकाश का स्वागत कर रहा हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड

# नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी को रिकॉर्ड तिमाही प्रदर्शन के बीच मिली जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**पटना।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत में ही अब तक के सबसे शानदार पहली तिमाही के प्रदर्शन के साथ अपने नए सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक अमरेंदु प्रकाश का स्वागत कर रहा जिन्हें कंपनी के निदेशक मंडल ने 1 अगस्त 2026 से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया है। अमरेंदु प्रकाश पहले सेल के अध्यक्ष थे और उन्होंने हाल ही में इस पद से इस्तीफा दे दिया था। कंपनी ने पहली तिमाही में परिचालन से 13,747 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक तिमाही राजस्व अर्जित किया जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 77 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में 8,074 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक एबिट्डा दर्ज हुआ जिसमें 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी का शुद्ध लाभ 5,469 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो साल-दर-साल 145 प्रतिशत अधिक है। हिंदुस्तान जिंक ने लगातार पांचवें वर्ष पहली तिमाही में 268 किलो टन का सर्वाधिक खनन धातु उत्पादन दर्ज किया। जस्ता (जिंक) उत्पादन लागत घटकर 851 अमेरिकी डॉलर प्रति टन रही, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 16 प्रतिशत कम है। कंपनी ने वृद्धि संबंधी पूंजीगत निवेश से पहले 5,253 करोड़ रुपये का मजबूत मुक्त नकदी प्रवाह दर्ज किया। साथ ही 11 रुपये प्रति शेयर का पहला अंतरिम लाभांश घोषित किया गया जिसकी कुल राशि 4,648 करोड़ रुपये है। कंपनी के अनुसार कुल बिजली खपत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा कर्नाटक के गुंडलुपेट में दुर्लभ मृदा तत्व और इट्रियम ब्लॉक की खनन लीज भी प्राप्त हुई है। इस तिमाही में कंपनी ने रॉयल्टी सहित सरकारी खजाने में लगभग 6,450 करोड़ रुपये का योगदान दिया। कंपनी ने यह भी बताया कि अमित गुप्ता ने 1 जून 2026 से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया है। नए नेतृत्व और रिकॉर्ड वित्तीय प्रदर्शन के साथ कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत की है।

# रौनियार वैश्य प्रबुद्ध सम्मेलन में समाज की एकजुटता पर जोर, बांकीपुर उपचुनाव पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में एग्जीबिशन रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में रौनियार वैश्य प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने की जबकि संचालन एवं संयोजन दिलीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। सम्मेलन में भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों से बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विधायक संजय कुमार गुप्ता, बबलू कुमार गुप्ता, भाजपा प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष अंकुर कुमार गुप्ता, भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के संयोजक जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, जदयू व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने समाज के लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, साहित्यकार, पत्रकार, कलाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# छात्रों पर दमन के विरोध में पूरे प्रदेश में कांग्रेस का कैंडल मार्च आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को शनिवार 25 जुलाई 2026 को सायंकाल अपने-अपने जिला मुख्यालयों में नीट-सीबीएसई परीक्षा में अनियमितताओं और आंदोलित छात्रों के दमन के खिलाफ विशाल कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजन करने का निर्देश दिया है। यह कैंडल मार्च संबंधित जिलों में महात्मा गांधी अथवा डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक निकाला जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से नीट एवं सीबीएसइ से जुड़ी अनियमितताओं, परीक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही विसंगतियों तथा विद्यार्थियों पर हुए दमनात्मक हमलों की कड़ी निंदा की जाएगी। कांग्रेस पार्टी इस आयोजन के माध्यम से देश के विद्यार्थियों और युवाओं के साथ अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त करेगी तथा उनके लोकतांत्रिक अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण की मांग को मजबूती से उठाएगी। कांग्रेस का मानना है कि देश के युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्रों के सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में विद्यार्थियों का बढ़ा उत्साह, स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर लैब में नियमित रूप से चल रही गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा, वैशाली।** जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में इन दिनों शिक्षा का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिल रहा है। संस्थान के स्मार्ट क्लासरूम एवं अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आधुनिक शिक्षण पद्धति के अनुरूप थ्योरी एवं प्रैक्टिकल दोनों माध्यमों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है जिससे विद्यार्थियों का समग्र कौशल विकास सुनिश्चित हो रहा है। संस्थान में कौशल युवा कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न कंप्यूटर एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की कक्षाएं सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संचालित की जा रही हैं। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा डिजिटल लर्निंग, एमएस ऑफिस, इंटरनेट, संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा रोजगार से संबंधित आवश्यक विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता, आत्मविश्वास एवं रोजगार क्षमता का निरंतर विकास हो रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष, आत्मनिर्भर एवं रोजगार के योग्य बनाना है। उन्होंने बताया कि संस्थान में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन, नियमित मूल्यांकन एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण यह क्षेत्र के युवाओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने युवाओं एवं अभिभावकों से अपील की कि वे कौशल आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दें और समय का सदुपयोग करते हुए रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त करें।

# गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण डिजिटल निगरानी : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बिहार में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त, प्रभावी तथा परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में शुरू किए गए समेकित मातृ देखभाल समन्वय (आईएमसीसी) मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी। इससे गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण डिजिटल निगरानी, प्रसव पूर्व जांच, संभावित प्रसव तिथि एवं उच्च जोखिम गर्भावस्था की वास्तविक समय में निगरानी डिजिटल कमांड एवं नियंत्रण केंद्र के माध्यम से केंद्रीकृत अनुश्रवण एवं अनुवर्ती कार्रवाई, आशा, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय समेत अनेक लाभ होंगे।

# हमारे छात्र राष्ट्र के कर्णधार, शांति एवं संयम बनाए रखें : डॉ. अशोक वर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने पेपर लीक प्रकरण को लेकर देशभर में चल रहे छात्र आंदोलन के बीच छात्र-छात्राओं से शांति, संयम और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छात्रों की पीड़ा और आक्रोश स्वाभाविक है क्योंकि उनका भविष्य देश के भविष्य से जुड़ा है, लेकिन आंदोलन की बढ़ती उग्रता से देश के अनेक हिस्सों में अराजकता जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है जो न तो छात्रों के हित में है और न ही राष्ट्रहित में। डॉ. वर्मा ने कहा कि कुछ राजनीतिक और असामाजिक तत्व छात्रों की भावनाओं को भड़काकर अपने स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं को ऐसे किसी भी बहकावे में नहीं आना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगी तथा छात्रों के हितों की पूर्ण रक्षा करेगी। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे हिंसा, तोड़फोड़ और उग्र प्रदर्शन से दूर रहकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाएं।

# केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना में द्वितीय त्रैमासिक राज्य संवाद सह कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड एवं राज्य सरकारों द्वारा भूजल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के मध्य बेहतर समन्वय एवं तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से द्वितीय त्रैमासिक राज्य संवाद-सह-कार्यशाला का आयोजन 24 जुलाई 2026 किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार, अभियंता प्रमुख, लोअर गंगा बेसिन संगठन, केंद्रीय जल आयोग थे। कार्यशाला में जल संसाधन विभाग, केंद्रीय जल आयोग, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,भूमि संरक्षण निदेशालय सहित बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। अपने संबोधन में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने कहा कि केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड भूजल संबंधित एक अग्रणी वैज्ञानिक संगठन है जो देश में भूजल के वैज्ञानिक सर्वेक्षण, मूल्यांकन, संरक्षण एवं सतत प्रबंधन के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि इस राज्य संवाद कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य राज्यों के साथ भूजल संबंधी वैज्ञानिक आंकड़ों, अध्ययनों एवं तकनीकी जानकारियों को साझा करना है, इनका उपयोग योजनाओं के निर्माण, नीति-निर्धारण तथा प्रभावी भूजल प्रबंधन में किया जाए।

# पटरंगम 2026 के दूसरे दिन शिक्षा और सामाजिक व्यवस्था पर आधारित नाटकों ने दर्शकों को किया प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के सहयोग तथा विश्वा, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'पटरंगम 2026 पटना रंग महोत्सव' के दूसरे दिन प्रेमचंद रंगशाला, राजेंद्र नगर में शिक्षा, प्रशासनिक व्यवस्था और सामाजिक बदलाव जैसे समसामयिक विषयों पर आधारित नुक्कड़ एवं रंगमंचीय नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रंगकर्मियों, साहित्यकारों और कला प्रेमियों ने भाग लिया। शाम को लोक बाग प्रस्तुति, पटना द्वारा 'सिक्योरिटी गार्ड की बहाली' नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमें सरकारी भर्ती प्रक्रिया और प्रशासनिक विसंगतियों पर हास्य-व्यंग्य के माध्यम से तीखा कटाक्ष किया गया। इसके बाद सुगम साहित्य संचार समिति ने 'मास्टरनी साहिबा' नाटक प्रस्तुत किया। निर्देशक सरिता कुमारी के निर्देशन में मंचित इस नाटक में ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था, महिला शिक्षकों के संघर्ष तथा शिक्षा के माध्यम से समाज में आने वाले सकारात्मक बदलाव को संवेदनशील ढंग से दर्शाया गया। नाटक में कलाकारों के सशक्त अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजक राजेश राजा ने बताया कि 25 जुलाई को महोत्सव के अंतिम दिन भी बिहार के विभिन्न रंग समूह सामाजिक सरोकारों से जुड़े नुक्कड़ और रंगमंचीय नाटकों की प्रस्तुतियां देंगे।

# लायंस इंटरनेशनल ने जरूरतमंदों को कराया भरपेट भोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** लायंस इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322 ई के तत्वावधान में गोला रोड स्थित लोटस प्लाजा में मेगा हंगर रिलीविंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान के तहत 1000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। सेवा, समर्पण और मानवता को समर्पित इस आयोजन में डिस्ट्रिक्ट 322 ई के 35 से अधिक लायंस क्लबों के 180 से ज्यादा सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की संयोजिका लायन बबिता सिन्हा ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल ने भूख मिटाने को अपने वैश्विक सेवा उद्देश्यों में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल भोजन वितरित करना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक सम्मान और संवेदना के साथ सहायता पहुंचाना है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी क्लबों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय अवस्थी ने कहा कि आज भी समाज में अनेक लोग ऐसे हैं जिन्हें भरपेट भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे लोगों की सहायता के लिए इस मेगा हंगर रिलीविंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही लायंस इंटरनेशनल की पहचान है। इस सेवा परियोजना को सफल बनाने में लायन रचना खेतान, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप खेतान, लायन बबिता सिन्हा, लायन अंशु अवस्थी एवं लायन नंदा गर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन आर आर सहाय, लायन ई. अशोक कुमार, लायन मधुसूदन कुमार, लायन आर.पी. सिंह, लायन डॉ. विनोद सिंह, लायन मनोहर सिंह, लायन रंजय रॉय, लायन विंध्याचल प्रियदर्शी, लायन मधु श्रीवास्तव, लायन कुमुद सिंह, लायन अरुण सिंह तथा लायन राकेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्य उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## सड़कों से संसद तक गूंजा स्टूडेंट्स का आक्रोश, समाधान कब?

संसद का काम जनहित से जुड़े मसलों पर मंथन कर उन्हें निर्णायक रूप देने का होता है, मगर जब सदन में कोई कामकाज ही नहीं होगा, तो फिर उसके मूल उद्देश्य की पूर्ति कैसे हो पाएगी। प्रवेश परीक्षाओं की प्रणाली में सुधार और जवाबदेही तय करने का मुद्दा अब सड़क से लेकर संसद तक पहुंच गया है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं का विरोध प्रदर्शन जारी है और संसद के दोनों सदनों में विपक्ष इस मसले को जोर-शोर से उठा रहा है। संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।यह सच है कि देश का संविधान हर नागरिक को इजाजत देता है कि वह शासन-प्रशासन या किसी संस्था की नीतियों और निर्णयों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना असंतोष और मांग जाहिर कर सकता है। ऐसे में क्या वजह रही कि प्रदर्शन कर रहे युवाओं से संवाद के बजाय उनके खिलाफ बल प्रयोग करने को ही अंतिम विकल्प मान लिया गया !क्या यह सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि प्रदर्शनकारी युवाओं की मांग पर विचार किया जाए और समाधान का कोई रास्ता निकाला जाए? यही नहीं, संसद में इस मुद्दे पर बने गतिरोध से जो कीमती समय बर्बाद हो रहा है, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? संसद का काम जनहित से जुड़े मसलों पर मंथन कर उन्हें निर्णायक रूप देने का होता है, मगर जब सदन में कोई कामकाज ही नहीं होगा, तो फिर उसके मूल उद्देश्य की पूर्ति कैसे हो पाएगी। दरअसल, नीट में गड़बड़ियों को लेकर काकरोच जनता पार्टी (काजपा) की ओर से जंतर-मंतर पर पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रवेश परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग कर रहे हैं।इस मामले ने बीते शनिवार को तब तूल पकड़ा, जब बीस दिनों से अनशन पर बैठे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने जबरन अस्पताल में भर्ती करा दिया। इसे युवाओं के आंदोलन की आवाज को दबाने के प्रयास के रूप में देखा गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के संसद मार्च के दौरान सुरक्षा बलों के बल प्रयोग से स्थिति बिगड़ गई और कई जगह दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। मगर अहम सवाल यह है कि यह नौबत आने ही क्यों दी गई? सरकार ने समय रहते प्रदर्शनकारी युवाओं से बातचीत कर उन्हें भरोसे में लेने की कोशिश क्यों नहीं की? जाहिर है, अगर सरकार की ओर से यह पहल की जाती, तो प्रदर्शनकारियों के संसद तक मार्च को टाला जा सकता था। प्रदर्शनकारी युवा अब भी जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं और वे अपनी मांगों पर अडिग हैं। वहां ज्यादा भीड़ जमा न हो, इसके लिए बुधवार को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने सत्रह स्टेशनों को बंद कर दिया। मगर इसका खमियाजा उन सैकड़ों यात्रियों को भी भुगतना पड़ा, जो अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए मेट्रो से सफर करते हैं।

# शतकीय यात्रा पर भारतीय प्रसारण

(उमेश चतुर्वेदी )

**आज का दिन भारतीय प्रसारण के इतिहास में विशेष महत्व है। ठीक 99 साल पहले 23 जुलाई 1927 को मुंबई में भारत में पहले व्यवस्थित और संस्थानिक प्रसारण की शुरूआत हुई थी। इस लिहाज से भारतीय प्रसारण आज से अपनी शतकीय सोपान की ओर बढ़ रहा है। इस शतकीय यात्रा में रेडियो की तकनीक में बहुत बदलाव हुआ है। पारंपरिक मीडियम वेब से लेकर शॉर्ट वेब होते हुए रेडियो अब एफएम यानी फ्री[" सी मॉड्यूल के साथ ही डिजिटल दौर में प्रवेश कर गया है। मीडिया के चरित्र में भी सौ साल में बहुत बदलाव हो गया है, लेकिन रेडियो आज भी संवाद और मनोरंजन के सहज संचार माध्यम के रूप में जिंदा है। आसानी से हर जगह उपलब्धता और विशेष तकनीक की वजह से आपदा के क्षणों में संचार के दूसरे माध्यमों की तुलना में रेडियो अब भी सबसे ज्यादा प्रभावी माध्यम बना हुआ है।**

इसे संयोग ही कहेंगे कि जब रेडियो प्रसारण तकनीक का आविष्कार हुआ, उन दिनों देश गुलामी की जंजीरों से बंधा था। लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भारत में भी प्रसारण की प्रेरणा ब्रिटेन से मिली। रेडियो प्रसारण तकनीक के विकास के साथ ही 1922 में बीबीसी का गठन हो चुका था।

आज का दिन भारतीय प्रसारण के इतिहास में विशेष महत्व है। ठीक 99 साल पहले 23 जुलाई 1927 को मुंबई में भारत में पहले व्यवस्थित और संस्थानिक प्रसारण की शुरूआत हुई थी। इस लिहाज से भारतीय प्रसारण आज से अपनी शतकीय सोपान की ओर बढ़ रहा है। इस शतकीय यात्रा में रेडियो की तकनीक में बहुत बदलाव हुआ है। पारंपरिक मीडियम वेब से लेकर शॉर्ट वेब होते हुए रेडियो अब एफएम यानी फ्रीक्वेंसी मॉड्यूल के साथ ही डिजिटल दौर में प्रवेश कर गया है। मीडिया के चरित्र में भी सौ साल में बहुत बदलाव हो गया है, लेकिन रेडियो आज भी संवाद और मनोरंजन के सहज संचार माध्यम के रूप में जिंदा है। आसानी से हर जगह उपलब्धता और विशेष तकनीक की वजह से आपदा के क्षणों में संचार के दूसरे माध्यमों की तुलना में रेडियो अब भी सबसे ज्यादा प्रभावी माध्यम बना हुआ है। समुद्री तूफानों, सुनामी, कश्मीर घाटी की बाढ़ आदि मौकों पर संवाद के लिए रेडियो ने अपनी ताकत और उपादेयता को बार-बार साबित किया है। देश से माओवादी और नक्सली आतंक का खात्मा हो चुका है, लेकिन एक दौर में विशेषकर बस्तर के नक्सली इलाकों में नक्सलियों से संवाद के लिए रेडियो का ही इस्तेमाल किया जाता था। इसे संयोग ही कहेंगे कि जब रेडियो प्रसारण तकनीक का आविष्कार हुआ, उन दिनों देश गुलामी की जंजीरों से बंधा था। लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भारत में भी प्रसारण की प्रेरणा ब्रिटेन से मिली। रेडियो प्रसारण तकनीक के विकास के साथ ही 1922 में बीबीसी का गठन हो चुका था। हालांकि ब्रिटेन में इसके पहले ही निजी और शौकिया प्रसारण की शुरूआत हो चुकी थी। इसका असर भारत पर भी पड़ा। भारत में भी 1920 से 1926 के बीच तत्कालीन बंबई और कलकत्ता में रेडियो क्लबों की शुरूआत हुई। उन क्लबों ने अपने तरीके से प्रसारण के किंचित सफल और ज्यादातर असफल प्रयास भी किये। उन दिनों भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड इर्विन थे। अखबारों की तुलना में रेडियो प्रसारण की अहमियत और प्रभाव को इर्विन समझते थे। शायद यही वजह रही कि भारत में 1926 में गठित इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी का गठन हुआ। कुछ रिकॉर्ड के मुताबिक बांबे प्रेसिडेंसी रेडियो क्लब ने जून 1923 में पहला रेडियो प्रसारण किया। इसके करीब पांच महीने बाद नवंबर 1923 में कलकत्ता रेडियो क्लब की स्थापना हुई। ऐसे ही प्रयास तत्कालीन मद्रास में भी हुए। लेकिन पहला व्यवस्थित और संस्थानिक रेडियो प्रसारण इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने 23 जुलाई 1927 को मुंबई से किया था। इसी वजह से भारत हर साल 23 जुलाई को प्रसारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके महीनेभर बाद 26 अगस्त 1927 को कलकत्ता से बांग्ला में प्रसारण शुरू हुआ।



इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी छह लाख की पूंजी से शुरू की गई थी। कंपनी ने रेडियो प्रसारण के लिए अंग्रेज सरकार से 13 सितंबर 1926 को करार हुआ, जिसके तहत उसने प्रसारण शुरू किया। कंपनी को पूंजी में से साढ़े चार लाख दोनों रेडियो केंद्रों की स्थापना में ही खर्च हो गए। तब आमदनी का स्रोत रेडियो लाइसेंस फीस थी, जो प्रति रेडियो दस रूपए थी। बहुत कोशिशों के बावजूद सिर्फ आठ हजार ही लाइसेंस दिए जा सके। तब प्रसारण डेढ़-डेढ़ किलोवाट के ट्रांसमीटरों से बमुश्किल तीस मील के ही दायरे में हो पा रहा था, लिहाजा रेडियो का प्रसार नहीं बढ़ा। कंपनी को रेडियो प्रसारण के लिए बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही थी। लिहाजा यह कंपनी 1930 में ही बंद हो गई। भारत में आधुनिक प्रसारण की ठोस बुनियाद रखने का श्रेय भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड लिनलिथगो और ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कंपनी के पूर्व प्रसारक लायनेड फील्डेन को जाता है। लिनलिथगो की पहल पर उद्योग और श्रम विभाग के अधीन अप्रैल 1930 में इंडियन स्टेट ब्राडकास्टिंग सर्विस की शुरूआत हुई। इसे रेडियो प्रसारण को नया रूप देना था। इसके बाद अगस्त 1935 में लायनेड फील्डेन को इस सर्विस का कंट्रोलर नियुक्त किया गया। फील्डेन को यह नाम पसंद नहीं आ रहा था। फील्डेन ने अपनी पुस्तक 'नेचुरल बेंट' में लिखा है कि उन्होंने लिनलिथगो को सुझाया कि ब्रॉडकास्टिंग शब्द कठिन है, जो आसानी से भारतीयों की जुबान पर नहीं चढ़ पाएगा। फिर यह नाम भारत सरकार अधिनियम के अनुकूल नहीं है। लिहाजा उन्होंने इसे 'ऑल इंडिया रेडियो' करने का सुझाव दिया। जिसे लिनलिथगो ने स्वीकार कर लिया। इसी के बाद आठ जून 1936 को ऑल इंडिया रेडियो के नाम से दिल्ली के अलीपुर के छह कमरों के एक घर से रेडियो प्रसारण शुरू हुआ। कुछ महीने बाद यह दफ्तर दिल्ली के संसद मार्ग स्थित नए बने प्रसारण भवन में आया और तब से लेकर अब तक दिल्ली केंद्र का प्रसारण वहीं से हो रहा है।

तीन मई 2023 से ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी के नाम से जाना जा रहा है। वैसे ऑल इंडिया रेडियो को आकाशवाणी नाम गांधी जयंती के दिन 1957 में दिया गया, जिसे अगले दिन से लागू किया गया। आकाशवाणी का जिक्र हमारे पौराणिक ग्रंथों में आकाश से आने वाली आवाज या देववाणी के रूप में मिलता है। वैसे आकाशवाणी के नाम से मैसूर के विद्वान एमवी गोपालस्वामी ने 10 सितंबर 1935 से रेडियो प्रसारण शुरू किया था। यह प्रसारण केंद्र मैसूर राजमहल से कुछ सौ मीटर दूर स्थित है। आकाशवाणी का जिक्र 1938 में कलकत्ता में शॉर्ट वेब के प्रसारण की शुरूआत के वक्त भी हुआ। तब प्रसारण के लिए ऑल इंडिया रेडियो ने गुरूदेव रवींद्र नाथ टैगोर से एक कविता मांगी थी। टैगौर ने बांग्ला की जो कविता दी, उसमें रेडियो के लिए आकाशवाणी शब्द का प्रयोग हुआ है।

इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय देश में रेडियो का विस्तार हो रहा था, उन्हीं दिनों स्वाधीनता आंदोलन चरम पर था। उसी दौरान 1942 में डॉक्टर राममनोहर लोहिया और ऊषा मेहता की अगुआई में मुंबई से कांग्रेस रेडियो और रंगून से सुभाष चंद्र बोस ने आजाद रेडियो का प्रसारण शुरू किया। बोस जहां अपने रेडियो के जरिए भारतीय जनता से संवाद कर रहे थे, वहीं कांग्रेस रेडियो भूमिगत ढंग से चलाया जा रहा था। जिसके जरिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्वतंत्रता आंदोलनकारियों को सूचनाएं दी जा रही थीं। उन्हीं दिनों अंग्रेज सरकार ने देश में नौ रेडियो प्रसारण केंद्र स्थापित किए। ये केंद्र दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, लखनऊ, त्रिचिरापल्ली, चेन्नई, ढाका, पेशावर और लाहौर में थे। बंटवारे के बाद भारत के हिस्से छह रेडियो स्टेशन आए, जबकि पाकिस्तान को ढाका, पेशावर और लाहौर स्टेशन मिले। आजादी के बाद देश के पहले सूचना और प्रसारण मंत्रालय की जिम्मेदारी सरदार पटेल को मिली। उन्हें रेडियो की महत्ता का भान था। इसीलिए उन्होंने रेडियो के तेज विकास की नींव रखी। आजादी के बाद पहला रेडियो स्टेशन 16 जुलाई 1948 को शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन पटेल ने किया था। स्वाधीन भारत में रेडियो का चरित्र और लक्ष्य क्या होगा, इसका संकेत सरदार पटेल के उस उद्घाटन भाषण में दिखता है। सार्वजनिक प्रसारक के रूप में रेडियो के लक्ष्य को एक तरह से मद्रास प्रांत के तत्कालीन प्रीमियर सी राजगोपालाचारी ने 1938 में ही रख दिया था। 16 जून 1938 को मद्रास रेडियो स्टेशन का उद्घाटन करते हुए राजगोपालाचारी ने रेडियो को लोक जागरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया था। इसके साथ ही उन्होंने संचार के तेज माध्यम के रूप में रेडियो का शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी जानकारी देने के लिए करने पर जोर दिया था। यहां यह बताना जरूरी नहीं है कि सार्वजनिक प्रसारक के रूप में रेडियो आज भी यह भूमिका बखूबी निभा रहा है। भारतीय इतिहास में रेडियो कई ऐतिहासिक घटनाओं का गवाह रहा है। तीन जून 1947 को भारत विभाजन की योजना की देश को जानकारी रेडियो के जरिए ही मिली। तब माउंट बेटन, नेहरू, जिन्ना और सरदार बलदेव सिंह ने रेडियो के ही माध्यम से अपने विचार रखे थे। 14-15 अगस्त 1947 की दरम्यानी रात को भारत की आजादी के बाद नेहरू के प्रसिद्ध भाषण 'ट्रिस्ट विथ डेस्टिनी' को देश ने रेडियो के जरिए सुना था।

# तत्काल स्वास्थ्य लाभ के चक्कर में डॉक्टर शॉपिंग का नया चलन

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )

डॉक्टर शापिंग के इस दौर में अन्य चिकित्सक की विशेषज्ञ सलाह लेने और चिकित्सक बदलने में हमें अंतर करना होगा। अन्य विशेषज्ञ की सलाह को तो ईलाज कर रहे चिकित्सक को विश्वास में लेकर लेने से ईलाज में और अधिक सकारात्मकता आती है पर बार बार चिकित्सक बदलना उचित नहीं माना जा सकता।

समय के साथ सोच में एक बड़ा बदलाव तेजी से यह देखने में आ रहा है कि यदि जुखाम, बुखार, खांसी जैसी सामान्य बीमारी में भी डॉक्टर की दवा से तत्काल राहत नहीं मिलती तो अब डॉक्टर बदलने में कोई गुरेज नहीं होता। देखा जाएं तो तुरंत स्वास्थ्य लाभ की प्रवृति के कारण डॉक्टर के ईलाज पर विश्वास में कहीं ना कहीं कमी देखने में आने लगी है और इसके परिणाम स्वरुप महानगरों में डॉक्टर शापिंग का नया ही चलन चलने लगा है। खासतौर से मरीज से मिलने-मिलाने वाले चिकित्सक बदलने की सलाह देने में किसी तरह का कोई गुरेज नहीं करते। चिकित्सक बदलने में कोई बुराई नहीं है पर जिस चिकित्सक से ईलाज करवा रहे हैं उससे बीमारी ठीक होने की संभावना के संबंध में चर्चा करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। अन्य चिकित्सक की सलाह लेना और चिकित्सक बदलने में हमें अंतर करके चलना होगा। बीच ईलाज ही बार बार डाक्टर बदलने के कई साइड इफेक्ट से भी दो चार होना पड़ता है और कई बार तो डॉक्टर बदलने का यह प्रयोग ईलाज पर विपरीत प्रभाव और गंभीर संकट में डाल देता है। मिसाल के तौर पर सामान्य खांसी की बीमारी या पेट में गड़बड़ या वाइरल बुखार होने पर जब डॉक्टर द्वारा दवा का जो कोर्स दिया जाता है उसके पूरा होने के पहले ही यानी की मान लो पांच दिन का कोर्स दिया है तो तीसरे दिन ही अधीर होकर दूसरे डॉक्टर की शरण में जाना आम होता जा रहा है। हालांकि यह प्रवृति कुछ ही लोगों में है पर महानगरों और बड़े शहरों में इस तरह की प्रवृति जिस तेजी से बढ़ती जा रही है वह गंभीर चिंता का सबब बनती जा रही है। चिकित्सकीय भाषा में कहा जाए तो यह प्रवृति शापिंग का एक नया रुप डॉक्टर शापिंग के रुप में तेजी से फैलती जा रही है। हो यह रहा है कि इसके साइड इफेक्ट से अनजान होकर आगे बढ़ रहे है।

डॉक्टर शापिंग का कंसेप्ट बीसवीं सदी में नशीली दवाओं की प्राप्ति के लिए किये जाने वाले प्रयासों के लिए चलन में आया था। नशीली दवाओं के आदतन लोग एक से दूसरे डॉक्टर के पास परचा लिखवाने इसलिए जाते थे ताकि नशीली दवाओं का संग्रह कर सके। क्योंकि नशीली दवा एक सीमा तक ही मिलती थी और बिना चिकित्सक के परचे के मिलना लगभग मुश्किल होता था। यही कारण है कि देश और विदेश में नित नए डॉक्टर से परचा लिखवाना और केमिस्ट से दवा प्राप्त करना आम होता जा रहा था। खासतौर से रोक वाली दवाओं को लेकर के यह प्रक्रिया अपनाई जा रही थी। हालांकि इस प्रवृति को रोकने के लिए कई देशों में कानूनी प्रयास किये गए और कुछ हद तक इस पर अंकुश भी लग सका। अमेरिका जैसे देश में इसके लिए डॉक्टर शापिंग लॉ जैसी व्यवस्था की गई। खैर अब चिकित्सा सुविधा के विस्तार और सहजता के साथ ही डॉक्टर शापिंग का कंसेप्ट बदलता जा रहा है।

हो यह रहा है कि जब कोई मरीज यह महसूस करता है कि चिकित्सक की दवा से उसकी बीमारी में तेजी से सुधार नहीं हो रहा तो वह ईलाज के बीच ही दूसरे डॉक्टर की शरण में चले जाता है। खासतौर से यह प्रवृति महानगरों और बड़े शहरों में अधिक तेजी से फैल रही है। इसका कारण यह है कि आज सलाहकारों की लंबी फौज होने के साथ ही रोगी या रोगी के परिजन मैजिक टच की सोच रखने लगे हैं। दूसरा यह कि अब चिकित्सा सुविधा का भी तेजी से विस्तार हुआ है। निजी और सरकारी क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा की सहज उपलब्धता होने के साथ ही मेडिक्लेम जैसी सुविधाएं प्राप्त होने लगी है। सरकारी और निजी विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता के कारण भी यह होने लगा है। बीमारी चाहे सामान्य हो या गंभीर तत्काल सुधार नहीं दिखने पर दूसरे डॉक्टर को दिखाने चले जाते हैं और डाक्टर बदलने का तत्काल जो प्रभाव पड़ता है वह रीसेट बटन होता है यानी कि दूसरा डॉक्टर फिर अपने तरीके से पहले जॉचों का सिलसिला आरंभ करते हैं क्योंकि पहले की डॉक्टर द्वारा कराई गई जांचों में किसी ना किसी तरह की कमी या अन्य कारण बता कर दुबारा से जांचें करवानी पड़ती है। इसके लिए रक्त जांच से लेकर रोग के अनुसार एक्सरे, एमआरआई या अन्य तरह की जांचें भी हो सकती है। इससे बार बार जांच और एक्सरे किरणों से दो चार होने के साथ ही रुपये पैसे का भार भी पड़ता है। एक तरह से बीमारी के पहचान की नए सिरे से प्रक्रिया आरंभ होती है। दवा का नया सिलसिला आरंभ होता है और पूर्व में चल रही एंटिबायोटिक या अन्य दवाओं के स्थान पर जेनेरिक दवाओं के ही दूसरे ब्राण्ड की दवा दी जाती है व कई बार तो पॉली फार्मेसी जैसी स्थिति हो जाती है। दवाओं के असर पर विपरीत प्रभाव की संभावनाओं से भी नहीं नकारा जा सकता। ऐसे में सुधार के स्थान पर जटिलताओं की संभावनाओं से नहीं नकारा जा सकता।

# सरोगेसी के बहाने चल रहे कारोबार पर सरकार का बड़ा प्रहार, नए नियमों से बढ़ेगी पारदर्शिता

(प्रमोद भार्गव)

**भारत दुनिया भर के दंपतियों के लिए किराए की कोख का एक बड़ा व्यावसायिक केंद्र बनता जा रहा है। दरअसल, जो सुविधा वास्तविक जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई थी, वह अमीर दंपतियों के लिए शौक में बदलती जा रही है। सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार के बाद भारत में प्रजनन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसमें किराए पर कोख दिए जाने का व्यवसाय भी शामिल है। चिकित्सा पर्यटन के बहाने विदेशी पर्यटक प्रसूति पर्यटन के लिए भी आ रहे हैं। यह तथ्य है कि पिछले कुछ बरसों में देश में कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों की संख्या 35 से 50 फीसदी बढ़ गई है। इसी अनुपात में कृत्रिम गर्भाधान के नाम पर जालसाजी बढ़ी है।**

कृत्रिम गर्भाधान ने आज जिस तरह व्यवसाय का रूप ले लिया है, वह चिंता का विषय है। मगर अब केंद्र सरकार 'किराए की कोख' के नाम पर चल रहे कारोबार पर अंकुश लगाने जा रही है। इसके बाद उम्मीद की जा सकती है कि किराए की कोख उपलब्ध कराने के नाम पर चल रही मनमानी पर लगाम लगेगी।

दरअसल, 'सरोगेसी सेंटरों' में काफी समय से चल रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सरकार ने इसमें पंजीयन और संचालन नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत इन केंद्रों को नियंत्रित किया जाएगा। अब किराए की कोख के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार होंगे। इनकी कड़ी निगरानी होगी। कागजी आवेदन करने की सुविधा प्रतिबंधित कर दी गई है। 'सरोगेसी क्लीनिक' जरूरतमंद लोगों को इतनी सहजता से यह सुविधा नहीं दे सकेंगे। केंद्र सरकार ने नए नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश दिए हैं।

किराए की कोख के कानून में परिवर्तन इसके बढ़ते व्यापार पर लगाम लगाने के लिए किया गया है। अब केवल निसंतान दंपति, जो बच्चे पैदा करने में शारीरिक रूप से अक्षम हैं, वे अपने किसी करीबी रिश्तेदार की मदद ले सकते हैं। इस सुविधा को कानूनी भाषा में 'अल्ट्रुइस्टिक सरोगेसी' कहा जाता है।

भारत दुनिया भर के दंपतियों के लिए किराए की कोख का एक बड़ा व्यावसायिक केंद्र बनता जा रहा है। दरअसल, जो सुविधा वास्तविक जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई थी, वह अमीर दंपतियों के लिए शौक में बदलती जा रही है। सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार के बाद भारत में प्रजनन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसमें किराए पर कोख दिए जाने का व्यवसाय भी शामिल है। चिकित्सा पर्यटन के बहाने विदेशी पर्यटक प्रसूति पर्यटन के लिए भी आ रहे हैं।

यह तथ्य है कि पिछले कुछ बरसों में देश में कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों की संख्या 35 से 50 फीसदी बढ़ गई है। इसी अनुपात में कृत्रिम गर्भाधान के नाम पर जालसाजी बढ़ी है। हैदराबाद में ऐसा गिरोह पकड़ा गया, जो दो लाख से चार लाख रुपये में कोख किराए पर लेकर उसे 30 लाख रुपये तक में बेच देता था। यहां तक कि विदेश से भी शुक्राणु दानदाता लाए गए। यानी देश के बाहर भी बच्चे बेचे गए।

हालांकि, वर्ष 2025 में सरकार ने शुक्राणु दाता नियमों में बदलाव किया था, लेकिन कारोबारियों ने नियमों की अनदेखी की। नाबालिग और अविवाहित लड़कियों की कोख का भी अवैध इस्तेमाल किया गया। भारत में कोख किराए पर लेने का खर्च 10 से 25 लाख रुपये है, जबकि विदेश में 80 लाख से डेढ़ करोड़ रुपये तक है। इसलिए 'सरोगेसी क्लीनिक' में किराए की कोख अवैध कारोबार का बड़ा धंधा बनती जा रही है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु में अनेक मामले सामने आए, जिनमें ठगी की गई। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सरकार को नियमों में बदलाव करना पड़ा। इसके पहले 2025 में समलैंगिक युगलों को किराए की कोख के जरिए माता-पिता बनने का अधिकार देने से मना कर दिया गया था।



अब ऑनलाइन जानकारी होने से निगरानी तंत्र के पास कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों के संचालन और नवीनीकरण संबंधी जानकारी हर वक्त सामने होगी। इससे अनियमितता को आसानी से चिह्नित कर लिया जाएगा। क्लीनिक के पास वैध दस्तावेज हैं या नहीं, इसकी भी पुख्ता जानकारी मिलती रहेगी। कोई भी कमी पाए जाने पर संस्था को प्रतिबंधित किया जा सकेगा। इन केंद्रों में कर्मचारियों से लेकर बच्चों के जन्म तक की जानकारी मिलती रहेगी।

सरकार इन नियमों को एक साथ लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से अमल में लाएगी। वर्तमान कानून के अनुसार किसी अन्य महिला की कोख के लिए अनुमति तब मिलती है, जब कानून के अनुसार विवाहित जोड़ा शारीरिक रूप से अक्षम हो या फिर गर्भधारण करने में पत्नी की जान को खतरा हो। यानी इस स्थिति में वैवाहिक जोड़ा किराए की कोख की मदद ले सकता है।

कानून के अनुसार यह भी बाध्यकारी शर्त है कि किराए की कोख देने वाली महिला एक तो विवाहित होनी चाहिए और दूसरे, कम से कम उसका एक बच्चा भी हो। पति की आयु 26 से 55 वर्ष और पत्नी की आयु 23 से 50 वर्ष के बीच होना जरूरी है।

भारत में किराए की कोख का कारोबार अरबों डॉलर का हो गया है, लेकिन यह धंधा अंततः स्त्री की कोख पर टिका है। ठीक उसी तरह, जिस तरह उदारवादी अर्थव्यवस्था प्रकृति के गर्भ में समाई खनिज संपदाओं के दोहन पर टिकी है। इस व्यवसाय की कीमत उन महिलाओं को चुकानी पड़ी है, जिन्हें अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए हर हाल में धन की जरूरत रहती है। इसलिए वर्ष 2016 में प्रजनन सहायक तकनीक विधेयक लाकर केंद्र सरकार ने इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने की पहल कर दी थी। मगर इस कानून से उन्हें परेशानी है, जिन्होंने स्त्री की आर्थिक कमजोरी का फायदा उठाकर उसकी कोख को बाजार के हवाले कर दिया है। वे यह भी दलील दे रहे हैं कि कठोर कानून से विदेशी मुद्रा का आगमन रुक जाएगा।

गौरतलब है कि जैविक माता-पिता के शुक्राणु और अंडाणु को परखनली में निषेचित करने के बाद जब भ्रूण पनप जाता है, तब उसे अन्य स्त्री की कोख में प्रत्यारोपित किया जाता है। गर्भाधान का यही तरीका अपनाया जाता है। मगर इसका शरीर पर विपरीत असर पड़ता है। इसके गर्भपात होने की 80 फीसदी आशंका रहती है। ऐसी 90 फीसदी प्रसूतियां शल्य क्रिया के जरिए होती हैं। ऐसे में महिला की जान का जोखिम भी बना रहता है। कोख किराए पर देने वाली महिला का न तो कोई बीमा होता था, न ही उसके बच्चों की कोई गारंटी लेता था। इस संदर्भ में यह भी बड़ा सवाल था कि जैविक अभिभावक यदि जन्मे बच्चे को छोड़कर भाग जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार


### कॉर्पोरेट सेक्टर में करियर के अवसरों पर संवादात्मक सत्र आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना के प्लेसमेंट सेल द्वारा एनेबलर्स अकादमी के सहयोग से शुक्रवार को स्मार्ट रूम में 'कॉर्पोरेट सेक्टर में करियर के अवसर' विषय पर संवादात्मक सत्र का




आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर श्यामा राय ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संचार कौशल एवं निरंतर कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के बदलते स्वरूप के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता रंजन झा, शिक्षाविद एवं पब्लिक स्पीकर, एनेबलर्स अकादमी ने कॉर्पोरेट क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, सॉफ्ट स्किल्स, नेतृत्व क्षमता, साक्षात्कार की तैयारी एवं प्रोफेशनल एटीकेट पर विस्तार से जानकारी दी। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं ने करियर एवं प्लेसमेंट से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. बिमला चौधरी, प्रो. रागिनी वर्मा, डॉ. शिखा एवं डॉ. उर्वशी गौतम (प्लेसमेंट सेल समन्वयक) सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

### पत्रकारों पर हमला बर्दास्त नहीं करेंगे : प्रेम कुमार



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाल के दिनों में पत्रकारों पर हमले तेज हो गये हैं। यह बर्दास्त नही किया जायेगा, उक्त बातें बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव प्रेम कुमार ने कहा। उन्होंने बताया कि दिल्ली से लेकर पटना तक टारगेट कर मीडिया कर्मियों को पीटा जा रहा है वही रंगदार एवं थानेदार के गठजोड़ से फर्जी मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। यह निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए चिंता का विषय है। सच लिखने के कारण पत्रकारों को निशाना बनाया जाना लोकतंत्र के चौथा स्तम्भ को कमजोर करने का षड्यंत्र है । उन्होंने पटना में एक टीवी चैनल के पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला का घोर निंदा किया है साथ सरकार से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है । पत्रकार के ऊपर फर्जी मुकदमों पर रोक लगे । पत्रकारों की बीमा की राशि सरकार वहन करे साथ ही मीडिया कर्मियों का पेंशन तीस हजार किया जाए। पत्रकारों को रेल एवं हवाई यात्रा में रियायत मिले । यूनियन अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र के खबरनवीस को सदस्य बना रहा है । बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उनके के हित के लिए संकल्पित है ।

### रेलवे स्टेशनों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पेपर लीक और पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में छात्र संगठनों के दिल्ली प्रदर्शन व 25.07.2026 के बिहार बंद के आह्वान को ध्यान में रखा गया है। ट्रेनों और स्टेशनों पर संभावित भारी भीड़ एवं सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी अनिरुद्ध पांडे के आदेशानुसार दिनांक 24.07.2026 से 25.07.2026 तक दानापुर अनुमंडल के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दानापुर, को पाटलिपुत्रा स्टेशन एवं अंचलाधिकारी, दानापुर, को दानापुर स्टेशन के वरीय प्रभार में प्रतिनियुक्त किया जाता है।

### अवैध मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध मादक पदार्थ का खरीद बिक्री करने वाले एक बदमाश को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश पुरानी पानापुर, अकीलपुर, सारण का रहने वाला अनील कुमार है जिसके पास से गांजा व गोगो बरामद किया गया है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की दानापुर थाना अन्तर्गत खगौल रोड फुट ओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति के द्वारा अवैध मादक पदार्थ का खरीद बिक्री किया जा रहा है। पुलिस की टीम छापेमारी करते हुए उसे 309 ग्राम गांजा, एवं 69 पीस गोगो के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के दुल्हिनबाजार थाना के जमुई धरना बांध के समीप हुए सड़क हादसे में सिगोड़ी थाना क्षेत्र के करौती गांव निवासी बृजलाल दास के पुत्र बीरबल कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची दुल्हिनबाजार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जानलेवा हमले मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसूना थाना क्षेत्र के सुखठियाँ गांव में घर में घुसकर महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट, छेड़खानी और तोड़फोड़ करने का मामले मे फरार नामजद आरोपी काजल कुमारी को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता बबिता देवी, पति जीतन पासवान के आवेदन पर पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद ऋक्षक्रदर्ज की थी। आवेदन में बताया कि 23 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे वे परिवार के साथ घर में बैठी थीं। इसी दौरान गांव के सुनील पासवान, दीना पासवान, सन्नी कुमार, ऋषु कुमार, नीलांशु कुमार, शज्जन कुमार, पुष्पा देवी, प्रियंका देवी, काजल कुमारी, आंचल कुमारी, मानो कुमारी, चानो देवी, राधा देवी, मल्लु देवी और निरोक्ता देवी घर में जबरन घुस गए।आरोप है कि सुनील पासवान और दीना पासवान ने बबिता देवी की बांह पकड़ी, साड़ी-ब्लाउज फाड़ दिया और छेड़खानी की। सुनील पासवान के हाथ में रिवॉल्वर था, जिससे सिर पर वार कर जान से मारने की कोशिश की। सन्नी, ऋषु, नीलांशु और राजन ने लोहे की रड से मारपीट की थी।

### डीएसपी ने किया मॉर्निंग पेट्रोलिंग का औचक निरीक्षण

**सघन वाहन चेकिंग अभियान में 45 वाहनों का 1लाख 66 हजार कटा चालान**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानाक्षेत्रों में 247 गश्त की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की मुस्तैदी परखने के लिए औचक निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी, राघव दयाल ने आज प्रातः मॉर्निंग पेट्रोलिंग गश्ती दल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गश्त में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से बातचीत कर पेट्रोलिंग की स्थिति जानी। एसडीपीओ ने नियमित और प्रभावकारी गश्त सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि रात और दिन दोनों समय गश्त को और सघन किया जाए, खासकर बाजार, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के साथ-साथ पूरे मसौढ़ी क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 45 वाहनों का 1 लाख 66 हजार का चालान काटा गया। पुलिस का कहना है कि बढ़ती आपराधिक घटनाओं और ठएएळ प्रदर्शन के मद्देनजर अगले कुछ दिनों तक यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। आम जनता से भी पुलिस ने सहयोग की अपील की है।



# मोकामा में बड़ा हादसा: गंगा घाट पर नहाने गए दो मासूम गहरे गड्ढे में डूबे

**एसडीआरएफ की स्थाई तैनाती नहीं होने से लोगों में आक्रोश, 3 साल में 50 से ज्यादा मौतें**





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के दरियापुर गांव में शुक्रवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। काली स्थान गंगा घाट पर स्नान करने गए दो बालकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान दरियापुर वार्ड नं 07 निवासी 12 वर्षीय मोहम्मद रेहान और 15 वर्षीय मोहम्मद जैद के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर दोनों बच्चे अन्य बच्चों के साथ काली स्थान घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। इसी दौरान गंगा किनारे बने बड़े गड्ढे में पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चले गए। मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाया। बच्चों की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला और तुरंत हाथीदह थाना को सूचना देते हुए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने काफी प्रयास के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पाकर हाथीदह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल बाढ़ भेज दिया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया।इस हादसे के बाद पूरे दरियापुर गांव में मातम पसर गया है। परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 3 वर्षों से मोकामा में एसडीआरएफ की स्थाई तैनाती की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले तीन वर्षों में सिर्फ मोकामा प्रखंड में डूबने से 50 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।

## शर्मसार: औटा हाई स्कूल में बच्चों से कराया जा रहा बाल श्रम, विभाग ने चेतावनी देकर छोड़ा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के औटा उच्च विद्यालय से एक बेहद शर्मनाक और खतरनाक मामला सामने आया है। जहां बच्चों को शिक्षा दी जानी थी, वहीं उनसे जान जोखिम में डालकर मजदूरों वाला काम कराया गया। प्रार्थना सभा के तुरंत बाद छोटे-छोटे बच्चों को निमार्णाधीन दो मंजिला भवन की बिना रेलिंग वाली छत पर चढ़ाकर नीचे ईंटें फेंकवाई गईं।बताया जा रहा है कि स्कूल के मुख्य रास्ते पर जलजमाव की समस्या है। इससे बचने के लिए स्कूल प्रबंधन ने बच्चों से ही ईंट सोलिंग कराकर रास्ता बनवाने का फैसला किया।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह कुछ बच्चे दो मंजिला इमारत की छत पर खड़े होकर नीचे ईंटें फेंक रहे हैं, तो वहीं ठीक नीचे दूसरे बच्चे रास्ते पर ईंट बिछा रहे हैं। एक तरफ छत से गिरने का मौत का खतरा, तो दूसरी तरफ सिर पर ईंट गिरने से गंभीर चोट का खतरा। शिक्षकों की मौजूदगी में ही बच्चों की जिंदगी से यह खिलवाड़ चलता रहा।मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने जांच के लिए लेखपाल मोहम्मद मकसूद आलम को स्कूल भेजा। जांच में शिक्षकों की घोर लापरवाही की पुष्टि भी हुई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर दी गई।सूत्रों के अनुसार, सभी शिक्षकों को सिर्फ मौखिक चेतावनी देकर छोड़ दिया गया और जांच रिपोर्ट की एक कॉपी उच्च अधिकारियों को पटना भेज दी गई। दोषी शिक्षकों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।इस मामले में ग्रामीणों ने और भी गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मामला तूल पकड़ता देख शिक्षकों ने बच्चों को डरा-धमकाकर चुप करा दिया। बच्चों को करियर खराब करने की धमकी तक दी गई।इतना ही नहीं, बच्चों से जबरन वीडियो रिकॉर्डिंग कर यह कहलवाया गया कि उन्होंने खुद अपनी मर्जी से यह काम किया है।

## हथियार निर्माता समेत दो गिरफ्तार

**एक पिस्तौल व बारह जिंदा कारतूस के साथ 32 पीस राइफल का बैरल व अन्य सामग्री बरामद**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसटीएफ पटना व पुनपुन के केवड़ा ओपी पुलिस की संयुक्त कारवाई में शुक्रवार की दोपहर एक व्यक्ति को एक पिस्तौल व बारह जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया. बाद में उसके निशानदेही पर पुलिस एक मिनी गन फैक्ट्री का भी उद्धभेदन करते हुये 32 पीस राईफल का बैरल समेत अन्य सामान को बरामद कर लिया वही इसके निर्माण में लगे एक युवक को पुलिस मौके से ही गिरफ्तार कर लिया.इधर पुलिस गिरफ्तार दोनों से पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर नालंदा जिला के कराय परशुराय थाना स्थित मिजार्पुर निवासी कामेश्वर प्रसाद सिंह के पुत्र ललन कुमार सिंह को एसटीएफ व केवडा पुलिस ने ओपी के सरैया गांव के पास एक पिस्तौल व बारह जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में ललन ने पुलिस को बताया कि हमने इसे केवडा के राम प्यारे शर्मा के पुत्र सिद्धनाथ विश्वकर्मा से खरीदकर लेकर जा रहे है. पुलिस तुरंत सिद्धनाथ विश्वकर्मा के घर छापामारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस उसके घर से 32 पीस राईफल का बैरल व कुछ अर्द्धनिर्मित पिस्तौल व पिस्तौल बनाने की सामग्री के साथ अन्य सामान को बरामद कर लिया.बताया जाता है कि सिद्धनाथ विश्वकर्मा दिखाने के लिये गेट ग्रील के दुकान केवडा में कर रखा है लेकिन उसके आड में इसका मुख्य धंधा अवैध हथियार का निर्माण करना व इसकी सप्लाई नालंदा व जहानाबाद जिला के अलावे आसपास में करना था. दबी जुबान से कुछ ग्रामीणों ने कहां कि सिद्धनाथ का एक जनप्रतिनिधि से मधुर रिश्ता है और वह उन्हे हथियार सप्लाई करता है.उक्त हथियार स्थानीय कुछ बदमाशों के पास अभी भी मौजूद है. सिद्धनाथ विश्वकर्मा की गिरफ्तारी के बाद एक जनप्रतिनिधि व उनके कुछ लोगों के बीच खलबली सी मची है.

## दानापुर में आपसी विवाद में 40 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के इमलीतल इलाके में शुक्रवार की शाम अज्ञात हमलावरों ने एक 40 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर कर जख्मी कर दिया। आनन फानन में स्थानीय लोग पास स्थित अनुमंडल अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सिपारा के रहने वाले सोनू कुमार के रुप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का दानापुर के भट्टीपर में ननिहाल है। बताया जा रहा है कि वह इमलीतल के इलाके में असमाजिक तत्वों के साथ संबंध था। शुक्रवार की शाम भी कुछ लोगों के साथ वह बैठा हुआ था। थोड़ी देर में आपस में सभी मारपीट करने लगे, उसी बदमाशों में से एक ने पिस्टल निकाल सोनू को गोली मार दी। वहीं मौजूद सभी बदमाश फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और उसे जख्मी अवस्था में दानापुर के अनुमंडल अस्पताल में ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया, मगर उसकी मौत हो गई।

## खगौल में छात्रों का प्रदर्शन, कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया मार्च



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुआ छात्र आंदोलन अब खगौल के विभिन्न हिस्सों में फैलता नजर आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को खगौल में भी बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। छात्रों ने गाड़ीखाना से लेकर पूरे खगौल में जगत नारायण लाल कॉलेज, मोती चौक, लख पर, जोड़ा तालाब से होते हुए जुलुस मार्च निकालते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन में शामिल छात्र हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए थे। पूरे मार्च के दौरान छात्रों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी। जुलूस के कारण कुछ समय के लिए मुख्य मार्गों पर यातायात प्रभावित रहा, हालांकि पुलिस ने यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की थी। हाल ही में पटना के गांधी मैदान में हुए घटनाक्रम को देखते हुए खगौल प्रशासन पहले से ही पूरी तरह सतर्क था। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए खगौल थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रदर्शन मार्ग पर जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहे और वरिष्ठ अधिकारी लगातार स्थिति की निगरानी करते रहे। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक इंतजाम किए थे, जिससे प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रही। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने की अपील की और पूरे कार्यक्रम पर नजर बनाए रखी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। इसके बाद छात्रों का जुलूस निर्धारित मार्ग से समाप्त हो गया। गौरतलब है कि दिल्ली से शुरू हुआ छात्र आंदोलन अब कई राज्यों और शहरों तक पहुंच चुका है। ऐसे में आने वाले दिनों में आंदोलन की दिशा और प्रभाव पर सभी की नजर बनी हुई है। वहीं, प्रशासन भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क दिखाई दे रहा है।

## एसयू कॉलेज,हिलसा में कई विषयों में पीजी की पढाई की मांग को लेकर छात्र अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे

**दूसरे दिन प्राचार्य शिवचंद्र सिंह को दिया स्मारपत्र**



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती एसयू कॉलेज हिलसा के दक्षिणी द्वार पर छात्रों ने उच्च शिक्षा के विस्तार की मांग को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। छात्रों की मुख्य मांग कॉलेज में स्नातकोत्तर (एम.ए., एम.एससी.)और एम.एल.आई.एस. की पढ़ाई तत्काल शुरू कराना है। धरनार्थियों ने मांग की है कि श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय हिलसा में एम.एससी (जूलॉजी, केमिस्ट्री, बॉटनी, फिजिक्स), एम.ए. (हिंदी, मनोविज्ञान, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, दर्शनशास्त्र) तथा एम.एल.आई.एस. और एमसीए जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। छात्र नेताओं ने इस संदर्भ में स्थानीय कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 शिवचंद्र सिंह को स्मारपत्र सौंपा।प्राचार्य ने कहा कि ये जनहित और महाविद्यालय के लिए भी महत्वपूर्ण मुद्दा है।उन्होंने इस वावत अग्रेतर कार्रवाई के लिए यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से बात करने की बात कही।उन्होंने बताया कि सीसीडीसी अभी छुट्टी पर हैं,उनके लौटने पर पीजी की पढ़ाई के लिए पेपर वर्क किया जाएगा। इस आंदोलन से जुड़े रिशु पटेल, आशिष कुमार पटेल ने बताया कि हिलसा और आसपास के हजारों विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य शहरों में जाना पड़ता है। इससे उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक दोनों तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छात्रों के अनुसार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा 17 जुलाई 2026 को जारी अधिसूचना में विश्वविद्यालय के सात कॉलेजों में विभिन्न पीजी विषयों की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया गया था।हालांकि वर्ष 1955 में स्थापित एसयू कॉलेज को इस सूची से बाहर रखा गया, जिससे हिलसा अनुमंडल के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए लगभग 40 किलोमीटर दूर बिहारशरीफ या पटना जाना पड़ता है।धरने की अध्यक्षता आशीष कुमार ने की, जबकि संचालन प्रसेनजीत कुमार उर्फ रिशु पटेल ने किया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा। इस अवसर पर छात्र नेता राकेश कुमार,आशीष राज, अंकेश रंजन, अमित पटेल, सूरज चौधरी, चितरंजन कुमार,अविरल नयन, आकांक्षा पटेल सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मसौढ़ी अनुमंडल में राशन कार्ड शत-प्रतिशत निर्गत करने का आदेश, 3 प्रखंडों में नियंत्रण कक्ष गठित

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग, बिहार सरकार और जिला पदाधिकारी, पटना के निर्देश के आलोक में मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में लंबित राशन कार्ड शत-प्रतिशत निर्गत करने का आदेश जारी किया गया है। अनुमंडल प्रशासन ने कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन तीनों प्रखंडों में नियंत्रण कक्ष का गठन किया है। नियंत्रण कक्ष के नोडल पदाधिकारी मसौढ़ी प्रखंड के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी और बीपीएम जीविका वहीं धनरूआ प्रखंड के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी और बीपीएम जीविका एवं पुनपुन में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी और बीपीएम जीविका है। आदेश में कहा गया है कि सभी नोडल पदाधिकारी राशन कार्ड फार्म के लिए नियुक्त पंचायत सचिव, विकास मित्र और जीविका कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य की निगरानी करेंगे।

## मुखिया संघ अध्यक्ष आनंद कुमार को हिरासत में लेने पर माले का विरोध, बिना शर्त रिहाई की मांग

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं भाकपा (माले) नेता आनंद कुमार को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के विरोध में माले ने कड़ी आपत्ति जताते हुए उनकी बिना शर्त रिहाई की मांग की है। पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य सह जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि आनंद कुमार को किस आधार पर और किस एजेंसी ने हिरासत में लिया, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने पटना एसएसपी से हस्तक्षेप कर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा आनंद कुमार को तत्काल रिहा करने की मांग की। माले ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दुर्भावना से जनप्रतिनिधियों और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है तथा इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाने की चेतावनी दी।

## नाला सफाई में सफाई कर्मियों को दस्ताने-जूते तक नहीं

**पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने जताई नाराजगी**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में चल रही नाला सफाई के दौरान सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कर्मियों को न तो हाथ में दस्ताने दिए जा रहे हैं और न ही पैर में पहनने के लिए जूते। इसके बावजूद उन्हें गटर में उतरकर हाथ से बाल्टी में कचरा भरकर फेंकना पड़ रहा है। इस लापरवाही पर पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने फोन पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन से बात कर मामले की सूचना दी। पूर्व विधायक ने कहा, आजादी के 70 साल बाद भी समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है। सफाई के दौरान अगर हाथ में कोई नुकीली चीज चुभ जाए या कट जाए तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? संवेदक की यह घोर लापरवाही है। नियम के अनुसार सफाई कर्मियों को दस्ताने, जूते और मेडिकल किट की व्यवस्था होनी चाहिए। मसौढ़ी शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है। सफाई कर्मियों के साथ हो रही उदासीनता के कारण वे किसी तरह नाला सफाई का काम कर रहे हैं। कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि यह संवेदक की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि मामले पर अविलंब संज्ञान लिया जाएगा और संवेदक को कड़ी हिदायत दी जाएगी। साथ ही सफाई कर्मियों को जल्द से जल्द आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

## बारा पैक्स चुनाव में महिला मतदाताओं ने दिखाया जोश, कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**भगवानगंज के बारा पैक्स में 4085 मतदाताओं ने डाले वोट, त्रिकोणीय मुकाबला**





> किसानों के लिए जो बेहतर काम करेंगे वैसे उम्मीदवार को हम सभी चुन रहे हैं
>
> सावित्री देवी, नदौना, बारा, मसौढ़ी

> किसाने की समस्याओं को लेकर खडे रहने वाले नेता का चुनाव हम सभी कर रहे हैं जो हर समय किसानों की खाद पटवन, बीज अन्य चीजों के लिए तत्पर रहे
>
> मालती देवी, बारा, मसौढ़ी

> बारा पैक्स चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है पिछले साल हिंसक झड़प हुई थी,ऐसे में हर चौक चौराहे पर सुरक्षि की टाइट व्यवस्था की गई है
>
> राघव दयाल, डीएसपी मसौढी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के नक्सल प्रभावित भगवानगंज क्षेत्र में स्थित बारा पैक्स के चुनाव में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। इस बार चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला, खासकर महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरुष मतदाताओं की तुलना में बुथों पर महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति यानी पैक्स के इस चुनाव के लिए प्रशासन ने 6 मतदान केंद्र बनाए थे। इन केंद्रों पर कुल 4085 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। मतदाताओं ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुनने के लिए सुबह से ही केंद्रों पर पहुंचना शुरू कर दिया था। इस बार का चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प है। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिल रहा है। चुनावी मैदान में वर्तमान अध्यक्ष सहजानंद शर्मा, कौशल कुमार और नंदू प्रसाद यादव अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तीनों उम्मीदवारों के समर्थकों में जीत को लेकर उत्साह है। पिछले वर्षों में इस क्षेत्र में चुनाव के दौरान हिंसक झड़प की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल के नेतृत्व में मतदान केंद्रों के आसपास भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। हर चौक-चौराहे पर पुलिस की गश्ती रही। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार से 400 मीटर की दूरी तक कड़ी चेकिंग की गई और आने-जाने वाले रास्तों पर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई थी। मतदान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मतदान समाप्त होने के बाद बैलेट बॉक्स को सुरक्षा घेरे में जमा कराया गया। हालांकि हाईकोर्ट के आदेश के कारण चुनाव परिणाम की घोषणा पर फिलहाल रोक लगी हुई है।

CMYK

# महंगे तेल ने बिगाड़ा खेल! दो दिन में 4,400 फिसला सोना, चांदी 9,600 सस्ती




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई है। इसकी वजह यह है कि पश्चिम एशिया में संकट गहराने के कार ब्रेंट क्रूड की कीमत एक बार फिर .100 प्रति बैरल के पार चली गई है। इससे महंगाई की चिंता बढ़ गई है और निवेशकों को आशंका है कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं। इसका असर सोने और चांदी की कीमत पर देखने को मिल रहा है।

एमसीएक्स पर सितंबर 2026 डिलीवरी वाली चांदी पिछले सत्र में 219375 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी। आज यह 218280 रुपये पर खुली और शुरुआती कारोबार में 2,050 रुपये की गिरावट के साथ 2,17,325 रुपये तक फिसली। इसी तरह अगस्त 2026 डिलीवरी के लिए गोल्ड फ्यूचर्स भी 1079 गिरकर 1,41,742 तक फिसला। पिछले दो सत्र में सोने की कीमत में 4,400 रुपये और चांदी की कीमत में 9,600 रुपये की गिरावट आई है।

### सोने और चांदी की इंटरनेशनल कीमतें

इस बीच स्पॉट गोल्ड 0.1 प्रतिशत गिरकर 4,042.77 प्रति औंस पर आ गया। इससे पहले बुधवार को यह दो हफ्ते के हाई पर पहुंच गया था। लेकिन उसके बाद इसमें .120 से ज्यादा गिरावट आई है। अगस्त डिलीवरी के लिए यूएस गोल्ड फ्यूचर्स भी 0.1 प्रतिशत गिरकर 4,045.60 पर आ गया। हालांकि यह अब भी 0.6 प्रतिशत की मामूली साप्ताहिक बढ़त की राह पर है। इसी तरह स्पॉट सिल्वर 0.2 प्रतिशत गिरकर 57.56 प्रति औंस पर आ गई। रेजिस्टेंस 1,43,500-1,44,400 रुपये है। इसी तरह चांदी के लिए सपोर्ट 2,16,000-2,14,000 रुपये और रेजिस्टेंस 2,22,000-2,24,400 रुपये है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टर्स बाजार में गिरावट के दौरान सोना और चांदी खरीद सकते हैं लेकिन ट्रेडर्स को अगले हफ्ते होने वाली स्न्हस्ष्ट मीटिंग से पहले लॉन्ग पोजीशन लेने से बचना चाहिए।

## 845 करोड़ रुपये मुनाफा, फिर भी 6 प्रतिशत टूटा अडानी ग्रीन का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शानदार वित्तीय नतीजों के बावजूद गुरुवार को अडानी



ग्रीन एनर्जी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.30 प्रतिशत टूटकर 1380.05 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 1372.70 रुपये तक गिर गया था। कंपनी का समेकित खुदरा शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 845 करोड़ रुपये रहा। वहीं ऑपरेशंस से मिलने वाले रेवेन्यू में भी तेजी आई। यह 16 प्रतिशत बढ़कर 4,663 करोड़ रुपये हो गया। विमान भी अपना, एयरपोर्ट भी अपना और अब एयरलाइन भी अपनी! अडानी ने सरकार से मांगा अप्रूवल गौतम अडानी की कंपनी अडानी ग्रीन ने क्षमता विस्तार और मजबूत परिचालन प्रदर्शन के दम पर यह ग्रोथ हासिल की है : 4,280 करोड़ रुपये (29 प्रतिशत की बढ़त)। ऑपरेशनल कैपेसिटी : जून 2026 तक बढ़कर 20,142 पहुंची (साल-दर-साल 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी)। ऊर्जा बिक्री : 30 प्रतिशत बढ़कर 13,657 मिलियन यूनिट रही। पावर सप्लाई 33 प्रतिशत बढ़कर 4,122 करोड़ रुपये हुआ, जिसमें मार्जिन 94 प्रतिशत के मजबूत स्तर पर रहा। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन ने अडानी ग्रीन को रिन्यूएबल सेक्टर का बेस्ट प्लेयर मानते हुए भी शेयर पर (गिरावट की आशंका) रेटिंग बरकरार रखी है। इसके पीछे मुख्य वजह कंपनी की नई स्ट्रक्चरल डील है। दरअसल, अडानी ग्रीन ने अपनी पूरी मर्चेंट जेनरेशन कैपेसिटी और 10 की बैटरी स्टोरेज कैपेसिटी को दीर्घकालिक फिक्स्ड टैरिफ के आधार पर अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस को सौंपने का फैसला किया है। ब्रोकरेज का मानना है कि यद्यपि यह व्यवस्था अडानी ग्रीन को निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगी, लेकिन डेटा सेंटर्स जैसे औद्योगिक ग्राहकों को बिजली बेचकर जो बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता था, उसका बड़ा हिस्सा अब अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के खाते में चला गया है।

## रुपये को बचाने के लिए आरबीआई का बड़ा दांव, मई में बेचे 6.1 अरब डॉलर, वायदा बाजार में बना नया रिकॉर्ड




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी तनाव का असर भारतीय मुद्रा 'रुपये' पर पड़ रहा है। रुपये की कीमत में गिरावट रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने मई महीने में डॉलर बाजार में बड़ा कदम उठाया। केंद्रीय बैंक आरबीआई की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने मई में 6.104 अरब डॉलर बेचे। इससे पहले अप्रैल के महीने में भी आरबीआई ने रुपये को मजबूत रखने के लिए 8.944 अरब डॉलर बेचे थे। मई के अंत तक आरबीआई का वायदा बाजार में बकाया डॉलर बिक्री का आंकड़ा 106.66 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसका मतलब है कि रिजर्व बैंक भविष्य के लिए भी रुपये को स्थिर रखने की पूरी तैयारी कर रहा है। वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद रिजर्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक तस्वीर पेश की है : भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और इसकी रफ्तार बरकरार है। भारत के पास इतना विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है कि उससे 10 महीने से अधिक का सामान विदेशों से आयात किया जा सकता है। इस साल की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत के आयात और निर्यात दोनों में अच्छी बढ़ोतरी देखी गई है। देश में मानसून कुछ जगहों पर असमान रहा है, जिससे खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने का खतरा रहता है, लेकिन भारत के पास अनाज का पर्याप्त स्टॉक है जो महंगाई को रोकने में मदद करेगा। आरबीआई का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में भारत में विदेशी निवेश दोबारा बढ़ने लगा है।

## राधाकिशन दमानी ने खरीदे सुंदरम फाइनेंस के शेयर, 2 बार बोनस शेयर बांट चुकी है कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी और उनकी फैमिली ने नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी सुंदरम फाइनेंस के शेयर खरीदे हैं। दमानी और उनकी फैमिली ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सुंदरम फाइनेंस में 2.37 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदी है। राधाकिशन दमानी ने वित्त वर्ष 2026 की सितंबर तिमाही में कंपनी में इतनी ही हिस्सेदारी बेची थी। सुंदरम फाइनेंस के शेयर गुरुवार को 4413.70 रुपये पर बंद हुए हैं। रिटेल चेन डीमार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी और उनकी फैमिली की इनवेस्टमेंट कंपनी ब्राइट स्टार इनवेस्टमेंट्स के पास चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के आखिर में सुंदरम फाइनेंस के 26.3 लाख शेयर थे। यह बात कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न डेटा से सामने आई है। ब्राइट स्टार इनवेस्टमेंट्स का नाम वित्त वर्ष 2026 की मार्च या दिसंबर तिमाही में सुंदरम फाइनेंस के शेयरहोल्डिंग पैटर्न फाइलिंग्स में नहीं था। इसका मतलब है या तो ब्राइट स्टार इनवेस्टमेंट्स की कंपनी में कोई हिस्सेदारी नहीं थी या यह 1 पर्सेंट से कम थी। सितंबर 2025 तिमाही में राधाकिशन दमानी की इनवेस्टमेंट फर्म के पास सुंदरम फाइनेंस के 26.3 लाख शेयर या कंपनी में 2.37 पर्सेंट हिस्सेदारी थी। दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी रिटेल चेन डीमार्ट के फाउंडर हैं। फोर्ब्स के डेटा के मुताबिक, उनकी नेटवर्थ करीब 16 बिलियन डॉलर है। दमानी की दौलत में उनके रिटेल बिजनेस का बड़ा योगदान है। डीमार्ट की पैरेंट कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट में उनकी सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। इसके अलावा, दमानी की वीएसटी इंडस्ट्रीज, युनाइटेड ब्रुवरीज और ब्लूडार्ट समेत कई कंपनियों में हिस्सेदारी है।

# होर्मुज के बाद अब 'रेड सी' में बवाल, 100 डॉलर के पार पहुंचा कच्चा तेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होर्मुज स्ट्रेट के बाद अब लाल सागर में बवाल पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। ऐसे में दुनिया में फिर से तेल संकट के बादल मंडराते दिखाई दे रहे हैं। इसका असर भारत पर भी दिखाई दे सकता है।

दरअसल, लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा दो सऊदी तेल टैंकरों पर किए गए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भीषण आग लग गई है। गुरुवार को लेट ट्रेडिंग के दौरान ब्रेंट क्रूड 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 100 डॉलर प्रति बैरल के आंकड़े को पार कर गया, जो पिछले आठ हफ्तों में इसका उच्चतम स्तर है। वहीं अमेरिकी क्रूड भी लगातार दूसरे सत्र में 5 प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर लगभग 92 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जो 11 जून के बाद का सबसे ऊपरी स्तर है।

अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करने वाले भारत के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारतीय तेल विपणन कंपनियों पर लागत का दबाव बढ़ेगा। अगर क्रूड 100 डॉलर के ऊपर बना रहता है, तो देश में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने का दबाव बनेगा। इसका सीधा असर माल ढुलाई पर पड़ेगा, जिससे सब्जी, राशन और अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। कच्चे तेल के महंगे होने से भारत का विदेशी मुद्रा खर्च तेजी से बढ़ेगा, जिससे चालू खाता घाटा और व्यापार घाटा बढ़ने की आशंका है। तेल आयात के लिए भारत को अधिक अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना पड़ेगा। डॉलर की मांग बढ़ने से भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हो सकता है।



**अब 'रेड सी' में नया मोर्चा**

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर (रेड सी) में सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों पर हमलों का दावा किया है। इससे पहले हूतियों ने सऊदी साम्राज्य पर नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा की थी। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से जहाजों पर ज्यादातर हमले स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आसपास केंद्रित थे। हालांकि, नए हमलों से साफ है कि अब खतरा लाल सागर तक फैल गया है, जो वैश्विक तेल बाजार के लिए एक और बड़ा सिरदर्द बन गया है।

### लाल सागर का रास्ता कितना अहम

लाल सागर यानी रेड सी का रास्ता बेहद अहम है क्योंकि बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से होकर प्रतिदिन लाखों बैरल कच्चा तेल वैश्विक बाजारों तक पहुंचता है। इसके अलावा, दुनिया का 12 से 15 फीसदी समुद्री व्यापार (1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मूल्य) इसी जलमार्ग से गुजरता है।

### 1 महीने में 35 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हुआ क्रूड

होर्मुज की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही पहले ही नाममात्र रह गई है, जिससे लाल सागर का रास्ता बैकअप के तौर पर इस्तेमाल हो रहा था। अब इस रूट पर भी संकट मंडराने से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से उछली हैं। पिछले एक महीने में कच्चे तेल की कीमतों में

## तमिलनाडु को केंद्र से कम मिला पैसा, फिर भी भर गया सरकारी खजाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय उर्फ थलपति विजय को वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून 2026) में अच्छी खबर मिली है। पहली तिमाही में तमिलनाडु सरकार की कुल कमाई (राजस्व) में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) के शुरुआती आंकड़ों के



मुताबिक, यह बढ़त राज्य के अपने बेहतर टैक्स कलेक्शन की वजह से हुई है, जिसने केंद्र सरकार से मिले कम फंड की भरपाई कर दी। जून 2026 के बीच कुल 64,944.97 करोड़ रुपये की कमाई हुई। वहीं, पिछले साल इसी दौरान राज्य को 63,755.70 करोड़ रुपये मिले थे। यानी इस साल तमिलनाडु की कमाई में 1,189.27 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। बढ़ते कर्ज से जूझ रही थलपति विजय सरकार के लिए यह राहत भरी खबर है। तमिलनाडु की कुल कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा उसके अपने टैक्स कलेक्शन से आया। पिछले साल यह रकम 56,366.76 करोड़ रुपये थी। कमाई के मुख्य स्रोत में स्टेट जीएसटी, स्टाम्प ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस, पेट्रोल-डीजल पर लगने वाला सेल्स टैक्स, शराब पर एक्साइज ड्यूटी और गाड़ियों पर मोटर व्हीकल टैक्स आदि रहा।

### केंद्र से मिलने वाला फंड घटा

राज्य ने टैक्स कलेक्शन में तो बढ़िया प्रदर्शन किया, लेकिन केंद्र सरकार से मिलने वाले अनुदान में भारी कमी दर्ज की गई। अप्रैल-जून 2026 के दौरान तमिलनाडु को केंद्र से सिर्फ 1,710 करोड़ रुपये का अनुदान मिला। पिछले साल इसी अवधि में यह राशि 4,493.23 करोड़ रुपये थी। केंद्र से मिलने वाली सहायता में 2,783 करोड़ रुपये से ज्यादा की गिरावट आई। इससे राज्य को टैक्स से हुए ज्यादा फायदे का असर थोड़ा कम हो गया। कैग की रिपोर्ट से साफ है कि तमिलनाडु अब अपने खर्चों और सरकारी खजाने को चलाने के लिए केंद्र के फंड पर निर्भर रहने के बजाय खुद के टैक्स कलेक्शन और कमाई के स्रोतों पर ज्यादा मजबूत हो रहा है। बेहतर टैक्स कलेक्शन से राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है, लेकिन केंद्र से मिलने वाले अनुदान में कमी इस तिमाही की सबसे बड़ी चुनौती रही।

## हूती हमले से क्रूड ऑयल में खलबली...100 डॉलर के पार, भारत की बढ़ सकती है टेंशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के हमले से क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल की कीमतों में खलबली मच गई है। एक बार फिर से कच्चे तेल की कीमतें बेकाबू होने लगी हैं। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 6 प्रतिशत से अधिक उछलकर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई, जो पिछले आठ सप्ताह का सबसे ऊंचा स्तर है।

वहीं, अमेरिकी क्रूड में भी लगातार दूसरे दिन तेजी रही। इस दौरान यह 5 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। यह 11 जून के बाद सबसे ज्यादा है। कच्चे तेल की कीमतों में आई इस तेजी का असर भारत पर भी पड़ने की आशंका है। बता दें कि भारत बड़े पैमाने पर कच्चे तेल का आयात करता है। अगर हालात में सुधार नहीं हुआ तो कच्चे तेल के आयात का बिल बढ़ेगा और इससे महंगाई भी बढ़ने की आशंका रहेगी।

ताजा दावों से पता चलता है कि यह खतरा अब लाल सागर तक फैल सकता है,



जिससे तेल बाजार के लिए एक और चिंता का विषय बन गया है। लाल सागर का रास्ता इसलिए अहम है क्योंकि दुनिया भर के बाजारों में जाने वाला लाखों बैरल तेल बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। इस जलमार्ग से दुनिया का लगभग 12-15 प्रतिशत समुद्री व्यापार भी होता है, जिसकी कीमत सालाना .1 ट्रिलियन से अधिक है। होर्मुज जलडमरूमध्य से बाधा के बीच इसे एक वैकल्पिक रास्ते के तौर पर भी इस्तेमाल किया गया है।

### अचानक तेजी की वजह

दरअसल, ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने रेड शी यानी लाल सागर में सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों पर हमले का दावा किया। इस ग्रुप ने पहले ही सऊदी अरब की नाकेबंदी का ऐलान किया था। ऐसे में अब कहा जा सकता है कि संघर्ष का दायरा बढ़ रहा है। बता दें कि ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से जहाजों पर हमले ज्यादातर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास ही हो रहे थे।

## सफलता की चाबी दूसरों से हमेशा एक कदम आगे रहने में है, सच्चा लीडर चुनौतियों को अवसरों में बदल देता है'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज उद्योगपति और महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा अपनी कारोबारी सफलता के साथ-साथ अपने दूरदर्शी विचारों के लिए भी जाने जाते हैं। लगभग 2.1 अरब डॉलर की संपत्ति वाले आनंद महिंद्रा 22 प्रमुख उद्योगों में फैले कारोबारी साम्राज्य का नेतृत्व करते हैं।



व्यापार जगत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए साल 2020 में उन्हें देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' से नवाजा गया था। सोशल मीडिया पर अक्सर प्रेरणादायक कहानियां और टैलेंट की तारीफ करने वाले महिंद्रा ने सफलता, इनोवेशन और लीडरशिप पर कई ऐसे सबक दिए हैं, जो हर व्यक्ति और युवा उद्यमी के काम आ सकते हैं। यहां आनंद महिंद्रा के बिजनेस से जुड़े 10 अनमोल विचार दिए गए हैं।

दुनिया कैसे बदलेगी, यह कोई नहीं समझ सकता। भविष्य की योजना बनाने का एकमात्र तरीका अलग-अलग परिस्थितियों की कल्पना करना है और फिर उनमें से किसी एक पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ने का साहस दिखाना है।

कभी-कभी इनोवेशन तभी संभव हो पाता है जब आपके पास एकांत होता है और जब आप दैनिक भागदौड़ से थोड़ा अलग हटकर सोचते हैं।

बेंचमार्किंग किसी भी उस कंपनी के लिए एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो बाजार में शीर्ष पर पहुंचने की आकांक्षा रखती है।

चाहे आप सर्विसेज सेक्टर में हों या मैन्युफैक्चरिंग में, सफलता की चाबी दूसरों से हमेशा एक कदम आगे रहने में है। मेरा मानना है कि हमें किसी के द्वारा पीछे छोड़े जाने का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि खुद ही बदलाव की शुरुआत करनी चाहिए।

इनोवेशन ही सफलता की असली कुंजी है। अगर आप खुद अपना भविष्य नहीं बनाएंगे, तो कोई और आपके लिए भविष्य बना देगा। एक सच्चा लीडर सिर्फ समस्याओं का समाधान नहीं निकालता, बल्कि वह चुनौतियों को अवसरों में बदल देता है। सफलता केवल पैसे कमाने से तय नहीं होती। इसका असली मतलब लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाना है।

किसी भी कारोबार की सबसे बड़ी संपत्ति वहां काम करने वाले लोग होते हैं। आप उन पर निवेश कीजिए। वे आपको बेहतरीन परिणाम लाकर देंगे।

लीडरशिप का मतलब दूसरों पर नियंत्रण रखना नहीं, बल्कि दूसरों को अपना नियंत्रण खुद संभालने के लिए सशक्त बनाना है। जब आप सही लक्ष्य और आकांक्षाएं तय करते हैं, और पूरी कुशलता व लगन से काम करते हैं, तो नतीजे अपने आप हासिल हो जाते हैं।

# 9000 की नौकरी छोड़ बेसमेंट से शुरू किया काम

**8 करोड़ का साम्राज्य, जेएसडब्ल्यू और एचसीएल जैसी कंपनियां भी ग्राहक**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपके पास हौसला और सही सोच है, तो छोटे से कदम से भी बड़ी शुरुआत हो सकती है। कोयंबटूर के रहने वाले 34 साल के शशि धरन की कहानी इसका बेहतरीन उदाहरण है। साल 2020 में अपने घर के 1000 स्क्वायर फीट के छोटे से बेसमेंट से शुरुआत करने वाले शशि की कंपनी कोवई कियोस्क आज 8 करोड़ रुपये का टर्नओवर बना चुकी है। यह कंपनी खाने-पीने के छोटे स्टॉल (कियोस्क), बड़े कमर्शियल ढांचे, किचन के सामान और आधुनिक 'कैप्सूल हाउस' बनाती है। शशि धरन ने मेकैनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। 'द वीकेंड लीडर' के मुताबिक उन्होंने अपने करियर की शुरुआत महज 9000 रुपये की नौकरी से की थी। धीरे-धीरे अनुभव हासिल करते हुए उनकी सैलरी 60,000 रुपये तक पहुंच गई, लेकिन वे खुद का बिजनेस शुरू करना चाहते थे। शशि ने 2 लाख रुपये अपनी बचत से लगाए और 4 लाख रुपये सरकार की योजना से लोन लिया। शुरुआत के




डेढ़ साल तक शशि की पत्नी धनु जो खुद एक ढ्ढञ्ज कंपनी में काम करती थीं, अपनी सैलरी से कंपनी का खर्च और कर्मचारियों की सैलरी संभालती रहीं। कोवई कियोस्क अब पोर्टेबल कैप्सूल हाउस भी बना रही है। ये ऐसे घर होते हैं जिन्हें आसानी से एक जगह से उठाकर दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। रिसॉर्ट और गार्डेन के लिए यह एक नया ट्रेंड बन रहा है।

**कई बड़ी कंपनियां क्लाइंट:** आज कंपनी की कमाई में 60 प्रतिशत हिस्सा कियोस्क से, 20 प्रतिशत किचन के सामान से और 20 प्रतिशत कैप्सूल हाउस से आता है। स्टील और एचसीएल जैसी बड़ी कंपनियां भी इनकी क्लाइंट हैं। शशि धरन का मानना है कि बिजनेस में रातों-रात सफलता नहीं मिलती। वे नए उद्यमियों को सलाह देते हैं कि हर नए बिजनेसमैन को शुरुआत के 5-6 सालों तक कड़ी मेहनत और संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए।

### एक छोटे ऑर्डर ने बदल दी पूरी किस्मत

शुरुआत में शशि सिर्फ रेस्टोरेंट और होटलों के लिए किचन इक्विपमेंट बनाते थे। लेकिन 2022 में एक कस्टमर ने उनसे 1.8 लाख रुपये का फिश फ्राई स्टॉल (कियोस्क) बनाने को कहा। यह प्रोडक्ट लोगों को इतना पसंद आया कि उन्हें ऐसे कई ऑर्डर मिलने लगे। हाल ही में उनकी कंपनी ने 60 लाख रुपये का एक बहुत बड़ा कियोस्क प्रोजेक्ट पूरा किया है।

### 2 से 100 कर्मचारियों का सफर

जिस कंपनी में शुरुआत में सिर्फ 2 लोग काम करते थे, आज वहां 100 लोग काम कर रहे हैं। घर के बेसमेंट से शुरू हुआ काम आज 80,000 स्क्वायर फीट की बड़ी फैक्ट्री में बदल चुका है।

# झारखण्ड में 'विधि पोर्टल 2.0' हुआ लॉन्च

## अब मुकदमे का पूरा हिसाब रहेगा डिजिटल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने सरकारी न्यायालयीन मामलों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने 'विधि पोर्टल 2.0' लॉन्च किया है। झारखंड हाईकोर्ट के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महाधिवक्ता रोहिताश्य रॉय ने पोर्टल का उद्घाटन किया।

इस मौके पर आईटी सचिव पूजा सिंघल, विधि विभाग के सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, वरीय एएजी अच्युत केशव और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकसित 'विधि पोर्टल 2.0' को झारखंड की डिजिटल गवर्नेंस यात्रा की अहम उपलब्धि माना जा रहा है। सरकार का कहना है कि यह पोर्टल आधुनिक तकनीक के जरिए सरकारी मुकदमों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और दक्ष बनाएगा।




नए पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों, विधि विभाग, महाधिवक्ता कार्यालय और सरकारी अधिवक्ताओं को एकीकृत डिजिटल मंच पर जोड़ा गया है। इसमें रियल टाइम मॉनिटरिंग, ऑटोमैटिक अलर्ट, स्मार्ट वर्कफ्लो और एडवांस एनालिटिक्स जैसी सुविधाएं दी गई हैं, जिससे समय पर निर्णय लेने और प्रभावी पैरवी में मदद मिलेगी।

सरकार ने बताया कि 'विधि पोर्टल 2.0' के सफल संचालन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों और उपयोगकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि पोर्टल की सभी सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

## भक्तों के उपर बरसेगी पानी की फुहार

**देवघर।** सुल्तानगंज से कांवड़ लेकर बाबा भोले पर जलार्पण करने आने वाले कांवड़ियों की यात्रा कितनी कठिन होती है, यह तो आने वाले शिव भक्तों की चाल, चेहरे पर थकावट की झलक साफ बयान कर देती है। खासकर मौसम खुशनुमा नहीं हो तब, अब ऐसे में निगम क्षेत्र में प्रवेश करते ही कांवड़ियों को राहत दिलाएगी इंद्र वर्षा व वरुण वर्षा।

एक ओर इंद्र वर्षा जहां भक्तों के ऊपर पानी का फुहार बरसाएगी तो वरुण वर्षा उनके पैरों को राहत पहुंचाएगी। निगम प्रशासन की ओर से खिजुरिया गेट, शिवराम झा चौक और पंडित बीएन झा पथ पर इंद्र वर्षा की व्यवस्था की गई है।

साथ ही कुछ जगहों पर वरुण वर्षा की भी व्यवस्था की जाएगी। इसकी तैयारी की जा रही है। इतना ही नहीं जलार्पण के लिए कतारबद्ध होने वाले कांवड़ियों के साथ-साथ कांवर लेकर आने वाले भोले के भक्तों को कोल्ड वाटर फॉगिंग के द्वारा भी फुहार की जाएगी। इससे कांवड़ियों को काफी राहत पहुंचेगी। कोल्ड वाटर फॉगिंग आवश्यकतानुसार समयबद्ध तरीके से कराया जाएगा।

# रंगदारी के लिए फायरिंग करने वाले तीन लोग धराये

## हथियार तथा बाइक बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित टिनप्लेट सब्जी मार्केट में एक लाख रुपये की रंगदारी मांगने और मांग पूरी नहीं होने पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपितों की निशानदेही पर दो देसी कट्टा, चार कारतूस, एक खोखा तथा घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है।

सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि 18 जुलाई 2026 की शाम करीब छह बजे टिनप्लेट सब्जी मार्केट के व्यवसायी मथुरा पोद्दार से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। विरोध करने पर अपराधियों ने दो चक्र फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की। मामले में गोलमुरी थाना प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करण सिंह उर्फ जसकरण सिंह और मनदीप सिंह को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी रॉमी सिंह उर्फ सरदार को भी दबोच लिया गया।



पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी करण सिंह उर्फ जसकरण सिंह के खिलाफ गोलमुरी, बिष्टुपुर और रेल थाना में हत्या के प्रयास, रंगदारी, लूट, चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं मनदीप सिंह पर भी हत्या के प्रयास, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में चार मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ-साथ इस कांड के पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। तीनों आरोपियों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# थम नहीं रहा हाथियों का उत्पात, लोगों में दहशत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिरनी।** 25 हाथियों का झुंड बिरनी प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित पंचायत कपिलो के रजमनियां व चानो में बुधवार देर रात करीब 11 बजे को पहुंचा। रातभर हाथियों ने खूब उत्पात मचाया। इस क्रम में दर्जनाधिक किसानों के खेतों में लगी फसलों को नष्ट कर दिया। घटना के बाद आम लोगों में दहशत कायम है।

गुरुवार सुबह झुंड चानो से निकल कर रजमनियां गांव पहुंचा। जहां सुबह करीब पांच बजे हाथियों के झुंड ने मुन्ना साव की 36 वर्षीय पत्नी आशा देवी को अपनी चपेट लेकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मंच गई। घायल महिला को स्वजन ने इलाज के लिए बिरनी सीएचसी में भर्ती कराया।

सीएचसी के सीएचओ दिलीप धाकड़ व उनके सहयोगी ने प्राथमिक उपचार कर उसे उच्चस्तरीय अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन महिला को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद ले गए।

घटना की सूचना मिलते ही वनरक्षी बिरेन्द्र प्रसाद व प्रमुख रामु बैठा, बरहमसिया पंचायत की पूर्व मुखिया गीता देवी के पुत्र झुनझुन राय अस्पताल पहुंच घटना की जानकारी ली। प्रमुख ने दूरभाष पर डीएफओ गिरिडीह पश्चमी अंकित कुमार सिंह व रेंजर अनिल कुमार को सूचना दी। साथ ही घायल महिला को समुचित इलाज का खर्च और मुआवजा देने की मांग की।

डीएफओ ने प्रमुख को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रावधान के तहत घायल महिला समेत किसानों को फसल के नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा। हाथियों के झुंड ने रजमनियां जंगल मे शरण लिया है।

## अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आज

**एकमा।** बिहार के शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार एकमा प्रखंड सहित जिले के सभी प्रारंभिक सरकारी यानी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शनिवार, 25 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। इस माह की संगोष्ठी का विषय ₹समावेशी शिक्षा : हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण₹ रखा गया है।

एकमा के प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं समुदाय में समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक बच्चे, विशेष रूप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विद्यालय में नामांकन, नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विद्यालयों में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, सीखने के स्तर, विद्यालयी गतिविधियों तथा समावेशी शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अभिभावकों के साथ विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# बरामदे में पढ़ने को मजबूर हैं छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पोड़ैयाहाट।** पोड़ैयाहाट के कई स्कूल इन दिनों पूरी तरह जर्जर स्थिति में है। इनमें से आठ स्कूल भवनों को अब अयोग्य घोषित किया गया है। उसे दूसरे स्कूलों में शिफ्ट कराया जा रहा है। जर्जर भवन वाले स्कूलों को अब नए भवन का इंतजार है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था यहां भगवान भरोसे ही चल रही है। ऐसे में यहां दो कमरे में 248 बच्चे ठूंसे जा रहे है। वहीं बरामदे में कक्षा लगती है।

यह वाकया उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खरकचिया का है। झारखंड गठन के करीब 26 वर्ष बाद भी सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का संकट खत्म नहीं हो सका है।

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के सरकारी दावों के बीच पोड़ैयाहाट प्रखंड के विद्यालयों की हकीकत बेहद चिंताजनक है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खरकचिया इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां महज दो कमरों में 248 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई कराई जा रही है।

जगह की कमी के कारण छोटे बच्चों की कक्षाएं बरामदे में संचालित होती हैं, जबकि विद्यालय का पुराना भवन जर्जर होने के कारण वर्षों पहले अनुपयोगी घोषित किया जा चुका है। बुधवार को विद्यालय में बच्चों की भीड़ के बीच हालात ऐसे रहे कि कई विद्यार्थियों को बरामदे में बैठाकर पढ़ाना पड़ा। प्रधानाध्यापक जयकांत ठाकुर ने बताया कि एक कमरे में कक्षा एक से पांच तक के 146 बच्चे, जबकि दूसरे कमरे में कक्षा छह से आठ तक के 102 छात्र-छात्राएं बैठते हैं। सभी बच्चों की उपस्थिति होने पर स्थिति और विकट हो जाती है। मजबूरी में पहली कक्षा के बच्चों को बाहर बैठाकर पढ़ाया जाता है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा एक में 17, दो में 32, तीन में 36, चार में 21, पांच में 40, छह में 30, सात में 33 तथा आठ में 37 विद्यार्थी नामांकित हैं। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को दो कमरों में पढ़ाना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बड़ी चुनौती है।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि 1990 के दशक में बना विद्यालय भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। अभियंता और अंचलाधिकारी के निरीक्षण के बाद उसमें बच्चों को बैठाने पर रोक लगा दी गई। इसके बाद से वर्ष 2004-05 में बने भवन के दो कमरों में ही पूरे विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान भवन भी अब जर्जर होने लगा है। हाल ही में विकास मद से इसकी मरम्मत कराई गई है, जिससे फिलहाल काम चल रहा है। कई बार विभाग को लिखित रूप से नए भवन निर्माण की मांग भेजी गई, लेकिन अब तक कोई स्वीकृति नहीं मिली।

विद्यालय का शौचालय भी उपयोग के योग्य नहीं है। सेप्टिक टैंक का ढक्कन टूटकर ध्वस्त हो चुका है और निर्माण में गुणवत्ता की कमी के कारण पूरी संरचना जर्जर हो गई है। परिणामस्वरूप शौचालय बंद पड़ा है। इसका सबसे अधिक असर छात्राओं पर पड़ रहा है, जिन्हें भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार गोड्डा जिले के 39 विद्यालय पूरी तरह जर्जर घोषित किए जा चुके हैं। इनमें पोड़ैयाहाट प्रखंड के आठ विद्यालय भी शामिल हैं। इनमें प्राथमिक विद्यालय अंबाडीहा, गौरीपुर, सतपहाड़ी, कमराडोल, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिंदबांक मांझी टोला, छोटा राजदाहा, करमटोला तथा केलाबाड़ी रुसना टोला शामिल हैं।

# सात बच्चों की भागी मां को बरेली पुलिस ने किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** हनवारा थाना क्षेत्र के नरैनी गांव की 40 वर्षीय नूरजहां बेगम इंस्टाग्राम में प्यार के चक्कर में पड़कर फरार हो गई है। महिला अपने सात बच्चों और पति को छोड़कर भागकर उत्तर प्रदेश के बरेली अपने आशिक के साथ भाग गई थी। जिसको हनवारा थाना की पुलिस के द्वारा बरेली पुलिस की मदद से बरामद कर लिया गया है। मालुम हो कि नूरजहां की शादी नरैनी गांव के शकीर अंसारी से हुई थी। दंपती को सात बच्चे हैं। इधर कुछ महीने से नूरजहां की बरेली के आशिक के साथ दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हो गइ थी जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई।

दो महीने पहले वह बिना बताए घर से निकली और बरेली पहुंच गई। जब वह शाम तक वापस नहीं आई तो खोजबीन का सिलसिला शुरू हुआ। जिसके बाद हनवारा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

पुलिस ने गोपनीय सूचना और मोबाइल लोकेशन के आधार पर महिला को उत्तर प्रदेश के बरेली में पाया। जिसके बाद हनवारा थाना प्रभारी ध्रुव कुमार अपनी टीम के साथ बरेली रवाना हुए और उसे वहां से बरामद कर महिला को हनवारा वापस लाया है जिसकी सूचना परिजनों को दी है।

थाने पर जैसे ही शकीर और उसके सातों बच्चों ने नूरजहां को देखा बच्चे फूट-फूट कर रोने लगे। इस घटना ने जहां मां के ममता पर सवाल खड़ा कर दिया कि कैसे एक मां अपने सात मासूम और भरा पूरा परिवार छोड़कर किसी अजनबी के साथ जा सकती है। फिलहाल, नूरजहां ने बच्चों के साथ रहने का फैसला किया है।

पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद उसे पति-बच्चों को सौंप दिया है। हालांकि, इस घटना के बाद शकीर काफी दुखी है। शकीर ने बताया कि उसने कभी पत्नी को कोई तकलीफ नहीं दी फिर भी उनकी पत्नी का यह कदम बहुत तकलीफ दायक है।

यह मामला सोशल मीडिया के अंधाधुंध इस्तेमाल से बिखरते पारिवारिक रिश्तों की तरफ इशारा करता है।

# हैण्डपंप लगाने के नाम पर बुजुर्ग महिला से हजारों की ठगी

## क्षेत्र में अधिकारियों के नाम पर हो रही वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रंका।** रंका थाना क्षेत्र के सिंगा सरका गांव निवासी तेंतर सिंह की पत्नी बासमती देवी (70) से हैंडपंप गड़वाने के नाम पर बुधवार कह सुबह 18 हजार रुपए ठग कर एक अज्ञात व्यक्ति चंपत हो गया।

इस घटना के कुछ देर बाद बासमती देवी को ठगी का शिकार होने का आभास हुआ। इसके बाद वह थाना पहुंच कर पुलिस पदाधिकारी को आपबीती सुनाई। जहां पुलिस ने मामला दर्ज कर ठग की खोजबीन शुरू कर दी है।

इस संबंध में पिड़िता बासमती देवी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के करीब वह अपने घर में खाना खा रही थी। इसी बीच एक अनजान व्यक्ति घर आया और कहा कि तुम्हारे घर अभी तक हैंडपंप क्यों नहीं लगा, जबकि लिस्ट में नाम शामिल था।



इसके बाद आरोपी ने कहा, ₹लगता है साहेब के पास पैरवी लगानी पड़ेगी। हम सरकारी आदमी हैं, यदि हैंडपंप गड़वाना है, तो 20 हजार रुपए का इंतजाम करना पड़ेगा।₹ गांव की सीधी-साधी बुजुर्ग आदिवासी महिला ने उक्त व्यक्ति के झांसे में आकर अपने खाते में कुल जमा पूंजी 18 हजार रुपए होने की बात कहते हुए पेयजल की भारी समस्या बताई।

इसी क्रम में पीड़िता महिला का दामाद उंचरी गांव निवासी लालू सिंह आया, तो महिला ने उसे सारी बात बताई। इस बात पर उक्त व्यक्ति ने ललू सिंह को भी झांसे में लेकर दो किलोमीटर दूर गांव में गाड़ी पहुंचने की बात कह कर गाड़ी के पास जाने और रास्ता बता कर साथ लेकर आने के लिए कहकर उसे भेज दिया। बाद में उक्त व्यक्ति ने अपने पाकेट से बाकी पैसा लगाने की बात करते हुए पिड़िता महिला को अपने मोटरसाइकिल पर बिठा कर रंका थाना मोड़ स्थित सीएसपी सेंटर लाया तथा उसके खाते से 18 हजार रुपए निकासी कराकर लिया और प्रखंड कार्यालय चलने को कहकर पुनः मोटरसाइकिल पर बिठाया और आधे रास्ते में उतार कर फरार हो गया।

# थमा भुगतान तो अटकी जी-राम-जी योजना की सांसें

## मजदूरों में असंतोष व्याप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिद्धौर।** राज्य सरकार स्तर पर एफटीओ (फंड ट्रांसफर ऑर्डर) की समस्या का समाधान नहीं होने से जी-राम-जी योजना के तहत मजदूरों के मजदूरी भुगतान पर संकट गहरा गया है।

भुगतान लंबित रहने के कारण मजदूरों का योजना के प्रति रुझान लगातार कम हो रहा है। इसका सीधा असर मजदूरों के डिमांड पर भी देखने को मिल रहा है। गिद्धौर प्रखंड में जुलाई के प्रथम सप्ताह से अब तक महज 157 मजदूरों का ही डिमांड स्वीकृत हो सका है, जबकि पहले की तुलना में यह संख्या काफी कम बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, राज्यभर में एफटीओ से जुड़ी तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या के कारण मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है। कई मजदूरों की मजदूरी लंबित होने से उनमें असंतोष है। भुगतान नहीं मिलने के कारण मजदूर अब योजना में काम करने से हिचक रहे हैं और डिमांड देने में भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं।प्रखंड क्षेत्र में फिलहाल प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तथा हाल ही में स्वीकृत आम बागवानी योजना के कार्यों में ही सीमित संख्या में मजदूरों का डिमांड चल रहा है। अन्य योजनाओं में मजदूरों की भागीदारी लगभग ठप पड़ गई है। इससे ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की रफ्तार भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मजदूरी का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए तो अधिक संख्या में मजदूर योजना से जुड़ेंगे। मजदूरों का भरोसा बनाए रखने के लिए लंबित भुगतान का शीघ्र निपटारा आवश्यक है। प्रखंड स्तर के अधिकारियों का कहना है कि भुगतान से संबंधित मामला राज्य स्तर पर लंबित है। जैसे ही एफटीओ की समस्या का समाधान होगा, मजदूरों के खातों में मजदूरी की राशि भेज दी जाएगी।भुगतान में हो रही देरी के कारण एक ओर मजदूर आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रामीण रोजगार योजना की गति भी प्रभावित हो रही है। अब मजदूरों और जनप्रतिनिधियों की नजर राज्य सरकार द्वारा इस समस्या के शीघ्र समाधान पर टिकी हुई है। बताया जाता है कि झारखंड और बिहार को छोड़कर शेष सभी राज्यों में मजदूरों का एफटीओ किया जा रहा है।

## लोगों ने किया हंगामा

धनबाद। रणधीर वर्मा चौक स्थित गांधी सेवा सदन के दूसरी ओर, सदर अस्पताल के समीप बाउंड्री वाल निर्माण को लेकर शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। चारदीवारी और अल्बेस्टर की छत के सहारे वर्षों से रह रहे परिवारों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। विरोध के कारण कुछ समय के लिए निर्माण कार्य भी प्रभावित रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वे पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से इस स्थान पर रह रहे हैं। उनके अनुसार गुरुवार शाम अचानक नोटिस देकर बताया गया कि सड़क की ओर बाउंड्री वाल बनाई जाएगी और शुक्रवार सुबह से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इससे लोगों में नाराजगी फैल गई। स्थानीय निवासी विनोद कुमार ने बताया कि यहां करीब 15 परिवारों के लगभग 60 सदस्य निवास करते हैं।

# महापुरूषों की जीवनी से सीख लेने की जरूरत : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धाओं बाल गंगाधर तिलक एवं चन्द्रशेखर आजाद की जयंती गयाजी के स्थानीय अनुग्रह नारायण रोड स्थित दुबे आश्रम में कॉंग्रेस पार्टी के तत्वाधान में मनाई गई।

सर्वप्रथम बाल गंगाधर तिलक एवं चन्द्रशेखर आजाद के चित्रों पर माल्यार्पण के पाश्चात्य दोनों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में उपस्थित बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, इंटक महासचिव टिंकू गिरी, प्रद्युम्न दुबे, मिथिलेश सिंह, पपू दुःखहरनि, अशोक राम, कृष्ण मोहन शर्मा, शिव कुमार चौरसिया आदि ने कहा की प्राकृति का गजब संयोग है कि आज ही के दिन 170 साल पहले 1856 में बाल गंगाधर



तिलक, एवं 120 साल पहले 1906 में चन्द्रशेखर आजाद का जन्म हुआ था।

नेताओं ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक का यह नारा की स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, हम इसे लेकर रहेगें तथा क्रांति वीर योद्धा चन्द्रशेखर आजाद का नारा की आजाद थे, आजाद रहेंगे नारा देश के नवजवानों के दिलों, दिमाग में कौंध जाता है।

नेताओं ने कहा बाल गंगाधर तिलक एवं चन्द्रशेखर आजाद देश की आजादी के दो ऐसे वीर बांकुड़ा है जिनकी प्रासंगिकता और जरूरत आज भी देश को है, जिसे अपना कर देश से भ्रष्टाचार, घोटाले , तानाशाही, आदि को मिटाया जा सकता है।

# जिले में 110 लोगों का कटा ऑनलाइन चालान

## वाहन चालकों में हड़कम्प की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। अब बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जा रही है और मौके पर रोके बिना ही ऑनलाइन चालान काटा जा रहा है।

उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर यह अभियान दोबारा शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने बताया कि गुरुवार को दोपहर चार बजे तक कुल 110 दोपहिया वाहन चालकों का ऑनलाइन चालान किया जा चुका था। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाद उनकी पहचान की जाती है और वाहन के पंजीकरण विवरण के आधार पर ई-चालान जारी किया जाता है।

चालान की प्रति सीधे संबंधित वाहन चालक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जा रही है। यह व्यवस्था सड़क सुरक्षा को मजबूत करने तथा दुर्घटनाओं में होने वाली जानमाल की क्षति को कम करने के उद्देश्य से लागू की गई है।

जिला मुख्यालय के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगे हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाहनों की लगातार निगरानी की जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष में परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों की पहचान कर तत्काल ऑनलाइन चालान जारी कर रहे हैं।

जिला प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और हमेशा हेलमेट पहनकर ही दुपहिया वाहन चलाएं। प्रशासन का मानना है कि लोगों की जागरूकता और नियमों के पालन से सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/771, दिनांक 23.07.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3634-आर; कार्य का नाम:** हावड़ा के तहत पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशन के 100 लोकेशनों/स्टेशनों/केबिनों में एयर कंडीशनिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,83,21,422; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 7,66,400; **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3615; कार्य का नाम:** 1) हावड़ा मंडल में एईएन/आजिमगंज के अधीन नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों (कटवा-आजिमगंज अनुभाग में 4 अदद तथा आजिमगंज-नलहाटी अनुभाग में 2 अदद) में रिले हटों के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। 2) हावड़ा मंडल में नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों (लिलुआ-बेलूड़ मठ अनुभाग में 01 अदद तथा बर्द्धमान-कटवा अनुभाग में 02 अदद, रामपुरहाट-दुमका अनुभाग में 02 अदद) में रिले हटों के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 49,68,091; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 99,400; **समापन अवधि:** 180 दिन (दोनों के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.08.2026 को 15.00 बजे (दोनों के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-236/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**मालदा मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों में प्रीमियम ब्रांडेड कैटरिंग आउटलेट की संविदा प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102, (प. बं.) (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा **मालदा मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों में प्रीमियम ब्रांडेड कैटरिंग आउटलेट की संविदा प्रदान करने** के लिए www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया गया है। **नीलामी सूचीपत्र सं.: पीबीसीओ-एमएलडीटी-एयूजी। नीलामी शुरू: तारीख: 10.08.2026 समय: 11:30 बजे। सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, स्टेशन, ब्रांड के लिए आवश्यक टर्नओवर : एए/1;** एमएसएस-एमएलडीटी-बीजीपी-पीएस-100-26-1, भागलपुर; पिछले तीन वित्त वर्ष में से किसी भी वर्ष में रु. 50 करोड़। **एए/2;** एमएसएस-एमएलडीटी-जेएमपी-पीएस-97-26-2, जमालपुर; पिछले तीन वित्त वर्ष में से किसी भी वर्ष में रु. 5 करोड़। **एए/3;** एमएसएस-एमएलडीटी-एमएलडी-पीएस-99-26-1, मालदा टाउन; पिछले तीन वित्त वर्ष में से किसी भी वर्ष में रु. 5 करोड़। **एए/4;** एमएसएस-एमएलडीटी-एसबीजी-पीएस-91-26-2, साहिबगंज; पिछले तीन वित्त वर्ष में से किसी भी वर्ष में रु. 50 लाख। प्रत्याशित बोलीदाताओं से आगे के विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (MLD-142/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत विभिन्न श्रेणियों के लिए संविदाएं प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल 713301 द्वारा **संविदाएं प्रदान करने** के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के मार्फत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है: **क्रम सं. एवं नीलामी की श्रेणी; ई-नीलामी सूचीपत्र सं.; नीलामी शुरू होने की तारीख; स्टेशन का नाम/स्थान: (1) पार्किंग;** पार्किंग-एएसएन-070; : 07.08.2026 को 12:15:00 बजे; **(i)** रानीगंज रेलवे स्टेशन के दक्षिण की ओर सर्कुलेटिंग एरिया में दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग लॉट **(ii)** दुमका स्टेशन की वर्तमान स्टाफ पार्किंग तथा ओआरएच के संलग्न सर्कुलेटिंग एरिया के दक्षिण की ओर (मंडल आसनसोल) जगह पर दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग लॉट। **(2) ईवी चार्जिंग;** पार्किंग-डीयूएमकेईवी; 12.08.2026 को 14:30:00 बजे; दुमका रेलवे स्टेशन के दक्षिण की ओर सर्कुलेटिंग एरिया में सिर्फ ई-वाहनों के चार्जिंग स्टेशन के लिए लॉट मैप्ड। **(3) पे एंड यूज शौचालय;** सी5-एएसएन-पीएनयू-डीजीएचआर; 12.08.2026 को 12:30:00 बजे; **(i)** देवघर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर जसीडीह छोर की ओर फूट ओवर ब्रिज के निकट पे एंड यूज शौचालय **(ii)** देवघर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय के भीतर पे एंड यूज शौचालय। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सम्पूर्ण विवरण तथा अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखने की सलाह दी जाती है। (ASN-193/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 31 लीटर जल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम रवाना हुए तीन शिवभक्त

**गंगारायडीह गांव की सुख-समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना को लेकर कांवड़ यात्रा पर निकले युवा**



**जमुई/चकाई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पवित्र महीने में आस्था की अनोखी मिसाल पेश करते हुए चकाई प्रखंड के गंगारायडीह गांव निवासी तीन युवा पुरुषोत्तम शर्मा, अमन शर्मा और अंकुश यादव बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए रवाना हुए हैं।

तीनों शिवभक्तों ने अजय नदी के अगरनाथ घाट से 31 लीटर पवित्र जल उठाकर कठिन संकल्प के साथ अपनी कांवड़ यात्रा की शुरूआत की।अगरनाथ घाट पर सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। विशेष पूजा-अर्चना के बाद परिजनों ने आरती उतारी, माथे पर तिलक लगाया और पुष्पमालाएं पहनाकर श्रद्धालुओं को विदा किया। इस दौरान बोल बम और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से पूरा घाट गुंजायमान हो उठा।जानकारी के अनुसार ये तीनों श्रद्धालु चकाई से पैदल सुल्तानगंज पहुंचेंगे, जहां से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर पुनः पैदल ही बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेंगे।ग्रामीणों का कहना है कि आज की आधुनिक जीवनशैली के बीच इन युवाओं का अपनी संस्कृति और आस्था के प्रति यह समर्पण बेहद प्रेरणादायी है। श्रद्धालुओं ने बताया कि उनकी यह कठिन यात्रा केवल व्यक्तिगत भक्ति नहीं, बल्कि पूरे गांव की सुख-शांति, समृद्धि, अच्छी बारिश और जन-कल्याण की मंगल कामना का प्रतीक है।

## पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई मे 61.5 लीटर नेपाली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त करवाई मे अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान शराब तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने 205 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की। इसके अलावा शराब तस्करी में प्रयुक्त एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार टस्करो की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के बंगरी गाँव निवासी सुदेश कुमार पिता किशोरी भगत तथा मुफसील थाना क्षेत्र के बरहरवा निवासी रामबाबू राय पिता नंदलाल राय के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्त से पूछताछ कर शराब तस्करी के नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि सभी तस्करो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया।

# खैरा की नई सीडीपीओ बनीं नीलम कुमारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय में संभाला पदभार



**जमुई /खैरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खैरा प्रखंड में नई बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) के रूप में नीलम कुमारी ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया।

हाल ही में राज्य सरकार द्वारा बड़े स्तर पर किए गए तबादला एवं पदस्थापन के बाद उनकी पोस्टिंग खैरा प्रखंड में की गई है।पदभार ग्रहण करने के बाद नीलम कुमारी ने बाल विकास परियोजना कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और विभागीय कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।उन्होंने आंगनबाड़ी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने, कुपोषण उन्मूलन, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी कर्मियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही।मौके पर कार्यालय के कर्मियों ने नये सीडीपीओ का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनसे विभागीय योजनाओं के बेहतर संचालन और आम लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने की उम्मीद जताई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक दुर्घटना में चालक घायल

**हसपुरा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हसपुरा-पचरुखिया रोड में सलेमपुर गांव समीप बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अरवल जिला के इंजोर गांव के स्व. डोमन राजवंशी के पुत्र 25 वर्षीय जीतू राजवंशी है। स्थानीय लोगों के सहयोग से हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज बाहर रेफर कर दिया। बताया जाता है की घायल जीतू राजवंशी अपने ससुराल खुटहन गांव से घर लौट रहा है। जैसे ही सलेमपुर के पास संतुलन खो दिया और दुर्घटना ग्रस्त हो गया। बाहर इलाज के लिए साला सोनु राजवंशी साथ में गया है। दुर्घटना के बारे में स्थानीय लोगों का कहना है की बाइक तेज रफ्तार में थी।

### सुंढी जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करें सरकार : अकेला

**हसपुरा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक लम्बे समय से उपेक्षित सूड़ी जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने हेतु एक बार फिर सदन से सड़क पर संघर्ष जारी रखा जाए। उपरोक्त बाते सुडी संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय सह संयोजक सह वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने गत दिनों पटना के पाटलीपुत्रा गोलंबर के पास अवस्थित नाफिश विला में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल हो कर लौटने पर एक प्रेस बयान में कहा। अकेला ने बताया कि बैठक में शामिल सभी सम्मानित साथियों ने कहा कि गत वर्ष पटना में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था, लेकिन सरकार ने इस मांग को नही किया। ऐसी स्थिति में यह निर्णय लिया गया कि समाज के सभी सम्मानित विधायकों एवं मंत्री जी को एक स्मारपत्र के माध्यम से उन्हें याद दिलाने हेतु दिया जाए, क्योंकि आज के सभी सम्मानित विधायकों एवं पूर्व विधायको ने उस सम्मेलन में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। एवं जरूरत पड़ने पर सड़क पर भी संघर्ष किया जाएगा। साथ ही साथ उस ऐतिहासिक सम्मेलन को सफल बनाने वाले प्रखंड-जिला एवं प्रदेश स्तरीय सभी साथियों को सम्मानित किया जाएगा।

# कोचिंग संस्थानों के संचालकों के साथ जिला प्रशासन की बैठक

**● विद्यार्थियों को हिंसा से दूर रखने पर जोर**



**नवादा, नबबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में नवादा शहर के सभी कोचिंग संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी कोचिंग संचालकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को वर्तमान परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में उचित मार्गदर्शन प्रदान करें। उनसे कहा गया कि वे विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की हिंसा का सहारा नहीं लेने, सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को क्षति नहीं पहुँचाने तथा कानून का पालन करने के प्रति जागरूक करें। साथ ही कोचिंग संचालकों से अपील की गई कि वे इस बात के प्रति सतर्क रहें कि उनके छात्रों के बीच कोई असामाजिक तत्व शामिल होकर उन्हें किसी भी गैर-कानूनी गतिविधि के लिए प्रेरित न कर सके। बैठक में उपस्थित सभी कोचिंग संस्थानों के संचालकों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अपने संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को संयम, शांति एवं कानून के प्रति जागरूक करेंगे तथा उन्हें हिंसा, तोड़फोड़ एवं किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में सहायक समाहर्ता, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नवादा सदर, के साथ-साथ सभी कोचिंग संस्थानों के संचालक उपस्थित थे।

# पुराना वेतनमान व पुरानी पेंशन लागू कराने की लड़ाई जारी रहेगी : आनंद पुष्कर

**65 वर्ष सेवानिवृत्ति आयु सहित कई मांगों को उठाया**

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जद(यू) समर्थित एनडीए प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर ने कहा कि शिक्षकों को पुराना पूर्ण वेतनमान, पुरानी पेंशन योजना तथा अन्य सेवा संबंधी अधिकार दिलाने के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसके लिए वे हर स्तर पर आवाज बुलंद करते रहेंगे। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि, तुरकौलिया सहित अन्य प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों के दौरे के दौरान शिक्षकों से संवाद करते हुए आनंद पुष्कर ने कहा कि स्थानीय निकाय के शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा एवं बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के आधार पर राज्यकर्मी का दर्जा मिला है। अब उन्हें पुराना पूर्ण वेतनमान, वित्तीय उन्नयन, प्रोन्नति, अर्जित इंडेक्स के आधार पर वेतन निर्धारण, विशेष वार्षिक वेतन वृद्धि, पुरानी पेंशन योजना तथा अन्य सेवांत लाभ उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु समान रूप से 65 वर्ष निर्धारित कराने का भी संकल्प दोहराया।

उन्होंने कहा कि वित्तरहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को अनुदान के स्थान पर वेतनमान दिलाने, मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों की समस्याओं के समाधान तथा सरकारी विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से मान्यता प्राप्त आईटीआई संस्थानों को जोड़ने के लिए भी वे प्रयासरत हैं।

# मैत्री ब्रिज पर मानव तस्करी की कोशिश विफल



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रियता से मानव तस्करी की एक बड़ी साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया। रक्सौल के मैत्री ब्रिज पर संयुक्त जांच के दौरान 16 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, जिसे प्रेम, शादी और नौकरी का झांसा देकर नेपाल ले जाया जा रहा था। इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, मैत्री ब्रिज पर नियमित जांच के दौरान एसएसबी और बीआईटी की टीम ने भारत से नेपाल की ओर जा रहे एक युवक और बुर्का पहने एक किशोरी को रोका। पूछताछ के दौरान दोनों के बयान मेल नहीं खाने पर संदेह हुआ। इसके बाद एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू), प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर और स्वच्छ रक्सौल संस्था की टीम ने किशोरी की काउंसलिंग की, जिसमें पूरे मामले का खुलासा हुआ। काउंसलिंग में पता चला कि पूर्वी चंपारण की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी की आरोपी शिवम केशरी से करीब एक वर्ष पहले स्नैपचैट के माध्यम से पहचान हुई थी। आरोपी ने पहले प्रेम संबंध बनाया और फिर शादी का भरोसा दिलाकर उसे अपने प्रभाव में ले लिया। बाद में नेपाल में नौकरी और साथ रहने का सपना दिखाकर उसे घर से भागने के लिए तैयार कर लिया। पुलिस की नजरों से बचने के लिए किशोरी को बुर्का पहनाया गया था। बताया गया कि 22 जुलाई की रात किशोरी घर से बिना बताए निकल गई और मोतिहारी बस स्टैंड से आरोपी के साथ रक्सौल पहुंची। दोनों काठमांडू जाने की योजना में थे, लेकिन सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से उनकी योजना विफल हो गई। रेस्क्यू के बाद किशोरी को सुरक्षित संरक्षण में रखा गया है, जबकि आरोपी शिवम केशरी को हरैया थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर के सदस्य अभिषेक कुमार के आवेदन पर हरैया थाना में कांड संख्या 104/2026, दिनांक 23 जुलाई 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। इस संयुक्त अभियान में एएचटीयू, 47वीं वाहिनी एसएसबी, बीआईटी एसएसबी, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर तथा स्वच्छ रक्सौल संस्था के अधिकारियों और सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर होने वाली संदिग्ध दोस्ती, शादी या नौकरी के झांसे से सावधान रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या संबंधित एजेंसियों को दें।

# संतमत सत्संग में संतों ने दिया आत्मिक शांति और सदाचार का संदेश



**जमुई/चकाई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चकाई मुख्य चौक के समीप स्थित संजय गुप्ता के आवास पर एक दिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान हरिद्वार से पधारे संतों के आध्यात्मिक विचार सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी ज्ञानशेखर जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन ईश्वर की अनमोल देन है। इसका सदुपयोग आत्मचिंतन, भक्ति और सत्कर्मों में होना चाहिए। सद्गुरु की शरण, नाम-स्मरण और ध्यान-साधना से ही आत्मा का परमात्मा से मिलन संभव है। सत्संग से मन की अशांति दूर होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

वहीं स्वामी अभिषेकानंद जी महाराज ने कहा कि सांसारिक कार्यों के साथ-साथ आत्म-कल्याण के लिए समय निकालना आवश्यक है। ईश्वर हमारे भीतर ही विद्यमान हैं, जिन्हें नियमित ध्यान, भजन और सदाचार के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। संतों की सीख को जीवन में उतारना ही सत्संग का वास्तविक लाभ है।कार्यक्रम में 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, महेंद्र पाण्डेय, मनोज गुप्ता, धनेश्वर वर्मा, तुलसी प्रसाद गुप्ता, भीमाधर यादव, रविन्द्र गुप्ता, रामअवतार साह, दशरथ वर्मा, महेंद्र राय, उमेश यादव और राजेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जमुई में जल्द खुलेगा जीविका दीदी हाट, तैयारी तेज

**जीविका कर्मियों व स्वाभिमान संकुल संघ की दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण**



**जमुई, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जल्द ही जमुई के झाझा बस स्टैंड स्थित एसजीवाईएस भवन में जीविका दीदी हाट शुरू किया जाएगा।

इस हाट का संचालन स्वाभिमान जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। इस हाट के खुलने से करीब 20 से 25 दीदियों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा।

ज्ञात हो की जीविका दीदी हाट का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर महिलाओं को बाजार उपलब्ध कराना है।जीविका दीदी हाट में ताजी सब्जियां, फल, किराना, डेयरी उत्पाद, मछली-मांस, जन औषधि, स्टेशनरी, सिलाई, श्रृंगार, कृषि उत्पाद और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानें संचालित होंगी। इसके अलावे यहां पर यहां ग्रामीणों को शुद्ध, पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे।

सी क्रम में शुक्रवार को जीविका जिला कार्यालय स्थित किसान प्रशिक्षण सह सूचना केंद्र में डीपीएम जीविका संजय कुमार की अध्यक्षता में जीविका दीदी हाट पर एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य टीम के द्वारा जीविका दीदियों एवं संबंधित अधिकारियों को हाट संचालन की प्रक्रिया, दुकान प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन, ग्राहक सेवा, स्वच्छता, गुणवत्ता नियंत्रण एवं व्यवसाय संचालन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई प्रशिक्षण में जीविका कर्मियों के साथ स्वाभिमान संकुल संघ से जुड़ी दीदियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।इस हाट के संचालन के लिए पांच सदस्यीय प्रबंधन समिति बनाई जाएगी।

वहीं हाट स्थल पर सुरक्षा, साफ-सफाई एवं शौचालय की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। दुकान आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होगी एवं इसका आवंटन लॉटरी प्रणाली के आधार पर किया जाएगा।जिला परियोजना प्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि जीविका दीदी हाट के लिए झाझा बस स्टैंड स्थित एसजीएसवाई भवन का भौतिक निरीक्षण पहले ही पूरा कर लिया गया है।

जमुई जिले में इस हाट के खुलने से न सिर्फ महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# मुंगेर विश्वविद्यालय ने जारी की चतुर्थ मेधा सूची




- ● नामांकन 24 से 28 जुलाई 2026 तक
- ● निर्धारित तिथि के भीतर नामांकन प्रक्रिया पूरी करें छात्र
- ● जिन छात्रों का शुल्क राशि शून्य है, वे भी शून्य भुगतान की रसीद डाउनलोड करना ना भूले
- ● ससमय नामांकन पूर्ण करना प्रत्येक चयनित छात्रों की जिम्मेदारी है
- ● नामांकन नहीं होने की स्थिति में कॉलेज जिम्मेदार नहीं होगा

**●ससमय नामांकन कराना चयनित छात्रों की जिम्मेदारी : डॉ गौरी शंकर**

**जमुई, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के द्वारा छात्र हित में स्नातक, (सीबीसीएस) सत्र- 2026-2030, सेमेस्टर- 01 में नामांकन हेतु चतुर्थ मेधा सूची (43, 13, २३) जारी कर दी गई है। राजकीय डिग्री महाविद्यालय इस्लामनगर अलीगंज के प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर पासवान ने चतुर्थ मेधा सूची में चयनित छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे विश्वविद्यालय के आधिकारिक पोर्टल पर अपनी मेधा सूची एवं आवंटित महाविद्यालय की जानकारी की जांच कर निर्धारित तिथि के भीतर नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें. छात्र-छात्राएं आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उसकी छायाप्रतियों के साथ महाविद्यालय आकर अपना भौतिक सत्यापन अवश्य कराएं। समर्थ पोर्टल पर अपने लॉगिग और पासवर्ड के माध्यम से निर्धारित नामांकन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान भी सुनिश्चित करें। प्राचार्य ने कहा कि केवल मेधा सूची में नाम आने अथवा दस्तावेजों का सत्यापन कर लेने से नामांकन प्रक्रिया पूर्ण नहीं मानी जाएगी। नामांकन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान एवं रसीद प्राप्त करना अनिवार्य है। विशेष रूप से उन छात्र-छात्राओं को भी सूचित किया कि जिनका नामांकन शुल्क राशि शून्य प्रदर्शित हो रही है। ऐसे छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल पर लॉगिन कर शून्य भुगतान (जीरो पेमेंट रिसिप्ट) डाउन लोड कर रसीद प्राप्त करना नामांकन प्रक्रिया पूरी होने का महत्व पूर्ण प्रमाण होगी।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया पर ध्यान दें, और निर्धारित अवधि के भीतर सभी अनिवार्य औपचारिकताएं पूर्ण करने में सहयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि चतुर्थ मेधा सूची प्रकाशित होने के उपरांत नामांकन पूर्ण कराना प्रत्येक छात्रों की जिम्मेदारी है।

ससमय नामांकन नहीं होने की स्थिति में कॉलेज जिम्मेदार नहीं होगा।

नामांकन कि अभी तक की स्थिति-

विषयः हिंदी-18 इतिहास-18, राजनीतिक विज्ञान- 05, अंग्रेजी-शून्य अर्थशास्त्र-शून्य एवं समाजशास्त्र-शून्य. चतुर्थ मेधा सूची जारी। 24 जुलाई से नामांकन प्रारंभ।

# रक्सौल में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फूंका पुतला

**पेपर लीक, छात्र आंदोलन और पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी**



**रक्सौल ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बाटा चौक पर युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। इस दौरान 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' और केंद्र सरकार विरोधी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस रक्सौल प्रखंड अध्यक्ष बिकेश चंद्रवंशी ने की। प्रदर्शन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रो. अखिलेश दयाल शामिल हुए। उन्होंने हाल के छात्र आंदोलनों और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर हुई पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रो. दयाल ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ दिल्ली पुलिस के कथित व्यवहार पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, तो कांग्रेस व्यापक छात्र आंदोलन शुरू करेगी। युवा कांग्रेस के रक्सौल प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक की घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं और सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए जवाब देना चाहिए। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमर अंसारी, संतोष कुमार सिंह, इम्तेयाज अहमद, अफरोज आलम, राजद संगठन प्रभारी सुभाष यादव, सुधन यादव, कुंदन कुमार, दीपक भारती, मनीष कुमार, उमेश कुमार, अभिषेक कुमार, मनोहर कुमार, जिशान अंसारी, देवदत्त कुमार, आर्यन कुमार, सदरे आलम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईजीआई एयरपोर्ट के आसपास अवैध पार्किंग पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा

## चार दिन में 1,396 चालान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईजीआई एयरपोर्ट के आसपास अवैध पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। 19 जुलाई से 22 जुलाई तक चले इस अभियान के दौरान कुल 1,194 ई-चालान और 202 वायलेशन आन कैमरा एप (वीओसीए) चालान जारी किए गए। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।




दिल्ली कैंट ट्रैफिक सर्किल की ओर से चलाए गए इस अभियान के दौरान संजय टी-प्वाइंट और आरटीआर रोड सहित एयरपोर्ट के आसपास के उन स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई, जहां बड़ी संख्या में टैक्सी चालक यात्रियों के इंतजार में सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते हैं। पुलिस के अनुसार, कई चालक एयरपोर्ट की अधिकृत पार्किंग में वाहन खड़ा करने के बजाय पार्किंग शुल्क से बचने के लिए सड़क किनारे ही टैक्सियां खड़ी कर देते हैं। इससे यातायात बाधित होता है और पीक आवर्स में जाम की स्थिति बन जाती है।

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती कर लेन अनुशासन सुनिश्चित कराया गया और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की गई। जहां भी सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े मिले, वहां तत्काल कार्रवाई कर उन्हें हटवाया गया, ताकि अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित न हो। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इस विशेष अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि एयरपोर्ट आने-जाने वाले यात्रियों और अन्य वाहन चालकों को निर्बाध यातायात उपलब्ध कराना था। इसके लिए संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी गई और जाम की स्थिति बनने से पहले ही आवश्यक कदम उठाए गए। यह अभियान दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में चलाया गया।

### नीट पेपर लीक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के एलान को केजरीवाल ने बताया दिखावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नीट 2024 पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर सरकार के फास्ट ट्रैक कोर्ट संबंधी प्रस्ताव और जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार देर रात पेपर लीक मामलों के लिए सोमवार को संसद में फास्ट ट्रैक कोर्ट संबंधी कानून लाने का एलान किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का यह आश्वासन अगले ही दिन खोखला साबित हो गया। 2024 पेपर लीक मामले के कथित मास्टरमाइंड को सीबीआई ने अदालत में निर्दोष घोषित कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि जांच एजेंसी अदालत में पर्याप्त साक्ष्य ही पेश नहीं कर पा रही है तो फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा का क्या औचित्य है।

# रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक के पूर्व प्रबंधन की बढ़ी मुश्किलें, सुप्रीम कोर्ट ने संदिग्ध लेन-देन पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवालिया हो चुकी रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक के पूर्व प्रबंधन की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। कारण है कि इस सिलसिले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाते हुए कंपनी के संदिग्ध लेन-देन को रद्द करने की बात पर जोर दिया।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा है कि कंपनी की संपत्तियों को ट्रांसफर करने के लिए किए गए उनके संदिग्ध लेन-देन को रद्द क्यों न घोषित कर दिया जाए। बता दें कि सुपरटेक की अधूरी पड़ी 30 में से 16 हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को पूरा करने का काम सरकारी कंपनी एनबीसीसी कर रही है।मामले में अदालत की मदद कर रहे वरिष्ठ वकील राजीव जैन ने चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ को एक गंभीर बात बताई। वकील ने फर्जी दस्तावेजा का दावा करते हुए बताया कि जब अर्न्स्ट एंड यंग ने खातों का फोरेंसिक ऑडिट शुरू किया, तो पता चला कि सुपरटेक के पूर्व प्रबंधन ने फर्जी स्टाम्प पेपर के जरिए संपत्तियों को बेचने या ट्रांसफर करने की कोशिश की है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि %सुपरटेक सुपरनोवा% प्रोजेक्ट से जुड़े कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां फर्जी पंजीकृत स्टाम्प पेपर का इस्तेमाल करके बड़ी संख्या में फ्लैट्स का ट्रांसफर किया गया।



इतना ही नहीं वकील ने कोर्ट से सिफारिश की कि कंपनी के पूर्व निदेशकों और अधिकारियों को ऐसे गैर-कानूनी काम करने से तुरंत रोका जाए और अतीत में किए गए सभी अवैध लेन-देन को रद्द घोषित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस सुझाव से सहमति जताते हुए कहा कि वह इस पर अंतरिम आदेश देने के पक्ष में है। कोर्ट ने पूर्व प्रबंधन को एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट पर 1 हफ्ते के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 6 अगस्त को होगी। 16 प्रोजेक्ट्स पूरे किए जा रहे हैं, वे पैसों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। सुपरटेक द्वारा बैंक लोन न चुकाने के कारण उसके खाते गैर-निष्पादित परिसंपत्ति हो चुके हैं। इस वजह से आरबीआई के नियमों के तहत कोई भी सरकारी बैंक इन प्रोजेक्ट्स के लिए नया लोन देने को तैयार नहीं है और निजी वित्तीय संस्थानों से मिलने वाला लोन बहुत ऊंचे ब्याज दरों पर मिल रहा है।

## सक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में मौसमी उतार-चढ़ाव के बीच छिटपुट बारिश के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसमी उतार चढ़ाव के बीच शुक्रवार को दिल्ली में छिटपुट वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अभी अगले कई दिन अच्छी वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है। इतना जरूर है कि अभी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रहेगा। शुक्रवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। दिन में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। लेकिन तेज



धूप खिले रहने के चलते खासी उमस भी परेशान करेगी। उधर शुक्रवार को सुबह साढ़े 9 बजे दिल्ली का एक्यूआइ 73 दर्ज किया गया। इसे 'संतोषजनक' श्रेणी में रखा जाता है। एनसीआर के शहरों में भी हवा संतोषजनक से मध्यम श्रेणी में ही चल रही है। हाल फिलहाल इसमें खास बदलाव नहीं होगा।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने अपहरण और दुष्कर्म के मामले में 20 साल बाद दोषी को किया बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2006 के एक अपहरण और दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए बरी कर दिया कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपित का अपराध संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। न्यायमूर्ति विमल कुमार यादव की पीठ ने कहा कि गवाहों के बयानों में अहम विरोधाभास, फोरेंसिक साक्ष्यों की कमजोरी और मामले की परिस्थितियों को देखते हुए आरोपित को संदेह का लाभ दिया जाना चाहिए। पीठ ने उक्त टिप्पणी के साथ अपीलकर्ता राम चंदर की अपील को स्वीकार कर लिया और उन्हें वर्ष 2008 में भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 363 (अपहरण) और 376 (दुष्कर्म) के तहत दोषी करार देकर सजा देने को रद कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दुष्कर्म के लिए सात वर्ष के कठोर कारावास और अपहरण के लिए एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी। आरोप है कि वर्ष 2006 में 13 वर्षीय लड़की लापता हो गई थी और बाद में आरोपित के साथ बरामद हुई थी। वहीं, अपीलकर्ता ने तर्क दिया था कि युवती अपनी इच्छा से उसके साथ गई थी और घटना के समय वह बालिग थी। अपील लंबित रहने के दौरान युवती ने भी अदालत में उपस्थित होकर कहा कि वह अपनी इच्छा से आरोपी के साथ गई थी और उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहती।

# दिल्ली में कूड़े के पहाड़ खत्म करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिया आश्वासन, पंखा रोड की दुर्गति और पुरानी अनदेखी पर प्रहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रदेश की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को जनकपुरी में पश्चिमी जोन के छह वार्डों के लिए 'घर-घर कूड़ा संग्रहण योजना' का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राजधानी में वेस्ट मैनेजमेंट को आधुनिक बनाने और कूड़े के पहाड़ों को पूरी तरह समाप्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी शहर की सुंदरता का सबसे बड़ा पैमाना स्वच्छता होती है।

दिल्ली सरकार इस बात को बखूबी समझती है। तभी दिल्ली सरकार ने नगर निगम को स्वच्छता व्यवस्था में आधुनिकता लाने और मैकेनिकल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए 2,300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त फंड जारी किया, ताकि संसाधन के स्तर पर कोई कमी नहीं रहे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री स्वयं समय-समय पर दिल्ली की स्वच्छता और वेस्ट मैनेजमेंट मानिटरिंग करते हैं। पूरी दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को पारदर्शी और आधुनिक बनाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं। घर घर कूड़ा संग्रहण योजना का जहां शुभारंभ किया गया, वह आयोजन स्थल पंखा रोड पर है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने पश्चिमी दिल्ली की प्रमुख सड़क मानी जाने वाली पंखा रोड का जिक्र करते हुए कहा कि वर्षों से हम सभी ने पंखा रोड की दुर्गति देखी है। यह पश्चिमी दिल्ली की लाइफलाइन है, लेकिन कूड़े के अंबार के कारण यहां का हाल बेहाल था।

पूर्ववर्ती सरकार और पूर्व विधायक ने इस गंभीर समस्या की पूरी तरह अनदेखी की। लेकिन अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद ऐसा नहीं होगा। बदलाव नजर आ रहा है, जो अच्छी बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंखा रोड की सफाई तो अब बेहतर बनेगी ही, अब पंखा रोड के सेंट्रल वर्ज को भी बेहतर बनाया जाए, इसके लिए जितने भी



फंड की जरुरत है, वह सरकार उपलब्ध कराएगी। निगम पार्षदों की पुरानी शिकायतों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पार्षदों का अक्सर यह रोना रहता था कि टिप्पर नहीं हैं या फंड की कमी है, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। पर्याप्त संसाधन दिए जाने के बाद अब दिल्ली के कूड़ाघर भी सुंदर नजर आने लगे हैं। जो व्यवस्था जनकपुरी व राजौरी गार्डन में बनाई गई है, उसे पूरी दिल्ली में लागू किया जाएगा। कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने का मास्टरप्लान दिल्ली में दैनिक कचरे के निपटान के आंकड़े साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा स्थिति के तहत दिल्ली में रोजाना लगभग 14,000 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है, जिसमें से पहले केवल 6,000 मीट्रिक टन ही प्रोसेस हो पाता था। इस अंतर को खत्म करने के लिए गाजीपुर और भलस्वा जैसे कूड़े के पहाड़ों पर अतिरिक्त प्रोसेसिंग मशीनें लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जिस दिन दिल्ली में 15,000 मीट्रिक टन क्षमता वाले ''वेस्ट-टू-एनर्जी'' प्लांट पूरी तरह कार्यरत हो जाएंगे, उसी दिन से नए कूड़े के पहाड़ खड़े होना बंद हो जाएंगे। इस प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के लिए जरुरी ई वाहनों के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, महापौर प्रवेश वाही, निगम आयुक्त संजीव खिरवार, जोन चेयरमैन हरीश ओबेराय, निगम पार्षद उर्मिला चावला, उपायुक्त कर्नल विनोद अत्री सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

## भारत ने यूएन में लगाई पाकिस्तान को लताड़

# पीओके में कश्मीरियों के दमन की गवाह है पूरी दुनिया

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने पाकिस्तान के कश्मीर मुद्दा उठाने पर कड़ा जवाब दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भ्रामक प्रचार करने के बजाय अपने देश और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हो रहे दमन पर ध्यान देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 'विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के तंत्र को मजबूत करने' विषय पर आयोजित खुली बहस में भारत का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में हालिया घटनाक्रम पाकिस्तान की वास्तविकता को उजागर करते हैं। '



**भारत ने पाकिस्तान को जमकर सुनाया:** राजदूत पी. हरीश ने आगे कहा, 'पूरी दुनिया पीओके में कश्मीरियों के बुनियादी अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संगठन बनाने की आजादी के लगातार दमन की गवाह है। यह कोई अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि करीब आठ दशकों से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अपनाई जा रही एक व्यापक नीति का हिस्सा हैं। यही स्थिति पाकिस्तान के अन्य क्षेत्रों में भी देखने को मिलती है।' उन्होंने पाकिस्तान की आंतरिक राजनीतिक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लोकतांत्रिक संस्थाएं लगातार कमजोर हुई हैं। उन्होंने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं की गिरफ्तारी, मुख्य विपक्षी दल को चुनावी प्रक्रिया से बाहर करना, 27वें संविधान संशोधन के जरिए सेना का संवैधानिक हस्तक्षेप और ऐसे अन्य कदमों ने लोकतंत्र की बची-खुची व्यवस्था को भी कमजोर कर दिया है। 'जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा : स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की ओर से कश्मीर मुद्दा उठाने को वैश्विक मंच का दुरुपयोग बताया। उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। यह भारत की संवैधानिक और कानूनी वास्तविकता है, जिसे पाकिस्तान जानबूझकर नजरअंदाज करता है।' उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के संबंध में एकमात्र लंबित मुद्दा भारत के संप्रभु क्षेत्र पर पाकिस्तान का खुला आक्रमण और उसका अवैध कब्जा है। '

### भ्रामक प्रचार बंद करे पाकिस्तान: पी. हरीश

भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, 'पाकिस्तान को चाहिए कि वह धार्मिक भावनाओं का सहारा लेकर झूठा प्रचार करने और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को गुमराह करने के बजाय अपने देश की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान दे।' भारत ने यह भी कहा कि अन्य देशों में इस तरह की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र तीखी प्रतिक्रिया देता है, लेकिन पाकिस्तान में हो रहे ऐसे दमन पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता, जितना दिया जाना चाहिए।

## अमेरिका ने फिर फोड़ा टैरिफ बम

# भारत समेत 17 देशों पर लगाया 10 फीसदी शुल्क, क्या पाकिस्तान का नाम भी है शामिल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने जबरन श्रम से बने उत्पादों के आयात पर कार्रवाई करते हुए भारत सहित 17 देशों से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने शुक्रवार को 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 301 के तहत 60 देशों पर नए शुल्क की घोषणा की। यह फैसला सभी देशों पर लगाए गए अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क की अवधि समाप्त होने से एक दिन पहले लिया गया।



यूएसटीआर के बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर जैमीसन ग्रीर ने उन 60 अर्थव्यवस्थाओं पर अंतिम कार्रवाई की है, जिन्होंने जबरन श्रम से बने उत्पादों के आयात पर प्रभावी रोक लगाने और उसे लागू करने में विफलता दिखाई है। ग्रीर ने कहा, 'यह कदम मानवाधिकारों के उल्लंघन और व्यापार में पैदा हुई विकृतियों को दूर करने की दिशा में है, ताकि दुनिया भर के श्रमिकों के हितों की रक्षा की जा सके। ' 10 प्रतिशत शुल्क भारत, कनाडा, ब्रिटेन, बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत 17 देशों पर लागू होगा। इससे पहले प्रस्तावित सूची में भारत को 12.5 प्रतिशत शुल्क वाले देशों की श्रेणी में रखा गया था। इस संबंध में जारी संघीय नोट में कहा गया कि जून में प्रस्तावित शुल्क की घोषणा के बाद भारत ने जबरन श्रम से बने उत्पादों के आयात पर रोक लगाने का फैसला किया। 14 जून को भारत ने अपनी विदेश व्यापार नीति में संशोधन कर जबरन श्रम से तैयार वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। ट्रंप प्रशासन ने ये दोनों जांच उस समय शुरू की थीं, जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में पिछले वर्ष लगाए गए 'पारस्परिक शुल्क (रिसिप्रोकल टैरिफ)' को आपातकालीन शक्तियों के तहत अवैध करार दिया था। इसके बाद प्रशासन ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था, जिसकी अवधि शुक्रवार को समाप्त हो रही है। भारत ने यूएसटीआर की दोनों जांचों पर आपत्ति जताई है और कहा है कि इन मुद्दों पर दोनों देशों के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ता के दौरान चर्चा की जा सकती है। अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और भारतीय निर्यात का सबसे बड़ा बाजार है। वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 141 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

# होर्मुज पर जंग तेज: अमेरिका का ईरान पर लगातार 13वीं रात हमला, तेल 100 डॉलर के पार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** होर्मुज को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य टकराव लगातार गहराता जा रहा है। अमेरिकी सेना ने गुरुवार को ईरान पर लगातार 13वीं रात हमले किए। वहीं, यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने लाल सागर में सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इन घटनाओं ने पूरे पश्चिम एशिया में संघर्ष के और फैलने की आशंका बढ़ा दी है। इसका असर वैश्विक बाजार पर भी दिखा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई।

**आखिर अमेरिका ने नए हमले क्यों किए:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि ताजा हमलों का उद्देश्य ईरान की उस क्षमता को कमजोर करना है, जिसके जरिए वह क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों और आम नाविकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। अमेरिका का कहना है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय नौवहन को सुरक्षित और सामान्य बनाने की कोशिश कर रहा है। ईरान में कहां-कहां हुए धमाके अमेरिकी हमलों के कुछ ही समय बाद ईरान के सरकारी मीडिया ने बंदर अब्बास और केशम द्वीप के पास, जो



होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित हैं, धमाकों की जानकारी दी। इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों एंडिमेश्क और ओमिदियेह के आसपास भी विस्फोटों की खबर सामने आई। हालांकि, इन धमाकों से हुए नुकसान की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

**हूती विद्रोहियों की नई चेतावनी कितनी गंभीर है:** इस बीच हूती विद्रोहियों ने एक और महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्ग को बाधित करने की धमकी दी है। पहले ही ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किए जाने से वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो चुकी है। सामान्य परिस्थितियों में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। ऐसे में कई देश अब वैकल्पिक शिपिंग रूट तलाशने में जुट गए हैं।

**ट्रंप ने ईरान और हूतियों को क्या चेतावनी दी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा कि यदि जहाजों पर हमले जारी रहे तो हूती विद्रोहियों को 'कड़ी सैन्य सजा' दी जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि भविष्य में ऐसे हमले दोबारा हुए तो अमेरिका इसके लिए सीधे ईरान को जिम्मेदार मानेगा, क्योंकि हूती संगठन ईरान के समर्थन से काम करता है। ट्रंप ने कहा कि ईरान और हूतियों–दोनों को इसका गंभीर सैन्य परिणाम भुगतना पड़ेगा।

**तेल बाजार पर कितना पड़ा असर:** लगातार बढ़ते तनाव का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार पर देखने को मिला। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत गुरुवार को छह प्रतिशत से अधिक उछलकर लगभग 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। यह मई में हुए अस्थायी शांति समझौते के बाद का सबसे ऊंचा स्तर माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहा तो वैश्विक महंगाई और ऊर्जा संकट और गहरा सकता है।

**क्या कूटनीति से टल सकता है बड़ा युद्ध:** इराक के प्रधानमंत्री अली अल-जैदी, जिनके अमेरिका और ईरान दोनों से करीबी संबंध हैं, गुरुवार को तेहरान पहुंचे और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की। उनके कार्यालय ने कहा कि इराक अपनी जमीन का इस्तेमाल ईरान पर किसी भी सैन्य हमले के लिए नहीं होने देगा। दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद में चेतावनी देते हुए कहा कि पूरा क्षेत्र तेजी से व्यापक संघर्ष की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट का एकमात्र समाधान कूटनीति और संवाद है तथा पाकिस्तान समेत सभी मध्यस्थ देशों के प्रयासों को मजबूत किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### तेनुघाट डैम का तीन रेडियल गेट खोला गया, ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की हिदायत

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट डैम का तीन रेडियल गेट और एक अंडर सुलिस गेट खोला गया है जिसमें 9970/282.32 क़्यूषेक प्रति सेकेण्ड के हिसाब से पानी को दामोदर नदी में बहाया जा रहा है। तेनुघाट बांध प्रमंडल द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि डैम में पानी रखने की क्षमता 852 फीट है। जिसे खतरे के निशान माना जाता है। अभी वर्तमान



में डैम में 850. 05 फीट पानी है वही जल संचयन की कुल क्षमता 42013 हेक्टर मीटर है जबकि वर्तमान स्थिति में अभी जीवित जल संचय 25807 हेक्टर मीटर है। वहीं नदी में वर्तमान समय में मानसून को देखते हुऐ 9970/282.32 क्यूसेक/क्यूबिक मी पर सेकेण्ड से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं बताते चले की इस डैम की ग्रॉस स्टोरेज 852 फीट अर्थात 44526 हेक्टर मीटर क्षमता है। वहीं डैम से पानी छोड़े जाने के क्रम में नदी के आस पास रहने वाले ग्रामीण को हिदायत दी गई है की नदी की ओर न तो खुद जाएं और न ही अपने बच्चों और अपने मावेसियों को भी न जाने दे साथ ही खुद सतर्क रहे और दुसरो को भी सतर्क रखे।

### सिलनक्स्ट इंफ्राकॉन ने पर्वतपुर में ग्रीन बिल्डिंग सेंटर यूनिट का किया शुभारंभ

**चन्दनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी में सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में सिलनक्स्ट इंफ्राकॉन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पर्वतपुर, चंदनकियारी में अपने ग्रीन बिल्डिंग सेंटर यूनिट-क्कका भव्य शुभारंभ किया। अदानी सीमेंट के सहयोग से स्थापित



यह केंद्र चंदनकियारी सहित आसपास के क्षेत्रों में आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण तथा टिकाऊ निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य करेगा। इस उद्घाटन समारोह में उद्योग जगत के कई दिग्गज और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। लेस्ली डी सूजा हेड झ्र ग्रीन बिल्डिंग सेंटर बिजनेस, अदानी सीमेंट, पुष्पा राज (प्लांट मैनेजर, अदानी सीमेंट, सिंदरी, निशीथ सक्सेना (प्रोजेक्ट मैनेजर, अदानी सीमेंट) इनके अलावा उद्योग जगत के प्रतिनिधि, डीलर, इंजीनियर, ठेकेदार, स्थानीय उद्यमी एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रीन बिल्डिंग सेंटर केवल व्यवसाय का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय उद्यमिता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने का एक प्रभावी मॉडल है। यह केंद्र चंदनकियारी क्षेत्र में हरित एवं टिकाऊ निर्माण संस्कृति को नई दिशा देगा। समारोह को संबोधित करते हुए सिलनक्स्ट इंफ्राकॉन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनीन्द्रनाथ सिल ने कहा कि सिंदरी से धनबाद क्षेत्र की सेवा के बाद अब पर्वतपुर से चंदनकियारी क्षेत्र की सेवा का नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है। यह परियोजना क्षेत्रीय विकास, रोजगार सृजन और समाज के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आगे बताएं कि हर ईंट एक सपना लेकर आती है, और हर सपने को समाज के आशीर्वाद की आवश्यकता होती है। हम केवल ईंटें नहीं बना रहे, बल्कि विश्वास, अवसर और विकास की मजबूत नींव रख रहे हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने ग्राहकों, कर्मचारियों, सहयोगियों, बैंकिंग संस्थानों, व्यापारिक भागीदारों और पूरे समाज के अटूट विश्वास को दिया।

### एसआईआर -2026 : हेल्पलाइन पर जानकारी लें, गणना प्रपत्र भरने में पाएं सभी सहायता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आईआर)-2026 के तहत मतदाताओं की सुविधा के लिए 247 हेल्पलाइन नंबर 9264441992, 8292666522 एवं 7033305034 जारी किए गए हैं। इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर मतदाता गणना प्रपत्र भरने में आने वाली किसी भी प्रकार की कठिनाई का समाधान प्राप्त कर सकते हैं तथा एसआईआर 2026 से संबंधित आवश्यक जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन समाहरणालय, बोकारो स्टील सिटी (कैम्प-2) के द्वितीय तल्ले स्थित निर्वाचन शाखा से संचालित की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे, चाहे देश के किसी भी हिस्से में रह रहे हों, एसआईआर-2026 की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें तथा अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जमा करें। उन्होंने बताया कि मतदाता अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन भी https://voters.eci.gov.in पोर्टल पर जाकर भर सकते हैं। डीईओ सह डीसी ने कहा कि इस हेल्पलाइन व्यवस्था का उद्देश्य मतदाताओं को घर बैठे आवश्यक मार्ग दर्शन उपलब्ध कराना तथा निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और सुगम बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस विशेष अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अपने परिवार के सभी पात्र मतदाताओं का विवरण सही एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराएं।

# बोकारो में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा का सफल आयोजन









**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा (वापसी यात्रा) अपार श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षाल्लास के साथ संपन्न हुई. इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भ्राता बलभद्र की पवित्र देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाकर सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया. यात्रा शुरू होने से पहले, परंपरा निभाते हुए अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ने रथ की सफाई की रस्म (छेरा-पन्हारा) पूरी निष्ठा से संपन्न की. इस कार्यक्रम में बोकारो महिला समिति की सदस्याएं, अन्य गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से यह वापसी यात्रा जनवृत्त-1 स्थित राम मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई. पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव से रथ खींचकर पुण्य के भागी बने. बाहुड़ा-यात्रा राम मंदिर से प्रारंभ होकर पत्थरकट्टा चौक, गांधी चौक (सिटी सेंटर) तथा बोकारो जनरल अस्पताल मार्ग से होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची. यात्रा के दौरान मार्ग में स्वयंसेवी संस्थाओं, बोकारो महिला समिति एवं नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल तथा शीतल शरबत की उत्तम व्यवस्था की गई. यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा शहर के सांस्कृतिक एवं सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ करने तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम है. इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव नगरवासियों में आपसी सौहार्द, एकता और सेवा भावना का संचार करते हैं.

## ग्रामीण आजीविका मिशन की रीढ़ हैं जेएसएलपीएस कैडर : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत कार्यरत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के कैडरों के साथ बैठक कर उनकी मानदेय भुगतान से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि कैडरों के मानदेय भुगतान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना





चाहिए तथा पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), जेएसएलपीएस से मानदेय भुगतान की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। डीपीएम अनिल डुंगडुंग ने बताया कि मानदेय भुगतान की प्रक्रिया एसएनए-स्पर्श प्रणाली के माध्यम से प्रारंभ की गई है। जिला स्तर से सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं तथा 17 जुलाई को राज्य स्तर से भी अग्रसारित हो गया है एवं वर्तमान में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के स्तर पर भुगतान संबंधी कार्रवाई प्रगति पर है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि राज्य स्तर से लगातार समन्वय स्थापित करते हुए अगले 48 घंटे के भीतर ग्रामीण विकास मंत्रालय से आवश्यक कार्रवाई आगे बढ़ाई जाए, ताकि भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। मानदेय भुगतान में हो रहे विलंब की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के अकाउंटेंट को विस्तृत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के दायित्व और समय-सीमा स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाए, ताकि भविष्य में बिना किसी कारण के भुगतान में देरी नहीं हो। उपायुक्त ने कैडरों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने पीएफएमएस मैपिंग की प्रगति की भी समीक्षा की तथा संबंधित अकाउंटेंट से अद्यतन जानकारी प्राप्त की। साथ ही, भुगतान प्रक्रिया की नियमित निगरानी एवं समन्वय के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर निर्धारित समय-सीमा के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कैडरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी का मानदेय समय पर मिले, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के स्तर पर तकनीकी कारणों से भुगतान में विलंब हुआ है, जिसे शीघ्र दूर कर लिया जाएगा। अगले एक माह के भीतर पूरी प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित कर दिया जाएगा, जिससे भविष्य में समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने कहा कि जेएसएलपीएस कैडर ग्रामीण आजीविका मिशन की रीढ़ हैं। ग्रामीण विकास योजनाओं को धरातल पर सफल बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कैडरों से पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) जेएसएलपीएस अनिल डुंगडुंग, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस के कैडर उपस्थित थे।

## चास शहर की समस्याओं के समाधान हेतु बोकारो चैंबर ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में चास नगर निगम के नगर आयुक्त संजीव कुमार से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चास शहरी क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। चैंबर के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि बरसात का मौसम प्रारंभ होने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। डेंगू एवं अन्य संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए पूरे शहर में नियमित रूप से फॉगिंग कराई जानी चाहिए। चैंबर के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि मुख्य सड़कों के किनारे बनी नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव कराया जाए। उन्होंने बताया कि गुजरात कॉलोनी की नाली बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त होकर उखड़ गई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसका निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना आवश्यक है। इसके अलावा चास शहर के कई मोहल्लों की नालियां पूरी तरह जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनका नए सिरे से निर्माण कराया जाना चाहिए। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए आश्वस्त किया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम द्वारा शीघ्र ही आवश्यक एवं सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में विनय सिंह, सिद्धार्थ पारीख, किशन रिटोलिया, राजीव कुमार सहित चैंबर के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्ष आदित्य आनंद के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक पर छात्रों पर हुए कथित बर्बर लाठीचार्ज तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ हुए अभद्र व्यवहार के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस, जिला कांग्रेस कमेटी तथा विभिन्न मंच-मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की शिक्षा नीति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई तथा युवाओं और छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर जोरदार नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। जिलाध्यक्ष आदित्य आनंद ने कहा की नरेंद्र मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। देश का युवा, किसान, महिलाएं और छात्र-छात्राएं बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई तथा शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से परेशान हैं, लेकिन केंद्र सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी हुई है। युवा कांग्रेस युवाओं के अधिकारों और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए अपना संघर्ष लगातार जारी रखेगी। अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की वर्तमान स्थिति के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नवनीत नीरज ने कहा, की देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं और शिक्षा व्यवस्था अव्यवस्थित होती जा रही है। केंद्र सरकार युवाओं की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है। कांग्रेस पार्टी युवाओं, छात्रों और आम जनता के हितों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ती रहेगी तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदन महतो,मनोज यादव योगेंद्र सिंह योगी,मीडिया चेयरमैन सह जिला प्रवक्ता पप्पू कुमार तिवारी, इत्यादि सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे!

## डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने पर जोर, रविवार तक शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने वीडियो संवाद के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) से विधानसभावार डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की क्रमवार जानकारी ली। समीक्षा के दौरान डीईओ सह डीसी ने सभी ईआरओ एवं एईआरओ को निर्देश दिया कि डिजिटाइजेशन का कार्य पूरी गंभीरता एवं गति के साथ करते हुए रविवार तक शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समय-सीमा का हर हाल में पालन किया जाए तथा कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं हो। डीईओ सह डीसी ने अधिकारियों को आगे की कार्ययोजना अभी से तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि डिजिटाइजेशन के साथ-साथ सत्यापन कार्य पर भी विशेष ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि एसआईआर-2026 का पूरा अभियान निर्धारित समय के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## छात्राओं के सशक्तिकरण की पहल, अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**रामरुद्र उच्च विद्यालय, चास में आयोजित हुआ छात्रा सशक्तिकरण एवं जागरूकता शिविर, लगभग 200 छात्राओं ने लिया भाग**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को रामरुद्र उच्च विद्यालय, चास में छात्रा सशक्तिकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना था। शिविर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की लगभग 200 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों, बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता, महिला अधिकारों एवं सामाजिक सहभागिता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही साइबर सुरक्षा विषय पर ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराधों से बचाव तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने के उपाय बताए। शिविर के दौरान छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई, ताकि वे स्वयं एवं अपने परिवार को इन योजनाओं का लाभ दिला सकें। छात्राओं की प्रतिभा एवं बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्विज, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला स्तर से मधु सिंह (एलएस), संध्या कुमार (एलएस), सुनीता कुमारी, अजीत कुमार, अमर कुमार (सीआरए, एवीए) उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से शिक्षिका धर्मशीला सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग किया। सभी वक्ताओं ने छात्राओं से शिक्षा को जीवन का आधार बनाते हुए आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# चंद मिनटों में हुआ समाधान, जीरा देवी के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**हम आपको सुनते हैं लोक संवाद में विभिन्न विभागों के 33 मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद) कार्यक्रम एक बार फिर आमजन की उम्मीदों का मंच बना। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान खाद्य आपूर्ति, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि, पेंशन, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 33 आवेदनों पर सुनवाई की गई। सभी मामलों में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान चास प्रखंड के तेलडीह निवासी श्रीमती जीरा देवी ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति के निधन के बाद परिवार आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। उनके राशन कार्ड में केवल दिवंगत पति का नाम दर्ज है, जिसके कारण उन्हें राशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राशन कार्ड में अपना नाम जोड़ने की अपील की। महिला की समस्या सुनते ही उपायुक्त ने तत्काल जिला आपूर्ति पदाधिकारी को राशन कार्ड में नाम जोड़ने की प्रक्रिया करने का निर्देश दिया। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया कि जब तक राशन कार्ड में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक परिवार को आकस्मिक खाद्यान्न योजना के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए, ताकि परिवार को किसी भी परिस्थिति में राशन के लिए परेशान नहीं होना पड़े। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जीरा देवी को सरकार की पात्रता आधारित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर आच्छादित किया जाए, जिससे उन्हें आवश्यक सरकारी सहायता समय पर मिल सके। कार्यक्रम में प्राप्त अन्य आवेदनों पर भी उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद)' का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और मानवीय समाधान सुनिश्चित करना है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, डीपीआरओ रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत हेमलता बून, एडीएसएस सुचिता किरण, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, डीडीएमओ, शक्ति कुमार, जेएएस प्रोवेशनर पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## रॉयल्टी विवाद को लेकर धनबाद जिला संवेदक संघ पहुंचा हाईकोर्ट



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रॉयल्टी चालान के नए नियम के कारण भुगतान रुकने से नाराज धनबाद जिला संवेदक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने आज झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। संघ ने सामूहिक जनहित याचिका दायर कर पुराने इकरारनामे के अनुसार ही रॉयल्टी लेने की मांग की है। धनबाद जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि राज्यपाल के प्रतिनिधि के रूप में कार्यपालक अभियंता संवेदकों से इकरारनामा करते हैं। यदि उस इकरारनामे में अंकित रॉयल्टी की व्यवस्था को ही झुठला दिया जाएगा तो फिर अनुबंध का क्या मतलब रह जाएगा। उन्होंने कहा कि इकरारनामे में रॉयल्टी को लेकर जो व्यवस्था पहले से अंकित है, उसी के आधार पर संवेदकों ने सभी साइटों पर सामग्री गिराई है। अब अचानक पुरानी सामग्रियों का रॉयल्टी चालान मांगना सरासर अन्याय है।_"पुरानी सामग्रियों का रॉयल्टी चालान हम कहां से लाएंगे। यह संवेदकों के साथ अन्याय है। वरिष्ठ संवेदक राजेश सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव भी खुद स्वीकार कर चुके हैं कि बहुत सी सामग्रियों का चालान उपलब्ध ही नहीं है। ऐसे में विकास कार्य रोकने के लिए बेतुका नियम क्यों बनाया जा रहा है। इससे न सिर्फ सरकारी योजनाएं प्रभावित हो रही हैं बल्कि सैकड़ों मजदूरों का रोजगार भी खतरे में है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com